www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-153 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए





'मन की बात' के उलट भारत जोड़ो यात्रा बेहद परिवर्तनकारी ... 02
■ जी 20: विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए दिल्ली तैयार
■ पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वेलनैस ने किया अपना विस्तार 03
■ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाषण नहीं देंगे पुतिन...
■ चीन में भारी बारिश के मद्देनजर येलो अलर्ट जारी 07
भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों... 10

## सार संक्षेप

### टीएमसी ने पुलिस से धरना देने की मांगी अनुमति



**दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) ने दिल्ली पुलिस से दो-तीन अक्टूबर को कृषि भवन परिसर में राज्य के उन श्रमिकों को शामिल करने के लिए धरना आयोजित करने की अनुमति मांगी है, जिन्हें कथित तौर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) 2005 योजना के तहत मजदूरी से वंचित कर दिया गया है। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने इस बारे में दिल्ली पुलिस को पत्र लिखा था।

### जम्मू में आयोजित किया जाएगा पहला 'एयर शो'



**श्रीनगर।** वायु सेना (आईएएफ) के लड़ाकू विमान जम्मू में पहली बार 'एयर शो' में पश्चिमी सीमाओं के करीब आसमान में अपना करतब दिखाएंगे। जम्मू में शुरू 21 सितंबर को आयोजित होने वाला पहला एयर-शो है, जो भारतीय वायुसेना द्वारा आठ अक्टूबर, 2023 को अपनी 91वीं वर्षगांठ के हिस्से के रूप में मनाएगा। इस दौरान सुखोई, राफेल जैसे लड़ाकू विमान और अपाचे जैसे युद्ध-हेलीकॉप्टर अपना करतब दिखाते नजर आएंगे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते ने भाजपा छोड़ी



**कोलकाता।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते एवं भारतीय जनता पार्टी नेता चंद्र कुमार बोस ने पार्टी नेतृत्व की ओर से कथित रूप से नजरअंदाज किए जाने के कारण पार्टी छोड़ दी है और दावा किया है कि संगठन सही दिशा में नहीं जा रहा है। श्री बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे और 2020 में उन्हें हटा दिया गया था।

### त्रिपुरा उपचुनाव में मतगणना का बहिष्कार करेगी माकपा



**अगरतला।** माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा धनपुर और बॉक्सनगर की दो विधानसभा सीटों पर मंगलवार को हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के समर्थकों और गुंडों पर बड़े पैमाने पर धांधली व अनियमितता करने और इससे निपटने में चुनाव आयोग की निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को वोटों की गिनती का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

### दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में 5 लोगों की मौत


**राजकोट (गुजरात)।** गुजरात के राजकोट शहर के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में कम से कम पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना बुधवार रात सरदार-भूपगढ़ रोड पर हुई।

---

#### मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ दिल्ली पहुंचे

# जी-20 सम्मेलन के लिए मेहमानों का आना शुरू

### जुगनौथ ने सम्मेलन की थीम को सराहा, वन अर्थ, वन फैमिली एंड वन फ्यूचर सबसे बेहतर





**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट के लिए विदेशी मेहमानों का आना गुरुवार को शुरू हो गया है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ सम्मेलन के लिए पहुंच गए हैं। उन्होंने सम्मेलन की थीम- वन अर्थ, वन फैमिली एंड वन फ्यूचर के लिए कहा कि मुझे लगता है कि इससे बेहतर थीम हो ही नहीं सकती थी जिसे भारत ने चुना है। इसे संस्कृत के 'वसुधैव कुटुंबक' से लिया गया है। जुगनौथ ने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हैं तो यह और भी प्रासंगिक है। क्योंकि एक देश जो करता है, उसका असर न केवल उस देश पर बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए, हमें सामूहिक रूप से यह दिखाना होगा और हमें सामूहिक रूप से इस पर काम करना होगा। हम में से हरेक का कर्तव्य है कि हम ग्रह को बचाएं और पूरी आबादी को बचाएं।

**दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाई गई**

जी20 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मार्च कर रही है, गश्त और चेकिंग बढ़ा रही है। यह जानकारी गुरुवार को एक अधिकारी ने दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, शहर के हर जिले में रोजाना फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

**1.5 लाख जवान तैनात किए गए**

देश की राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितम्बर को जी-20 सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। सम्मेलन में विश्व नेताओं की सुरक्षा के लिए देशभर के 1.5 लाख जवान तैनात किए गए हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस के जवान राजघाट इलाके में ट्रैक्टर से गश्त कर रहे हैं।

### 10000 फीट ऊंचाई पर लहराया जी-20 का झंडा



भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर गजेंद्र ने गुरुवार को 10000 फीट से स्काई डाइविंग करते हुए जी-20 का झंडा फहराया। वीडियो के बैकग्राउंड में बॉलीवुड की फिल्म 83 का सॉन्ग 'लहरादो' गाना बज रहा थी ।

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन आज पहुंचेंगे



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 8 सितंबर को 3 दिन के दौरे पर भारत आ रहे हैं। ये राष्ट्रपति बनने के बाद उनका पहला भारत दौरा होगा। वो शाम को एयरफोर्स-1 से दिल्ली पहुंचेंगे। 8 सितंबर को बाइडेन प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। पहले व्हाइट हाउस ने बताया था कि वो 7 सितंबर से दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। अब व्हाइट हाउस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि वो अमेरिका से जर्मनी के रैम्स्टीन शहर जाएंगे। बाइडेन को दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में ठहराया जाएगा। बाइडेन की सुरक्षा के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की टीम 3 दिन पहले ही भारत पहुंच चुकी है। बाइडेन सीक्रेट सर्विस के 300 कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। दिल्ली की सड़कों पर निकलने वाला सबसे बड़ा काफिला भी उनका ही होगा, जिसमें 55-60 गाड़ियां शामिल होंगी।



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की देश भर में रही धूम

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव गुरुवार को देश भर में धूमधाम और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देश के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालु अलग-अलग तरह से इस इस त्योहार को मना रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में यह त्योहार विशेष तैयारियों के साथ मनाया गया। यहां श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में भगवत भवन और लीला मंच पर कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में भक्त भाव-विभोर होकर थिरकते नजर आए। राष्ट्रीय राजधानी में जन्माष्टमी के मौके पर लक्ष्मी नारायण मंदिर, ईस्ट आफ कैलाश, पंजाबी बाग, रोहिणी और द्वारका स्थित इस्कॉन मंदिर, बद्री भगत झंडेवाला मंदिर, छतरपुर मंदिर, प्रीत विहार स्थित गुफा वाले मंदिर, आसफअली रोड स्थित श्रीराम हुनमान वाटिका मंदिर के अलावा अन्य मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया।

---

#### कांग्रेस ने मनाई 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ

## नफरत के बाजार में खुल रही मोहब्बत की दुकानें : राहुल



**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि आज उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ है और तब से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें लगातार खुल रही हैं। श्री गांधी ने एक्स पर लिख, 'भारत जोड़ो यात्रा' का एक साल। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खुल रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा के एकता और मोहब्बत की ओर करोड़ों कदम, देश के बेहतर कल की बुनियाद बने हैं। यात्रा जारी है-नफरत मिटने तक, भारत जुड़ने तक। ये वादा है मेरा।' इसके साथ ही उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा पर एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें भारत जोड़ो यात्रा की झांकियां प्रदर्शित की गई है।

**कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने दी बधाई**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री गांधी को इस यात्रा के लिए बधाई दी और कहा 'भारत जोड़ो यात्रा' के एक वर्ष पूरे होने पर, मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, सभी भारत यात्रियों और हमारे लाखों नागरिकों को बधाई देता हूं जो इस यात्रा में शामिल हुए।' उनके इस प्रयास से कांग्रेस को जबरदस्त मजबूती मिली है।

### अलग-अलग रूपों में यात्रा आज भी जारी : जयराम

**नई दिल्ली।** पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी। यह यात्रा बढ़ती आर्थिक असमानता, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक तानाशाही जैसे विषयों पर केंद्रित थी। राहुल गांधी ने यात्रा के दौरान अपने मन की बात नहीं की बल्कि इस अवसर का इस्तेमाल जनता की चिंता को सुनने के लिए किया। यह यात्रा अलग-अलग रूपों में आज भी जारी है।

#### 20वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन

## भारत ने सहयोग बढ़ाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव दिया



■ **आर्थिक गलियारे की स्थापना करने पर दिया जोर**

**जकार्ता,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने आसियान के साथ अपने सहयोग एवं समग्र रणनीतिक साझीदारी को मजबूत बनाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है जिसमें कनेक्टिविटी, डिजिटल परावर्तन, व्यापार और आर्थिक जुड़ाव, समकालीन चुनौतियों का समाधान, लोगों के बीच संपर्क और रणनीतिक जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां जकार्ता में 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में, प्रधान मंत्री ने आसियान-भारत समग्र रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने और इसके भविष्य के रोडमैप को तैयार करने पर आसियान भागीदारों के साथ व्यापक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में आसियान की केंद्रीयता की पुष्टि की और भारत के हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल (आईपीओआई) और हिन्द प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला। उन्होंने आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**आसियान-भारत कोष स्थापित करने की घोषणा**

प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल परावर्तन एवं वित्तीय कनेक्टिविटी में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजिटल भविष्य के लिए आसियान-भारत कोष स्थापित करने की घोषणा की। इसी प्रकार से 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने इस मंच के महत्व को दोहराया तथा इसे और मजबूत करने के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की।

### चीन की विस्तारवादी नीतियों पर भारत का प्रहार

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आह्वान किया कि दक्षिण चीन सागर में समुद्री कानूनों पर संयुक्त राष्ट्र की संधि (यूएनसीएलओएस) पर आधारित आचार संहिता अमल में लायी जाए तथा इस बात पर जोर दिया कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह अनुपालन करते हुए सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता को सुदृढ़ करने के लिए सबकी प्रतिबद्धता और साझा प्रयास सुनिश्चित किये जाएं। श्री मोदी ने आज यहां 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में चीन की विस्तारवादी नीतियों को खारिज कर दिया और उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति जवाबदेह बनने की नसीहत दी।

---




■ **इसरो ने सोशल मीडिया पर अपलोड की तस्वीरें**

■ **अंतरिक्ष यान की दो बार बढ़ाई गई है कक्षा**

**चेन्नई,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान ने पृथ्वी और चंद्रमा की सेल्फी और तस्वीरें ली हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु (एल1) के लिए निर्धारित आदित्य-एल1 ने एक सेल्फी ली है और साथ ही पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें भी ली हैं।

इसरो ने तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपलोड की हैं। भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला, आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान -एक्सएल (पीएसएलवी-एक्सएल) संस्करण नामक एक भारतीय रॉकेट द्वारा निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में कक्षा में स्थापित किया गया था। तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा दो बार बढ़ाई गई है। जैसे ही अंतरिक्ष यान लैग्रेंज पॉइंट की ओर यात्रा करेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकल जाएगा।

**एल1 तक की यात्रा में चार महीने लगेंगे**

एसओआई से बाहर निकलने के बाद, क्रूज चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल 1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा] वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान किसी भी ग्रह की ओर गुरुत्वाकर्षण नहीं करेगा। लॉन्च से एल1 तक की कुल यात्रा में आदित्य-एल1 को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 1.5 मिलियन किमी होगी।

#### मणिपुर मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

## कुकी परिवारों को 'जबरन स्थानांतरित' करने का है मामला



**इम्फाल,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर मानवाधिकार आयोग (एमएचआरसी) ने कथित तौर पर राज्य अधिकारियों द्वारा इम्फाल से कुकी परिवारों को हाल ही में जबरन स्थानांतरित किए जाने के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। आयोग के सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति उत्पलेंदु बिकास साहा और सदस्य के.के. सिंह ने हालिया मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। आयोग ने मुख्य सचिव, आयुक्त (गृह), पुलिस महानिदेशक और इम्फाल पूर्वी जिले के पुलिस अधीक्षक को नोटिस भेजकर मीडिया रिपोर्ट में विस्तृत विवरण के संबंध में एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एमएचआरसी के आदेश में कहा गया है, प्रतिवादी 3 अक्टूबर को या उससे पहले स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मणिपुर सरकार के आयुक्त (गृह) उन कुकी परिवारों के घरों की सुरक्षा के लिए डीजीपी को निर्देश देंगे जिन्हें कथित तौर पर इम्फाल घाटी से जबरन स्थानांतरित कर दिया गया है।

### सफदरजंग अस्पताल में मरीज ने डॉक्टर पर किया हमला

■ **हत्या के प्रयास का मामला दर्ज**

**नई दिल्ली,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिणी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में एक डॉक्टर पर एक मरीज ने हमला कर दिया। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ता डॉ. राहुल कलेना (26) अस्पताल के ऑर्थोपेडिक विभाग में पीजी तृतीय वर्ष के छात्र हैं। डॉ. कलेना ने अपनी शिकायत में कहा, 4 सितंबर को मेरी ड्यूटी सुबह नौ बजे से ईआर-3 इमरजेंसी में निर्धारित थी। दोपहर करीब सवा एक बजे एक मरीज मेरे पास आया और उसके हाथ से कैनुला हटाने के लिए कहा। पीड़ित डॉक्टर ने प्राथमिकी में कहा है, मैंने उसे नर्सिंग स्टाफ से सहायता लेने की सलाह दी। जवाब में, उसने मुझे गाली दी और शारीरिक हमला किया। उसने अपनी जेब से एक स्क्रू ड्राइवर निकाला और जानबूझकर मेरी गर्दन और पेट पर वार किया जिससे मुझे चोट लग गई। इस घटना के दौरान मेरे दाहिने हाथ की दो उंगलियों में भी चोटें आईं।

---

**मौसम** | देश में फिर लौटा बारिश का दौर

## कई राज्यों में हो रही झमाझम बारिश

■ **उप्र, मप्र झारखंड, बिहार समेत एक दर्जन से ज्यादा राज्यों में बरसात**

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में मानसूनी बारिश का दौर लौट आया है। एक तरह से अगस्त में लगा मानसूनी ब्रेक सितंबर में हटा है। इसके बाद बीते दो दिन से उन राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है, जहां सूखा पड़ा हुआ था। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आज भी देश के 19 राज्यों में जोरदार बारिश हो सकती है।

इसके अगले दो दिन यानी 9 और 10 सितंबर को भी 14 राज्यों में तेज बारिश का अनुमान लगाया गया है। लंबे समय से अच्छी बारिश को तरस रहे तमिलनाडु में भी अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। भारत में एक सदी से भी ज्यादा समय में इस बार सबसे सूखा अगस्त रहा। इसमें सामान्य से 36 फीसदी कम बारिश हुई।



मौसम विशेषज्ञों ने बताया था कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा और सितंबर में बारिश की कमी पूरी हो जाएगी।

### सबसे गर्म रहा था 4 सितम्बर का दिन

दिल्ली में 4 सितंबर पिछले 85 सालों में सबसे गर्म दिन रहा। राजधानी का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। यह पिछले 85 सालों में (1938 के बाद) सबसे ज्यादा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने अगस्त में बारिश में कमी के लिए अल नीनो को जिम्मेदार ठहराया था।

# देश

**उवाच** “ सोनिया, राहुल और खड़गे से पूछता हूं कि मुंबई की बैठक में आपने क्या यह तय किया है कि हिन्दू आस्था को बदनाम करना है। उन्होंने कहा कि हिन्दू, सनातन धर्म के बारे में क्यों बार-बार अनाप-शनाप बोला जा रहा है? ये लोग इसका जवाब दें। डीएमके के उदयनिधि के बाद ए राजा ने सनातन धर्म का अपमान किया:- **रविशंकर प्रसाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 37.7 | 27.0 |
| मुंबई | 31.3 | 26.0 |
| कोलकाता | 31.5 | 25.1 |
| चेन्नई | 35.8 | 25.6 |

# सनातन धर्म पर की गयी टिप्पणी से हम सहमत नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने सनातन धर्म को लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सहयोगी तमिलनाडु में द्रमुक सरकार के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान से किनारा करते हुए कहा है कि पार्टी इस तरह की टिप्पणियों से सहमत नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस सभी धर्मों को साथ लेकर के चलती है और किसी को कम ज्यादा करके आंकने के खिलाफ है। संविधान इस तरह की टिप्पणियों के विरुद्ध है और कांग्रेस में भी हमेशा सभी धर्मों का सम्मान करने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा



'कांग्रेस इस तरह की टिप्पणियों के साथ नहीं है और हमारी पार्टी ऐसी टिप्पणियों का समर्थन नहीं करती। हम सभी धर्मों को साथ लेकर चलते हैं। किसी धर्म या पंथ को कम ज्यादा नहीं करना चाहिए। संविधान भी इसकी इजाजत नहीं देता और कांग्रेस की

**कांग्रेस सभी धर्मों को साथ लेकर के चलती है और किसी को कम ज्यादा करके आंकने के खिलाफ है:-पवन खेड़ा, प्रमुख, संचार विभाग**

परंपरा भी ऐसी नहीं है। कांग्रेस सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। पहले भी स्पष्ट तौर पर कह चुकी है कि इसकी तरह की टिप्पणियों से कांग्रेस सहमत नहीं है।' गौरतलब है कि श्री स्टालिन इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल द्रमुक के नेता तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे हैं जिन्होंने सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी बयान दिया है।

## 'मन की बात' के उलट भारत जोड़ो यात्रा बेहद परिवर्तनकारी घटना: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि यह यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी, जो लोगों से संबंधित विषयों पर केंद्रित थी और यह कोई लेक्चर देने वाली 'मन की बात' नहीं थी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में यात्रा के समापन के बाद भी यात्रा अलग-अलग रूपों में जारी है। राहुल गांधी ने छात्रों, ट्रक ड्राइवरों, किसानों और खेत में काम करने वाले मजदूरों के साथ अन्य लोगों के साथ बातचीत की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, 'आज राहुल गांधी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कन्याकुमारी से कश्मीर भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की पहली वर्षगांठ है। श्रीपेरंबुदूर में अपने पिता को श्रद्धांजलि देने के बाद, उन्होंने विवेकानंद रॉक, तिरुवल्लुवर की प्रतिमा, कामराज स्मारक और कन्याकुमारी में गांधी मंडपम का दौरा किया। इसके बाद वह हिंद महासागर के किनारे कन्याकुमारी में एक बड़ी सार्वजनिक रैली को संबोधित करने के लिए गांधी मंडपम से चले और अगली सुबह के शुरुआती घंटों में यात्रा शुरू हुई।' उन्होंने कहा, 'भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी और बढ़ती आर्थिक असमानताओं, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद पर चोट पहुंचाने पर केंद्रित थी। यह मन की बात की तरह लेक्चर देने वाला कार्यक्रम नहीं था, बल्कि सुनिए जनता की आवाज सुनने की कोशिश थी।'

## तथ्यों को जाने बिना पीएम का उदयनिधि के खिलाफ टिप्पणी करना अनुचित: सीएम स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तथ्यों की ठीक से जांच किए बिना उदयनिधि स्टालिन के बयान पर टिप्पणी करना 'अनुचित' है। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म में अमानवीय प्रथाओं' के बारे में कुछ टिप्पणी की थी, जिसके बारे में पहले भारतीय उपमहाद्वीप के थानथाई पेरियार, महात्मा गांधी, श्री नारायण गुरु, बाबा साहेब अम्बेडकर, वल्लालर और वैकुंठर जैसे महान समाज सुधारक भी कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन समाज सुधारकों ने प्रतिगामी वर्णाश्रम-मनुवाद-सनातन विचारधाराओं के खिलाफ बात की थी जो किसी के जन्म के आधार पर भेदभाव और महिलाओं के उत्पीड़न को उचित ठहराते हैं।



**भाजपा समर्थक ताकतें उदयनिधि स्टालिन के रुख को बर्दाश्त नहीं कर पाईं और उन्होंने झूठी कहानी फैला दी कि उन्होंने सनातन विचारों वाले लोगों के नरसंहार का आह्वान किया:-एम.के. स्टालिन**

# भारत की जी20 अध्यक्षता ने आपूर्ति शृंखला को मजबूती और बहुपक्षवाद को बढ़ावा दिया: पीएम मोदी

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जी20 एक जन आंदोलन बन गया है और भारत की अध्यक्षता इस प्रतिष्ठित मंच की भविष्य की दिशा का नेतृत्व करेगी। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को भारत की जी20 अध्यक्षता पर एक लेख में कहा कि महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था में, अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। पहला, यह अहसास बढ़ रहा है कि जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से दूर मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण की जरूरत है। दूसरा, दुनिया वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में मजबूती और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है। और तीसरा, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ओपेड लेख में कहा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने के लिए एक सामूहिक आह्वान।

उन्होंने कहा, 'हमारी जी20 अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।' पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत की जी20 की अध्यक्षता में न केवल अफ्रीकी देशों की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि



जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है।

उन्होंने कहा, 'एक परस्पर जुड़ी दुनिया का मतलब है कि सभी क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां आपस में जुड़ी हुई हैं। कई लोग बड़ी चिंता में हैं कि टिकाऊ विकास का लक्ष्य पटरी से उतर गया है। इस पर प्रगति में तेजी लाने के लिए जी20 2023 कार्ययोजना टिकाऊ विकास के लक्ष्य को लागू करने की दिशा में भविष्य की दिशा की अगुआई करेगी।' प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता लिंग डिजिटल विभाजन को पाटने, श्रम बल भागीदारी अंतराल को कम करने और नेतृत्व और निर्णय लेने में महिलाओं के लिए एक बड़ी भूमिका को सक्षम करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, 'भारत के लिए, जी20 की अध्यक्षता

**जी20 एक जन आंदोलन बन गया है और भारत की अध्यक्षता इस प्रतिष्ठित मंच की भविष्य की दिशा का नेतृत्व करेगी:-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। लोकतंत्र की जननी और विविधता के मॉडल के रूप में, हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोले हैं।' पीएम मोदी ने बताया, 'आज, बड़े पैमाने पर चीजों को पूरा करना भारत के साथ जुड़ा हुआ है। जी20 प्रेसीडेंसी कोई अपवाद नहीं है। यह लोगों द्वारा संचालित आंदोलन बन गया है। हमारे देश के 60 भारतीय शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं। इसमें 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को शामिल नहीं किया है।' प्रधानमंत्री ने अंत में कहा, 'हमारा जी20 प्रेसीडेंसी विभाजन को पाटने, बाधाओं को खत्म करने और सहयोग के बीज बोने का प्रयास करता है जो एक ऐसी दुनिया का पोषण करता है जहां एकता कलह पर हावी होती है।

## सार संक्षेप

### यूपी में चार आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। चार आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। चार दिन पहले जिलाधिकारी मथुरा से सीईओ यूपीआरआरडीए भेजे गये 2011 बैच के आईएएस पुलकित खरे का तबादला ग्रेटर नोएडा में एसीईओ के पद पर किया गया है। वहीं आईएएस रवीश गुप्ता एआईजी स्टाम्प को सीईओ यूपीआरआरडीए बनाया गया है। आईएएस आंनद वर्धन एसीईओ ग्रेडर नोयडा को गोरखपुर विकास प्राधिकरण का वीसी नियुक्त किया गया है। आईएएस रमेश रंजन को विशेष सचिव गन्ना एवं चीनी को निदेशक कौशल विकास बनाया गया है।

### भुवनेश्वर में करीब ढाई किलो तस्करी के सोने के साथ शख्स गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने भुवनेश्वर में छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और बिस्कुट और बार के रूप में 2.465 किलोग्राम विदेशी-चिह्नित तस्करी का सोना बरामद किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भुवनेश्वर में कई जगहों पर छापेमारी की गई। अधिकारी ने कहा, 'जांच से पता चला कि सोना अवैध रूप से देश में तस्करी कर लाया गया था। इसे जब्त कर लिया गया है और सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।' आरोपी को एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उससे आगे की पूछताछ होगी। मामले की जांच जारी है।

### राजकोट में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पांच की मौत

राजकोट (गुजरात)। गुजरात के राजकोट शहर के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में कम से कम पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना बुधवार रात सरदार-भूपगढ़ रोड पर हुई। अजीदम थाना प्रभारी एसआई ए.जे. परमार द्वारा प्रारंभिक जांच निष्कर्षों के अनुसार एक मोटर साइकिल चालक के लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ। पीड़ितों की पहचान दिलीप भूरिया (25), अर्जुन मेड़ा (18), दिनेश राठौड़ (30), देवगन मकवाना, (22) और राजेश राठौड़ (22) के रूप में हुई है। सभी राजकोट जिले के साजादियाली गांव के निवासी हैं। भूरिया, मेड़ा और दिनेश किराने की खरीदारी के लिए मोटरसाइकिल पर सरदार गांव जा रहे थे, जबकि मकवाना और राजेश अपने दोपहिया वाहन पर सरदार से भूपगढ़ जा रहे थे।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा में पोइला बैसाख को राज्य दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित

**कोलकाता,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने गुरुवार को बहुमत से एक प्रस्ताव पारित कर 'पोइला बोइशाख (बंगाली नव वर्ष दिवस)' को राज्य दिवस घोषित किया। यह भी निर्णय लिया गया कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखा गया प्रसिद्ध गीत 'बांग्लार माटी, बांग्लार जोल (बंगाल की मिट्टी, बंगाल का पानी)' राष्ट्रीय गीत की तर्ज पर राज्य गीत होगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भले ही राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने प्रस्ताव को मंजूरी देने से इनकार कर दिया, प्रस्ताव के अनुसार दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, 'बंगाली कैलेंडर का पहला दिन पोइला बोइशाख एक अत्यंत शुभ दिन माना जाता है। राज्य सरकार ने इस मामले पर कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों से



परामर्श किया और उनमें से अधिकांश ने 'पोइला बोइशाख' को पश्चिम बंगाल के राज्य दिवस के रूप में मनाने के पक्ष में आवाज उठाई।

## बंगाल के मंत्रियों, विधायकों के वेतन में भारी वृद्धि की घोषणा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विधायकों के वेतन में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की। इन तीन श्रेणियों में से हर एक के लिए मासिक वेतन 40,000 रुपए प्रति माह बढ़ाया जाएगा। इस बढ़ोतरी के बाद, विधायक अब 10,000 रुपए की मौजूदा राशि के बजाय 50,000 रुपए प्रति माह के मासिक वेतन के हकदार होंगे। राज्य के मंत्रियों का मासिक वेतन 10,900 रुपए से बढ़ाकर 50,900 रुपए कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्रियों के मामले में यह राशि 11,000 रुपए से बढ़ाकर 51,000 रुपये कर दी गई है। कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और विधायक मासिक वेतन के अलावा जो अन्य अतिरिक्त भत्ते पाने के हकदार हैं, वे वही रहेंगे। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया, इसका मतलब यह होगा कि वेतन और भत्तों सहित विधायकों को मिलने वाला वास्तविक मासिक भुगतान अब 81,000 रुपये प्रति माह की मौजूदा दर से बढ़कर 1.21 लाख रुपए हो जाएगा।

## मैं राजभवन के अंदर धरना देने के लिए सीएम ममता का स्वागत करता हूं: राज्यपाल बोस

**कोलकाता,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में राजभवन परिसर के भीतर ही धरना प्रदर्शन कर सकती हैं, बाहर नहीं और वह उनका स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री ने पांच सितंबर को शिक्षक दिवस समारोह के मौके पर कहा था कि वह राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगी। राज्यपाल ने नई दिल्ली से कोलकाता लौटने के तुरंत बाद बुधवार सुबह जारी पांच मिनट के लघु वीडियो में कहा, 'मुख्यमंत्री मेरी सम्मानित सहयोगी हैं। राजभवन में उनका स्वागत है। वह राजभवन के अंदर आ सकती हैं और अपने सभी विरोध प्रदर्शन वहीं कर सकती हैं। वह यहां प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित अतिथि के रूप में आ सकती हैं।' पांच सितंबर को, मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की चर्चा या सहमति के बिना पश्चिम बंगाल में 16 राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति के इस फैसले के लिए राज्यपाल के खिलाफ तीखा हमला किया।



# आरएसएस प्रमुख ने आरक्षण का किया समर्थन

## राजद ने जाति जनगणना पर दी सलाह

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक दिन पहले कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद रहने तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। इस बयान के अगले दिन गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें केंद्र से 'जाति जनगणना' पर सहमत होने के लिए कहना चाहिए। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा, 'जब मोहन भागवत आरक्षण की बात करते हैं तो मुझे लगा कि आज सूरज किस दिशा से उग आया है, क्योंकि ये अलग-अलग विचारधारा वाले लोग हैं। मुझे खुशी हुई कि कम से कम उन्होंने भारत के संविधान के अनुसार सोचना शुरू कर दिया।' उन्होंने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, 'भागवत जी आप अपने संगठन को सांस्कृतिक संगठन कहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है, यह पूरी तरह से एक राजनीतिक संगठन है और सरकार चलाता है। सरकार एक



मुखौटा है।' मनोज झा ने पूछा कि अगर आपको सोचना है तो आपको सरकार को बताना होगा कि वह जाति जनगणना पर चुप क्यों है? उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या मोहन भागवत को सीवर साफ करने वाले लोगों की स्थिति का पता नहीं है? राजद नेता ने आगे कहा कि ऐसा क्यों है कि इतने वर्षों के बाद भी उनकी स्थिति नहीं बदली है? सिर्फ बात करने से नहीं होगा।

## राजकोट में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पांच की मौत

**राजकोट (गुजरात),** 7 सितम्बर गुजरात के राजकोट शहर के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में कम से कम पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना बुधवार रात सरदार-भूपगढ़ रोड पर हुई।अजीदम थाना प्रभारी एसआई ए.जे. परमार द्वारा प्रारंभिक जांच निष्कर्षों के अनुसार एक मोटर साइकिल चालक के लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ। पीड़ितों की पहचान दिलीप भूरिया (25), अर्जुन मेड़ा (18), दिनेश राठौड़ (30), देवगन मकवाना, (22) और राजेश राठौड़ (22) के रूप में हुई है। सभी राजकोट जिले के साजादियाली गांव के निवासी हैं। भूरिया, मेड़ा और दिनेश किराने की खरीदारी के लिए मोटरसाइकिल पर सरदार गांव जा रहे थे, जबकि मकवाना और राजेश अपने दोपहिया वाहन पर सरदार से भूपगढ़ जा रहे थे।

## पुलिस ने मकवाना के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया

**कोलकाता,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक बलात्कार पीड़िता को परेशान करने के आरोप में कोलकाता के दो थानों के प्रभारी अधिकारियों (ओसी) पर जुर्माना लगाया है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कंठ की खंडपीठ ने लेक थाना और नरेंद्रपुर थाना के ओसी को निर्देश दिया कि वे पीड़ित को अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न के मुआवजे के रूप में पांच-पांच हजार रुपए की टोकन राशि का भुगतान करें। अदालत ने दोनों अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पीड़ित महिला से लिखित माफी मांगने का भी निर्देश दिया है। हालांकि यह निर्देश खंडपीठ ने 5 सितंबर को पारित किया था, आदेश की प्रति गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई। यह आदेश पीड़ित महिला द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया गया,



जिसमें पुलिस पर अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। याचिका में पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने अपने साथ बलात्कार करने के आरोपी व्यक्ति की पहचान की और अदालत ने पुलिस को उस व्यक्ति से पूछताछ करने का निर्देश दिया, तो पुलिस ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और इसकी बजाय उसे नोटिस दिया। उसने लेक थाने और नरेंद्रपुर थाने में एक साथ शिकायत दर्ज करायी। पीड़िता ने पुलिस पर व्हाट्सएप कॉल करने और पूछताछ करने के लिए आधी रात के आसपास उसके घर पर आने का भी आरोप लगाया।

# मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने सीएम केसीआर से की मुलाकात

**हैदराबाद,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने गुरुवार को प्रगति भवन में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से शिष्टाचार मुलाकात की। संगमा गुरुवार प्रगति भवन पहुंचे। मुख्यमंत्री केसीआर ने उनका स्वागत किया। इसके बाद चाय पार्टी का आयोजन किया गया। कुछ देर तक दोनों मुख्यमंत्री ने बैठक की। बाद में मुख्यमंत्री केसीआर ने सीएम संगमा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। बाद में मुख्यमंत्री केसीआर ने संगमा को विदाई दी। इसके बाद संगमा मेघालय वापस लौटे। इस अवसर पर मंत्री केटीआर, हरीश राव, एर्राबेली दयाकर राव, एमएलसी राजेश्वर रेड्डी,

**■ चाय पार्टी का आयोजन किया गया**



मधुसूदनचारी, विधायक रोहित रेड्डी, योजना आयोग के उपाध्यक्ष विनोद कुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री वेणुगोपाल चारी, बीआरएस नेता दासोजू श्रवण, के वामसीधर राव और अन्य उपस्थित थे।

## लोकेश की पदयात्रा के दौरान हुई हिंसा पर टीडीपी, वाईएसआरसीपी में आरोप-प्रत्यारोप

**अमरावती,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी ने इस सप्ताह भीमावरम शहर में टीडीपी नेता नारा लोकेश की पदयात्रा के दौरान हुई हिंसा के लिए एक-दूसरे को

**■ टीडीपी नेता नारा लोकेश की पदयात्रा के दौरान हुई हिंसा के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया**



जिम्मेदार ठहराया है। टीडीपी के महासचिव लोकेश ने मंगलवार रात उनकी युवा गलाम पदयात्रा पर हुए हमले को पूर्व नियोजित बताया। उन्होंने हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय टीडीपी नेताओं पर मामला दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की भी आलोचना की। पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के बेटे लोकेश ने सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर उनकी पदयात्रा को बाधित करने के लिए असामाजिक तत्वों का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। हालांकि, नागरिक आपूर्ति मंत्री करुमुरी वेंकट नागेश्वर राव ने आरोप लगाया कि टीडीपी ने लोकेश के इशारे पर भीमावरम में अशांति पैदा करने की साजिश रची थी।

**चिंता** *सिर्फसोलो ट्रिप के लिए ही नहीं एडवेंचर टूरिम का भी आकर्षण बन रहा है कश्मीर*

# कश्मीर साहसिक पर्यटन के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा

**जम्मू, 7 सितम्बर (देशबन्धु)। इसके प्रति कोई दो राय नहीं है कि पिछले साल से कश्मीर में पर्यटन में तेजी देखी जा रही है और कश्मीर साहसिक पर्यटन के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा है। साथ ही विभिन्न स्थानों से पर्यटकों को यहां के सुरम्य स्थानों को देखने के लिए बाइक पर कश्मीर आते देखा जा सकता है। जहां पर्यटक कश्मीर की सुंदरता की प्रशंसा कर रहे हैं।**

जहां पर्यटक कश्मीर की सुंदरता की प्रशंसा कर रहे हैं, देश के विभिन्न हिस्सों से आए कई साहसिक पर्यटकों से बात करने पर उन्होंने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। उनमें से, देश के विभिन्न कोनों से बाइकर्स का एक समूह अक्सर बाईपास के माध्यम से अपना रास्ता बना रहा है, अंतत: घाटी के दिल-श्रीनर शहर तक पहुंच रहा है।

उनकी यात्रा अक्सर मनाली के रास्ते दिल्ली की वापसी यात्रा के साथ समाप्त होती है, जिससे



वे रास्ते में देखी गई प्राकृतिक सुंदरता से मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। ये साहसी बाइकर्स कश्मीर के प्राकृतिक आकर्षण की ओर आकर्षित हुए हैं, यह क्षेत्र अपने लुभावने परिदृश्यों, खूबसूरत झीलों और राजसी पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध है। जैसे-जैसे वे घुमावदार सड़कों को पार करते हैं, वे खुद को हरी-भरी घाटियों और बर्फ से ढकी चोटियों के दृश्य से घिरा हुआ पाते हैं।

हाल ही में इस अभियान पर निकले बाइकर्स के एक समूह ने अपना आश्चर्य साझा करते हुए बताया कि उन्होंने यहां कश्मीर में सुरम्य स्थानों को देखा। गुजरात की एक महिला पर्यटक ने कहा कि यह मेरी कश्मीर की पहली यात्रा है और मैं बहुत खुश हूं। मैंने श्रीनर की खूबसूरत जहें देखी हैं, और मेरी योजना अपने बाइक समूह के साथ पहले लद्दाख, फिर मनाली और उसके बाद दिल्ली की यात्रा करने की है। मुंबई की एक अन्य महिला पर्यटक कहती थीं कि श्रीनर, लेह, लद्दाख और फिर दिल्ली तक बाइक से यात्रा करने का यह मेरा पहला अनुभव है और यह अद्भुत रहा है। अब तक, मेरी यात्रा अद्भुत रही है, मैंने यहां हर चीज का आनंद लिया है और कश्मीर बहुत सुंदर है, और यह वास्तव में पृथ्वी पर स्वर्ग है।

**■ पिछले साल से कश्मीर में पर्यटन में तेजी देखी जा रही**

महाराष्ट्र से आने वाले अन्य दलों का कहना था कि बाइकर्स के रूप में हमने खुद को एक ऐसे परिदृश्य के बीच पाया जो सीधे एक सपने से बाहर लग रहा था, सड़क के प्रत्येक मोड़ और मोड़ के साथ नए और मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य सामने आ रहे थे। हमारे लिए मनाली के रास्ते दिल्ली की वापसी यात्रा उनके साहसिक चक्र को पूरा करने का एक तरीका है। यह चुनौतियों और परिदृश्यों का एक अलग नजारा पेश करता है, जिसमें हिमालय का ऊबड़-खाबड़ इलाका कश्मीर की शांत सुंदरता के बिल्कुल विपरीत है।

बीवी ने बड़े प्यार से पति के गले में बाहें डाली
और पूछा, कैसी लग रही हूं जी ?
पति : जैसे भगवान शंकर के गले में नागिन लिपटी हो।

# जी 20: विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए दिल्ली तैयार

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली तैयार है। आयोजन से एक दिन पूर्व दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार, दिल्ली पुलिस के आयुक्त संजय आरोड़ा, एनडीएमसी अध्यक्ष, एमसीडी आयुक्त सहित अन्य के साथ निरीक्षण किया। सबसे पहले उपराज्यपाल दिल्ली पुलिस के मुख्यालय में स्थापित अत्याधुनिक विकसित नियंत्रण कक्ष पहुंचे। यहां उन्होंने दिल्ली पुलिस के आयुक्त के साथ सुरक्षा तैयारियों की जानकारी ली। यहां पर बताया गया कि दिल्ली को सुरक्षित बनाने के लिए भिन्न हिस्सों में 5 हजार से अधिक सीसीटीवी से लाइव फुटेज मिलेंगे। इसके अलावा 25 सुरक्षाकर्मियों वाली दो टीमें अलग-अलग शिफ्टों में निगरानी करेंगी। सभी प्रकार की डिजिटल जानकारी चौबीसों घंटे नियंत्रण कक्ष में भेजी जाएगी। इसके बाद उन्होंने भारत मंडपम, एनडीएमसी के आपदा प्रबंधन केंद्र, पालम एयरपोर्ट के साथ दूसरे कई इलाकों का दौरा किया।

- उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त के साथ किया दौरा
- पुलिस के नियंत्रण कक्ष और एनडीएमसी के आपदा प्रबंधन सेल का किया निरीक्षण



### तैयार हुआ विशेष कमांड रूम

दिल्ली में छोटी से छोटी घटना पर नजर रखने के लिए 30 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लिए एक विशेष कमांड रूम स्थापित किया गया है। पुलिस नियंत्रण कक्ष के अलावा, उपराज्यपाल ने एनडीएमसी के आपदा प्रबंधन कक्ष के नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी और लगभग 30 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो पानी के रिसाव, फुटपाथ की क्षति जैसी शिकायतों के तुरंत समाधान के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। इसके अलावा सूचना मिलते ही क्षतिग्रस्त फूलों के गमलों को बदला जाएगा।

### होगा जेट वॉटर से साफ

अपने निरीक्षण के दौरान एलजी ने आईजीआई एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों पर खास जोर दिया गया और निर्देश दिया गया कि उन इलाकों को धूल मुक्त बनाया जाए और जरूरत पड़ने पर सड़कों और फुटपाथों को जेट वॉटर से साफ किया जाए। अधिकारी से वीआईपी क्षेत्रों की हरियाली पर अतिरिक्त निगरानी रखने और सूखे पौधों और फूलों के स्थान पर ताजे पौधे लगाने को कहा है।

# दिल्ली के स्कूलों में 'रीडिंग मेला' कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। हाल ही में रीडिंग कैंपेन 2023 के तहत दिल्ली भर के 30 प्रोजेक्ट स्कूलों में बेहद सफल 'रीडिंग मेला' कार्यक्रम का समापन हुआ, जो बच्चों की शिक्षा में समुदाय की भागीदारी और माता-पिता के जुड़ाव की अहमियत को दर्शाता है। हाल ही में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों ने एक-समान उत्साह से भाग लिया। दिल्ली के पश्चिमी, उत्तर-पश्चिमी, शाहदरा दक्षिण, शाहदरा उत्तर तथा मध्य क्षेत्रों के कई जिलों में बड़े पैमाने पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिल्ली के 50 स्कूलों में आयोजित इस पहल ने 12,000 से अधिक बच्चों को लाभान्वित किया, इस आयोजन के ज़रिये 570 माता-पिता, अभिभावकों एवं समुदाय के सदस्यों से जुड़ने का अवसर मिला, साथ ही 500 से अधिक शिक्षकों का समर्थन भी प्राप्त हुआ। रूम टू रीड के 20 दानदाताओं के उदारतापूर्ण योगदान और टीम के सदस्यों ने इस आयोजन को और भी अधिक प्रभावशाली एवं यादगार बना दिया,




जिससे शिक्षा एवं सामुदायिक जुड़ाव को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन मिला।

आरटीआर रीडिंग कैंपेन 2023 के तहत रीडिंग मेला का आयोजन किया गया था, जिसमें माता-पिता, शिक्षकों और छात्रों को एकजुट करने के लिए डिज़ाइन की गई कई तरह की आकर्षक गतिविधियों को प्रस्तुत किया गया। 15 अगस्त को रूम टू रीड की कंट्री डायरेक्टर, श्रीमती पूर्णिमा गर्ग के दिल को छू लेने वाले संदेश के साथ इस आयोजन की शुरुआत हुई, जिसने आने वाले 2 हफ्तों के प्रेरणादायक कार्यक्रम के लिए माहौल तैयार किया।

## सार संक्षेप

### सोशल मीडिया पर जन्माष्टमी की धूम

**नई दिल्ली।** जन्माष्टमी के मौके पर सभी लोगों में उत्साह नजर आया। भक्तों ने अपने छोटे बच्चों को श्रीकृष्ण व राधा के रूप में सजाया साथ ही नटखट श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को लेकर बच्चों की फोटो इंटरनेट व सोशल मीडिया पर साझा किए। लोगों ने बच्चों को कहीं माखनचोर के रूप में सजाया, तो कहीं बांसुरी बजाते किशन कन्हैया के रूप में साज श्रृंगार किया था। हर जगह राधे-राधे का गुणगान हो रहा था। यू तो जन्माष्टमी पर पीताम्बर धारी, मोर मुकुट पहने, हाथ में बांसुरी और गले में मोतियों का हार डाले कान्हा का यह रूप हर घर में नजर आया और अलग-अलग मुद्राओं में कान्हा की तस्वीरें मन मोह रही थी। इसी बीच गढ़ी में रहने वाले दीपक ने अपने चार माह के पुत्र तुर्वसु को भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण करवाया। इतने छोटे से कान्हा जी की साज सज्जा और तुर्वसु की अपने अंदाज की अटखेलियां देखते ही बन रही थी।

### मीडिया एक्सपो-2023 14 सितम्बर से

**नई दिल्ली।** दो दशकों से अधिक की सफल विरासत द्वारा समर्थित, मीडिया एक्सपो 2023 विचारशील रचनात्मक अवधारणाओं का समर्थन करने के लिए समाधान प्रदर्शित करेगा। 14 से 16 सितम्बर 2023 तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले 10,000 वर्ग मीटर के शो फ्लोर में 150 से अधिक प्रदर्शक 200 ब्रांडों के 500 उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे जो उद्योग में महत्व प्राप्त कर रहे हैं। शो के साथ जुड़ाव साझा करते हुए, दिल्ली प्रिंटर्स एसोसिएशन डीपीए के अध्यक्ष प्रकाश दास ने साझा किया कि हमें यह जानकर खुशी हुई कि प्रसिद्ध निर्माता विभिन्न प्रकार के अत्याधुनिक उत्पादों -कला मुद्रण और संबद्ध मशीनरी का प्रदर्शन करेंगे। ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनियां अद्वितीय ज्ञान स्रोत हैं और मुझे यकीन है कि ऐसे बी2बी कार्यक्रम नेटवर्किंग और नवीनतम उद्योग रुझानों को समझने के लिए हमेशा सहायक होते हैं। वर्ल्ड प्रिंट एंड कम्युनिकेशन फोरम के अध्यक्ष प्रोफेसर कमल मोहन चोपड़ा ने व्यक्त किया कि आपका ब्रांड एकमात्र और सबसे महत्वपूर्ण निवेश है जो आप अपने व्यवसाय में कर सकते हैं।

# पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस ने किया अपना विस्तार

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। वैलनैस सेक्टर के जाने-माने नाम पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए अपने क्लिनिक का उद्घाटन किया। पचौली का मानना है कि असली वैलनैस व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा से संबंधित होती है और फरीदाबाद का नया क्लिनिक ब्राण्ड के इसी दृष्टिकोण पर आधारित है। 3000 वर्गफीट में फैला यह क्लिनिक स्थानीय लोगों को स्किन, हेयर एवं वेट के आधुनिक ट्रीटमेन्ट्स के साथ-साथ आयुर्वेद की रेजुवेनेशन थेरेपियां भी उपलब्ध कराएगा। फरीदाबाद क्लिनिक का लॉन्च हरियाणा के फरीदाबाद स्थित सेक्टर 16 की हुडा मार्केट में, डॉ प्रीति सेठ फाउंडर, मेंटर एवं एमडी पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर दिल्ली डार्लिंग्स फेम, भारतीय टेलीविज़न एक्टर, मॉडल एवं एंकर मिस सीमा गुंबर भी मौजूद रहीं।लॉन्च के अवसर पर डॉ प्रीति सेठ



फाउंडर, मेंटर एवं एमडी पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस ने कहा कि पचौली एस्थेटिक्स एण्ड वैलनैस, हॉलिस्टिक वैलनैस के क्षेत्र में जाना-माना नाम है, जो अपनी सर्विसेज़ एवं ट्रीटमेन्ट्स की व्यापक रेंज के साथ उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करता है। फरीदाबाद क्लिनिक हमारे मेहमानों को वैलनैस का बेजोड़ अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस यात्रा को लेकर हम बेहद उत्सुक हैं, और नए क्लिनिक में आपका स्वागत करते हैं। फरीदाबाद क्लिनिक के उद्घाटन के जश्न में हमारा साथ देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

# एलपी लॉजिसाइंस दिल्ली एनसीआर में अपने विस्तार को देगी गति

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रतिष्ठित लीलाधर पासू ब्रांड की वेयर हाउसिंग और कॉन्ट्रैक्ट लॉजिस्टिक्स कंपनी- एल पी लॉजिसाइंस ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की घोषणा की है, जिसमें अपनी वृद्धि को दोगुना करने वाली सार्थक योजनाएं भी शामिल हैं। दिल्ली भारतीय वेयरहाउसिंग सेक्टर में अभूतपूर्व बढ़त वाली पृष्ठभूमि है। वर्तमान में, एलपी लॉजिसाइंस के पास ग्रेड ए कम्प्लायंट, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में नोएडा और गाज़ियाबाद के बीच लगभग 5000 से अधिक पैलेट स्थिति वाला मल्टी-यूज़र वेयरहाउस, और कैमिकल्स सेक्टर के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध है, जो इसके महत्वपूर्ण ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली में विकास के लिए अपनी योजनाओं के बारे में बात करते हुए वरुण गडा, डायरेक्टर, एलपी लॉजिसाइंस, ने कहा कि दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में हमारी यात्रा नवाचार, स्थिरता और ग्राहक-केंद्रित समाधानों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हमने सतत रूप से उभरते इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, वेयरहाउसिंग क्षेत्र की गतिशीलता और हमारे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी समाधानों का लाभ उठाने के लिए न सिर्फ खुद को दृढ़ता से तैयार किया है, बल्कि पर्यावरण के प्रति अपने समर्पण भाव को प्रखर रखते हुए, इसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली है।

- कॉन्ट्रैक्ट लॉजिस्टिक्स कंपनी- एल पी लॉजिसाइंस ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की घोषणा की

# इस्कॉन द्वारका में धूमधाम मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। परम परमेश्वर भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाना अपने आप में जितना हर्षोल्लास से पूर्ण है,

- सेल्फी प्वाइंट्स पर भक्तों को मिला कान्हा के साथ का एहसास



उतना ही अद्भुत है इस दिन उनके दिव्य आदिरूप का दर्शन करना। इस अवसर पर द्वारका दिल्ली स्थित श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रवेश द्वार से लेकर मंदिर प्रांगण की शोभा बढ़ाता हुआ विशेष वाटरप्रूफ पांडाल बनाया गया था। साथ ही कई आकर्षक 'सेल्फी प्वाइंट्स' बनाए गए जहां कृष्ण की बाल-लीलाएँ स्मरण हो आईं। उत्सव में भक्तों को भगवान के आंगन में बैठकर उनका जन्म उत्सव मनाने का आनंद मिला। 'कालिया नाग वाला सेल्फी प्वाइंट' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसी तरह 'गोवर्धन वाले सेल्फी प्वाइंट' पर गोवर्धन उठाने में भगवान का सहयोग करने की अनुभूति हुई। भगवान को सवा लाख भोग अर्पण किए गए। ड्राई फ्रूट्स से बने सूखे प्रसाद को बनाने की तैयारियां तो कई दिन पहले से ही शुरू हो गई थीं। तरह-तरह के लड्डू, पंजीरी एवं मेवा बरफी भोग के लिए बनाई गईं। जो भोग के बाद भक्तों में प्रसाद स्वरूप वितरित की गईं। इस्कॉन द्वारका के अध्यक्ष प्रद्युमन प्रिय दास ने कहा, 'साल भर भक्त श्रवण, कीर्तन, नृत्य के माध्यम से भगवान की सेवा कर उन्हें प्रसन्न करते हैं।

# शिक्षा मंडली फाउंडेशन द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता भाग लिया। अध्यापिका एकता द्वारा बच्चों को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को शिक्षा और शिक्षक के महत्व के बारे में समझाया गया। शिक्षा मंडली फाउंडेशन के अध्यक्ष राजा सिंह द्वारा विद्यार्थियों व अध्यापिका के कार्य की सरहाना की गई, व उनके द्वारा यह आश्वासन भी दिया गया की सभी बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ



अतिरिक्त गतिविधियों एवम को कौशल विकास कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा जो की विद्यार्थी के शारीरिक और मानसिक रूप से विकास के लिए आवश्यक होता है।

# क्रॉम्पटन ने आउटडोर लाइट्स सेगमेंट में रखा कदम

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। अपनी अनोखी पेशकशों से उपभोक्ता के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिये प्रसिद्ध,क्रॉम्पटन ग्रीव्ज कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स ने आउटडोर लाइटिंग की अपनी नई खूबसूरत और विविधतापूर्ण श्रृंखला सोलरियन गार्डन लाइट्स को लॉन्च करने की घोषणा की है।

इन नये लाइटिंग फिक्सचर्स पर पानी, मौसम और जंग का असर नहीं होता है। इस प्रकार यह हर मौसम में पगडंडी को जगमगाने और बगीचे की खूबसूरती को बढ़ाने का सबसे बढ़िया समाधान है। आउटडोर सजावट पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है, क्रॉम्पटन का लक्ष्य आवश्यकताओं पर गहरी समझ के साथ लाइटिंग के भरोसेमंद समाधानों- अपने सोलरियन गार्डन लाइट्स की विविध रेंज से आउटडोर सजावट के उनके विचारों को जीवंत बनाने में उनकी मदद करना है। क्रॉम्पटन ग्रीव्ज कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स के वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड, लाइटिंग, शालीन नायक ने कहा कि, क्रॉम्पटन अपने उत्पादों को अपने उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्ता एवं बेहतरीन अनुभव का ध्यान रखते हुए डिजाइन करती है।

G20
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
एक स्टेशन एक उत्पाद


'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:
क) मेरठ कैंट, दिल्ली कैंट, पानीपत और पटौदी रोड स्टेशन पर।
ख) **अस्थायी स्टॉलः** शामली, बल्लभगढ़, परतापुर, टपरी, साहिबाबाद, तुगलकाबाद, तिलक ब्रिज, खतौली, ओखला, सांपला, असावटी, दिल्ली सफदरजंग, मंगोलपुरी, नया गाजियाबाद मुरादनगर, सकौती, टांडा, विवेक बिहार, दिल्ली आजादपुर, शिवाजी ब्रिज, मोदीनगर, देवबंद, फरीदाबाद स्टेशनों पर।
• दिल्ली कैंट और पानीपत स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 30 दिन होगी।
• मेरठ कैंट और पटौदी रोड स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
• उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर अस्थायी स्टॉल स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी। • रजिस्ट्रेशन शुल्क रु० 2000/- की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और **NSG 5** (मेरठ कैंट, मुरादनगर, खतौली, शामली, ओखला, असावटी दिल्ली सफदरजंग, मंगोलपुरी, टपरी, तिलक ब्रिज, दिल्ली किशनगंज, सांपला, शिवाजी ब्रिज, देवबंद और विवेक बिहार) **& NSG 6** (परतापुर, नया गाजियाबाद, दिल्ली आजादपुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क रु० 1000/- की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
• **प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:**
**(क)** विकास आयुक्त हस्तशिल्प विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक। **(ख)** भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/ बुनकर/शिल्पकार। **(ग)** पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह। **(घ)** समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग **(ङ)** किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
• आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी। • आवेदक द्वारा आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 11.09.2023 को 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा। • सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी। • 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र बेबसाइटः **www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf** और **https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023.pdf** पर उपलब्ध है।
• इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।
2790/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय वडोदरा और एयरबस ने एयरोस्पेस शिक्षण और अनुसंधान के लिए समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

## यह समझौता ज्ञापन छात्रों को उद्योग के लिए तैयार होने में सक्षम बनाएगा: अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) वडोदरा और एयरबस ने आज भारतीय विमानन क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करने के लिए सहयोग किया। श्री रेमी माइलार्ड (अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, एयरबस भारत और दक्षिण एशिया) और प्रोफेसर मनोज चौधरी (कुलपति, गति शक्ति विश्वविद्यालय) के बीच रेल भवन, नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, जो गति शक्ति विश्वविद्यालय के पहले चांसलर भी हैं, की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और सीईओ सुश्री जया वर्मा सिन्हा और रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।एयरबस और टाटा ने हाल ही में वडोदरा (गुजरात) में भारत में C295 विमान सुविधा के डिजाइन, नवाचार, निर्माण, निर्माण और विकास के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। एयरबस वाणिज्यिक विमान का दुनिया का सबसे बड़ा निर्माता और हेलीकॉप्टर, रक्षा और अंतरिक्ष उपकरण का अग्रणी निर्माता है। कंपनी का भारत के साथ सहजीवी विकास का पुराना रिश्ता है। कंपनी भारत को वैश्विक विमानन के एक प्रमुख चालक के साथ-साथ एक अपरिहार्य प्रतिभा और संसाधन केंद्र के रूप में पहचानती है और देश में पूरी तरह से एकीकृत एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए सभी आवश्यक बिल्डिंग ब्लॉक्स को परिपक्व करने के लिए प्रतिबद्ध है। मेक इन इंडिया भारत में एयरबस की व्यावसायिक रणनीति के केंद्र में है और कंपनी अपने वैश्विक उत्पादों में भारत का योगदान लगातार बढ़ा रही है।

- एयरबस में छात्रों के लिए 15000 नौकरी के अवसर
- एमओयू उद्योग और शिक्षा जगत के सहयोग से नई शिक्षा नीति को और मजबूत करेगा



अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'जीएसवी गहन उद्योग-अकादमिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके सभी कोर्स इंडस्ट्री के सहयोग से डिजाइन किए जाएंगे। जीएसवी में पढ़ने वाले छात्र उद्योग के लिए तैयार होंगे। परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में रोजगार के लिए उनकी अत्यधिक मांग होगी। एयरबस के साथ आज का समझौता ज्ञापन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, रेमी माइलार्ड ने कहा, एक कंपनी के रूप में जो भारत में एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, हम मानव पूंजी विकास में निवेश करने की अपनी जिम्मेदारी का एहसास करते हैं।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "मारपीट की वजह से गोल्फ कोर्स के सेक्रेट्री स्टीवन को सिर में हल्की चोट लगी है। उनका इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया वहां से उनको घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में स्वीटन के साथ पहले मारपीट की गई। इसके बाद डंडे या किसी अन्य चीज से उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया।
**हरीश चंदर, डीसीपी**

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का औचक निरीक्षण, दुरुस्त नहीं मिली सफाई व्यवस्था

**गाजियाबाद,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक गुरुवार की सुबह सफाई व्यवस्था देखने के लिए औचक निरीक्षण पर निकले। लेकिन सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं मिली। जिसके बाद उन्होंने जोनल सेनेटरी ऑफिसर और सेनेटरी इंस्पेक्टर का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं सफाईकर्मी अनुपस्थित पाए जाने पर सेनेटरी इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

■ **इंस्पेक्टर के खिलाफ होगी कार्रवाई**

मालिक ने आज प्रात: 6.30 बजे शहर के कई मुख्य मार्ग एवं स्थान की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर से लेकर विजयनगर से धोबी घाट आर ओ बी और दूधेश्वर नाथ मंदिर होते हुए मेरठ तेरह से लेकर एनसीईआरटीसी के साथ-साथ मेरठ रोड का निरीक्षण किया। विजयनगर से धोबी घाट आर ओ बी पर



सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। उन्होंने जोनल सेनेटरी ऑफिसर और सेनेटरी इंस्पेक्टर का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए और मेरठ तेरह के पास सफाई कर्मचारी उपस्थित न होने के तहत सेनेटरी इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान जहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं वहीं दूसरी ओर सफाई मित्रों से सीधी वार्ता करते हुए उनका स्वास्थ्य का हाल जाना तथा स्वच्छता के प्रति उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर उत्साहित किया गया। विजयनगर ज़ोन के अंतर्गत मौके पर सफाई कर्मचारी से वार्ता कर, उनके कार्य की प्रशंसा की। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शहर की सफाई व्यवस्था में दिन प्रतिदिन बेहतर बदलाव होते दिखाई दे रहे हैं। जिसके लिए क्षेत्रीय निवासी भी स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं, निरीक्षण के दौरान मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी उपस्थित रहे।



## जी-20 के रूट पर साज सज्जा व लाइटिंग का महापौर ने किया निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली में होने वाले जी20 सम्मेलन में गाजियाबाद एयर फोर्स स्टेशन से एलिवेटेड होते हुए अथितिगण दिल्ली कार्यक्रम में जाएंगे। जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा समस्त रूट पर सड़क निर्माण, अदभुत पेंटिंग, डिवाइडर रंगाई, पेड़ो की छटाई, तिरंगा लाइट, वेलकम लाइट, बटरफ्लाई लाइट, साफ सफाई, जी20 के स्लोगन आदि कार्य किये गए जिनका महापौर सुनीता दयाल आज अधिकारियों संग निरीक्षण करने पहुंची जिसमें महापौर ने देखी की नगर निगम के द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया गया है। जिसकी दो दिन पहले गाजियाबाद आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी तिरंगा लाइट की तारीफ की है।

■ **एयर फोर्स स्टेशन से एलिवेटेड तक तिरंगा लाइट की सीएम योगी ने की तारीफ**

महापौर ने पूरे रूट पर स्वयं जाकर देखा कि किसी प्रकार की कोई कमी तो नहीं है। जिसमें कई स्थानों पर लाइट बन्द मिली एवं एयर फोर्स स्टेशन के बाहर गोल चक्कर पर अंधेरा था। तो महापौर ने कलरफुल लाइट लगाने के निर्देश दिए। जिसमें प्रकाश प्रभारी द्वारा तत्काल कलरफुल लाइट मंगाई गई। जी 20 रुट पर 3 स्थानों पर एल ई डी लगाई जाएंगी। जिसमें भारत की संस्कृति के दृश्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ साथ शहर को साफ सुंदर रखने का संकल्प निरंतर रखा जाएगा। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह, जोनल प्रभारी आर पी सिंह, अधिशासी अभियंता जैदी, सहायक अभियंता आश कुमार, संपत्ति अधीक्षक भोलेनाथ एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जन्माष्टमी पर्व पर नगर आयुक्त ने की गौवंश की पूजा



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक जन्माष्टमी के पर्व पर नंदी पार्क पहुंचे। जहां उन्होंने गौवंश को तिलक कर, माला पहनकर उसकी पूजा की। नगर आयुक्त ने गौवंश की पूजा कर अच्छा संदेश दिया, गौवंश की रक्षा करने तथा उनके रहने वाले स्थान पर अच्छी व्यवस्था करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को मोटिवेट किया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नंदी पार्क की व्यवस्था को बेहतर तरीके से देखा जा रहा है। जिसमें गौवंशों के रहने के लिए उचित वातानुकूलित स्थान, उनके खाने-पीने की व्यवस्था समय से उनके स्नान की व्यवस्था वह अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नंदिनी पार्क तथा नंदी पार्क दोनों का जायजा लिया बेहतर व्यवस्थाओं को देखते हुए प्रश्नता जाहिर की। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश व अन्य संबंधित टीम उपस्थित रही जिनके द्वारा गौवंशों को गुड भी खिलाया गया, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा संबंधित अधिकारी को समय-समय पर नंदी पार्क का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

■ **नंदी पार्क की व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

## गाजियाबाद शहर में बनेगा क्लीन स्ट्रीट फूड हब



भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के कार्यक्रम ईट राइट इनीशिएटिव के अंतर्गत शहर में क्लीन स्ट्रीट फूड हब बनाने की तैयारी चल रही है। जिसके स्थान चयन के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर का भ्रमण किया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में शहर में क्लीन स्ट्रीट फूड हब बनाया जाएगा। जिसमें 20 दुकान खाद्य सामग्री से संबंधित होगी मानक के अनुरूप हब पर पेयजल की व्यवस्था लाइट की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाएगी। इस प्रकार का स्थान शहर के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा इसके लिए तैयारी चल रही है। गाजियाबाद के अंदर सेक्टर 23 संजय नगर, आरडीसी राज नगर कवि नगर के क्षेत्र का भ्रमण किया गया।

## सार संक्षेप

### तिरंगा यात्रा निकालने वाले बच्चे सम्मानित



**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद नगर में 15 अगस्त पर तिरंगा यात्रा निकालने वाले बच्चो को कोतवाली प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य बंसल व इंस्पेक्टर प्रेमचंद शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गुरुवार को कोतवाली परिसर मे ही सभी बच्चो को सम्मानित किया गया। बता दे की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिव्यांग गऊ स्केटिंग सेंटर के बच्चो ने अनूपशहर बाईपास से लेकर बालाजी मंदिर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली थी। यात्रा की शुरुआत कोतवाली प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य बंसल ने की थी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकालने वाले सभी बच्चो को स्केटिंग कोच कनिष्क शर्मा ने आईपीएस आदित्य बंसल के हाथो प्रशस्ति पत्र दिलवाकर सम्मानित करवाया। इस मौके पर विवेक शर्मा दीपक अधरन विकास गुप्ता शिवा भारद्वाज केपी सैनी बब्बू शर्मा राजा बाबू सुमित रौनक आदि मौजूद रहे।

### आईएमएस में जन्माष्टमी पर रंगारंग कार्यक्रम

**नोएडा।** आईएमएस नोएडा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण और सुदामा बने छात्र-छात्राओं ने नाटक का मंचन भी किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण, वासुदेव और देवकी की वेशभूषा में पहुंचे विद्यार्थी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के दौरान आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी एवं डीन डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने श्रीकृष्ण की पूजा कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। वहीं नृत्य, गीत-संगीत एवं नाट्य का प्रस्तुती देकर छात्रों ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम के दौरान आईएमएस कल्चरल क्लब की हेड ओसिन एडवर्ड ने बताया कि आज के कार्यक्रम में संस्थान के छात्रों ने श्रीराध एवं श्रीकृष्ण की पोशाक पहनकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।



### मुठभेड़ के बाद 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नोएडा।** एसटीएफ और नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान मुनव्विर उर्फ मन्ना उर्फ छोटा भाई पुत्र मीर हसन निवासी ग्राम तीतरवाडा शामली हुई है। मुनव्विर शामली, मुजफ्फर नगर, मेरठ, गाजियाबाद व बागपत जिले में लूट, डकैती, हत्या आदि की घटनाओं में फरार था। ये एक संगठित गिरोह बनाकर लोगों को घरों में बंधक बनाकर लूट एवं डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देता था। इस पर 14 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि एसटीएफ और पुलिस को जानकारी हुई कि बुधवार देररात को एक शातिर बदमाश वारदात को अंजाम देने की फिराक में नोएडा आया है। लोकल इंटेलिजेंस और मुखबीर से जानकारी मिलने पर पुलिस ने थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में चेकिंग लगा दी। मुखबीर से पहचान होने ही पुलिस ने बाइक रोकने का प्रयास किया। लेकिन मुनव्विर ने पुलिस पर फायर कर दिया। हालांकि पुलिस ने फायर नहीं करते हुए घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ लिया।



## 200 करोड़ की एफडी मामले की जांच पूरी सीईओ को सौंपी रिपोर्ट

**नोएडा,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के 200 करोड़ रुपए के एफडी मामले की जांच करीब दो महीने में पूरी हो सकी है। हालांकि सीईओ ने इस मामले में 15 दिन में जांच पूरी करने के निर्देश दिए थे। संभवता दो से तीन दिनों में दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर गाज गिरनी शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण एसीईओ प्रभाष कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर ली गई है। बैंक और प्राधिकरण दोनों तरफ से गलतियां हुई है। रिपोर्ट सीईओ को सौंप दी है। नोएडा प्राधिकरण ने 200 करोड़ रुपए की एफडी कराने के लिए जून महीने में सेक्टर-62 स्थित बैंक ऑफ इंडिया में खाता खुलवाया था। इस मामले में जालसाजों ने प्राधिकरण-बैंक अधिकारी-कर्मचारियों से मिलीभगत कर जून महीने के अंत में 3 करोड़ रुपए निकाल विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा दिए थे। इसके बाद 9 करोड़ रुपए और ट्रांसफर करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी थी लेकिन गड़बड़ी का अंदेशा होने पर यह पैसा ठगे जाने से बच गया। इस मामले में जुलाई के पहले सप्ताह में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कोतवाली सेक्टर-58 में मामला दर्ज करा दिया था। इसके साथ ही प्राधिकरण की तत्कालीन सीईओ रितु माहेश्वरी ने मामले की जांच के लिए एसीईओ की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित कर दी थी। समिति को 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। इस बीच प्राधिकरण को बैंक की तरफ से पूरे 200 करोड़ रुपए मिल गए हैं। खास बात यह है कि जो जांच 15 दिन में पूरी हो जानी चाहिए थी वो पूरी होने में करीब दो महीने लग गए।

## जी-20 सम्मेलन : 110 करोड़ खर्च फिर भी काम अधूरा

**नोएडा,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। जी-20 सम्मेलन को लेकर शहर को आकर्षक व खूबसूरत बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 110 करोड़ रुपए खर्च कर दिया, लेकिन आयोजन के दिन तक भी अधिकारी व कर्मचारी काम पूरा नहीं करा सके। जबकि प्राधिकरण ने इस कार्य के लिए अहम जिम्मेदारी उद्यान विभाग, विद्युत यांत्रिकी व सिविल विभाग को सौंपी थी। शुक्रवार से दिल्ली में जी-20 का आयोजन शुरू होगा।

■ **नोएडा प्राधिकरण के तीन विभागों को मिली थी जिम्मेदारी, समीक्षा के बाद होगी कार्रवाई**

बता दे ग्रेटरनोएडा में होने वाले आयोजन को रद्द कर दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रभाष कुमार ने बताया कि विभागाध्यक्षों की ओर से पूरे किए गए कार्यों की अब सूची ली जाएगी कि कौन-कौन से काम आवंटित कराया था, कौन सा पूरा कराया है। उसका निरीक्षण होगा, उसके बाद जो भी इसमें दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

डीएनडी से लेकर रजनीगंधा लूप तक न सड़क दुरुस्त हुई, न पेंटिंग पूरी हो सकी, न ही बिजली का काम ठीक से हुआ। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे जिस प्रकार से फ्लावर बेड बनाया जाना था, फूल वाले पौधों को लगाया जाना था, फाउंटेन तैयार कर वहां पर लाइटिंग की व्यवस्था होनी थी, वह कार्य भी अधूरा है। चिल्ला से महामाया फ्लाईओवर तक सड़क किनारे जी 20 की रिंग बन रही थी, जो अभी भी बन ही रही है। आयोजन खत्म होने के बाद भी बनती रहेगी।

सेक्टर-18 बाजार को कनाट प्लेस बनाने की बात कहकर विद्युत यांत्रिकी विभाग की ओर इस प्रकार से सजाने के लिए कहा गया था, जिसमें फुटपाथ पर नए पोल लगाकर लाइटिंग की व्यवस्था करनी थी, साथ ही उसी पोल में प्रोजेक्टर लाइट लगानी थी, जिसके जरिये दुकान की दीवार और फुटपाथ को रात के समय आकर्षित दिखाया जा सके। लेकिन यहां भी काम आधा अधूरा किया गया, तमाम पोल के बेस बनाकर बाजार में छोड़ दिया गया, लाइट, पोल व प्रोजेक्टर लाइट लगाना तो दूर की बात।

सेक्टर-60, 94, 18, 32-33 अंडरपास में पेंटिंग का काम अब भी चल रहा है। यहां पर अंडरपास में विद्युत यांत्रिकी विभाग की ओर से इस प्रकार की लाइटिंग करानी थी कि आने जाने वाले वाहन जब गुजरे तो लाइट पड़ने पर सेंटर वर्ज में जी 20 अलग से नजर आए, अंडरपास की छत का नजारा अंतरिक्ष जैसा हो, लेकिन यह कार्य पूरा नहीं हुआ। सेक्टर-62 अंडरपास में काम तक शुरू नहीं हो पाया। पूरे शहर में सड़कें खस्ताहाल हैं, जगह जगह जानलेवा गड्ढ़े वाहनों को क्षतिग्रस्त कर रफ्तार में ब्रेक लगा रही है।

## लोकल ऑडिट रिपोर्ट को लेकर 11 को होगी बैठक

**नोएडा,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष 2012 से 2016 तक नोएडा प्राधिकरण में करीब 900 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता सामने आई। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा (लोकल ऑडिट) के परीक्षण ने अपनी रिपोर्ट में इसका जिक्र किया है। ये ऑडिट 2018-19 के दौरान कराए गया। इसमें प्राधिकरण की ओर से बिल्डरों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए विकास शुल्क की गणना करने, भूति आवंटन और विकास परियोजनाओं में गड़बड़ी की गई। अब ऑडिट रिपोर्ट को लेकर 11 सितम्बर को लजनऊ में बैठक होगी। इस बैठक में प्राधिकरण को सभी दस्तावेजों वित्तीय आपत्तियों के जवाब से साथ मौजूद रहना होगा। इससे पहले एक रिव्यू बैठक भी की जाएगी। बता दे 2017 में सत्ता बदलने के बाद शासन ने नोएडा प्राधिकरण में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए सीएजी को कहा था। उन्होंने करीब एक साल तक प्राधिकरण में जांच की और 400 पेज की एक रिपोर्ट तैयार की। जिसमें 30 हजार करोड़ रुपए के वित्तीय अनिमितता की बात सामने आई थी।

■ **रिपोर्ट में 900 करोड़ की अनियमितता आई थी सामने**

हालांकि जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने के बाद भी इस पर एक्शन नहीं लिया गया। इनमें से कई फाइलों के जवाब का इंतजार अब भी है। इसके बाद 2018-19 में ही स्थानीय निधि लेखा परीक्षा ने भी नोएडा प्राधिकरण के चार साल के फाइलों की जांच की। जिसमें करीब 900 करोड़ रुपए बड़ी गड़बड़ी सामने आई। ये रिपोर्ट विधानसभा में पेश की जा चुकी गई। इसी रिपोर्ट को लेकर लखनऊ में 11 सितम्बर को बैठक होगी। जिसमें आपत्तियों का जवाब दिया जाएगा। कयास लगाए जा रहे है कि इसके बाद बड़ा एक्शन हो सकता है।

## सचिन पायलट का जन्मदिन धूम धाम से मनाया : रामकुमार तंवर

**नोएडा,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का 46 वां जन्मदिन बहुत ही धूम धाम से मिठाई व लड्डू बाट कर नोएडा महानगर कांग्रेस कार्यालय पर मनाया।

इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने कहा कि सचिन पायलट को देश में कश्मीर से कन्यकुमारी तक युवा अपना आदर्श मानते है। देश के हर कोने में पायलट की एक जैसी लोकप्रियता है।



क्योंकि सचिन पायलट का पैतृक गांव वेदपुरा है जो की गौतम बुध नगर में ही पड़ता है। जिसके कारण इस जनपद में भी उनकी अच्छी खाशी लोकप्रियता है। जन्मदिन के अवसर पर लाखों देशवासियो ने सचिन पायलट को शुभकामनाएं व बधाई दी।

इस अवसर पर नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, उपाध्यक्ष हरेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष रिज़्वान चौधरी, महासचिव मधुराज, महासचिव जितेन्द्र चौधरी, सचिव शाहिद खान, सचिन तंवर, उषा देवी, रूबी चौहान, अवनीश तंवर, धर्मेन्द्र गुर्जर, करण वर्मा, आदर्श कुमार, नकुल चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नोएडा गोल्फ कोर्स सेक्रेट्री के साथ मारपीट

■ **बीच सड़क पर तीन युवकों ने पीटा, फिर गाड़ी तोड़ी और चाबी ले गए**

**नोएडा,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा में गोल्फ कोर्स के सेक्रेट्री के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। वो बुधवार रात को गोल्फ कोर्स से डिनर करके लौट रहे थे। इस दौरान सेक्टर-29 के पास तीन युवकों के साथ उनकी बहस हो गई। बहस वीडियो बनाने को लेकर हुई। विरोध करने पर तीनों युवको ने उनके साथ मारपीट कर दी। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि मारपीट की वजह से गोल्फ कोर्स के सेक्रेट्री स्टीवन को सिर में हल्की चोट लगी है। उनका इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया वहां से उनको घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में स्वीटन के साथ पहले मारपीट की गई। इसके बाद डंडे या किसी अन्य चीज से उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया। तीनों युवकों में से किसी ने इस दौरान उनकी गाड़ी की चाबी निकाल ली और लेकर फरार हो गई। हालांकि लूटपाट करने या अपहरण करने जैसा मामला नहीं है। उन्होंने बताया कि स्टीवन की शिकायत पर कोतवाली सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीनों युवको को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम तीने बनाई गई है। जल्द ही तीनों को गिरफ्तार किया जाएगा। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहां लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज से पता चल जाएगा कि आखिर क्या हुआ था।

## इस्कॉन मंदिर में भक्तों ने मनाई जन्माष्टमी



**नोएडा,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के इस्कॉन मंदिर में भव्य पूजा अर्चना और भगवान कृष्ण को 256 प्रकार का भोग लगाकर जन्माष्टमी मनाई जा रही है। इस मौके पर भक्तों का सुबह से ही मंदिर में ताता लगा हुआ है। सुबह से हरे कृष्णा के भजनों से मंदिर और परिसर गुंजायमान है। यहां आने वाले भक्तों को मंगल तिलक और प्रसाद दिया जा रहा है। बेरिकेडिंग और चेकिंग के बाद ही भक्तों को मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है।

■ **मंगलाआरती के बाद खोले गए थे कपाट, रात 12 बजे होगा महाभिषेक**

इससे पहले मंदिर में बाल गोपाल को नमकीन, मिठाईयां, परांठे, कचौरी, खीर, केक, पिज्जा, पास्ता, वेरिटोज से भोग लगाया गया। इसके बाद भगवान का पञ्च गव्य (दूध, दही, शहद, घी, फलों के रस एवं पुष्प) से सुन्दर अभिषेक किया गया। यहां आने वाले भक्तों में सिंगापुर, कनाडा, मॉरिशस, अमेरिका और फ्रांस से करीब 200 ये ज्यादा श्रद्धालू आए है। जो मंगलगीत और कीर्तन भी कर रहे है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है।

**मंगलाआरती और पांचों पहर में लगा भोग**


जन्माष्टमी पर सुबह साढ़े चार बजे मंगला आरती से लेकर रात्रि 12 बजे तक पांचों पहर की आरती में भगवान श्रीकृष्ण को 108 प्रकार का भोग लगाया गया। सुबह आरती के साथ ही मंदिर के द्वार लोगों के लिए खोल दिए गए थे। जिसके बाद भक्तों का आना लगातार जारी है। सुबह साढ़े सात बजे दोबारा आरती की गई। दोपहर साढ़े 12 बजे राजभोग लगाया गया। इसके बाद शाम 6.30 बजे संध्या आरती हुई। इसके बाद रात्रि 12 बजे आरती और श्रीकृष्ण और राधा रानी पर महाभिषेक हुआ।



इसके अलावा नोएडा में सेक्टर-2 स्थित लाल मंदिर और सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए है। यहां जन्माष्टमी कार्यक्रम में देव दर्शन एवं झूला, सहस्त्र नाम जाप, अभिषेक, पूजा आराधना एवं भोज का दौर जारी है। इसके बाद रात को आतिशबाजी का कार्यक्रम हुआ। आतिशबाजी समारोह में सांसद डॉ. महेश शर्मा एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा सेक्टर-12 स्थित कलरिया बाबा मंदिर, सेक्टर-49 स्थित वोडा महादेव मंदिर में भी भक्तों की कतार लगी है।

## कंपनी से डेटा चोरी के मामले में छह पर एफआईआर

**नोएडा,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-63 स्थित नेक्सजेन एनर्जिया लिमिटेड के पूर्व कर्मचारियों पर कंपनी के ग्राहकों का डाटा चोरी कर एवं उन्हें डिलीट करने के मामले में पूर्व कर्मचारी समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कंपनी की ओर से इनके खिलाफ पूर्व में शिकायत दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया कि उत्कर्ष गुप्ता, राहुल रस्तोगी, प्रिया खरे, सुधीर कुमार, गजानन देश मुख, श्वेता सिंह ने मिलकर कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष गुप्ता ने पिछले साल ही कंपनी को जॉइन किया था। इसके बाद से वे ग्राहकों का डाटा चोरी करने लगे। साथ ही कंपनी को बिना बताए ही समान प्रतियोगी कंपनी बनाने लगे। उन्होंने बताया कि कंपनी एचआर पॉलिसी के तहत एक ट्रेड में 3 साल तक काम नहीं कर सकते है। जबकि उत्कर्ष गुप्ता ने अपने दोस्त राहुल रस्तोगी को कंपनी में बुलाया और कंपनी के अन्य लोगों के साथ मिलकर एक नई कंपनी बना ली। डाटा चोरी करते पाए जाने पर इन लोगों ने जान से मारने तक की धमकी दे डाली। कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और जानकारी को व्यक्तिगत मेल और पेन ड्राइव में लिया गया।

■ **पैरेलल कंपनी बनाकर कर रहे थे धोखाधड़ी**

कंपनी के द्वारा उपलब्ध कराए गए फोन, सिम, लैपटॉप आदि जोकि महत्वपूर्ण जानकारी से भरे थे। उसे बाहर ले जाकर समान कंपनी बनाई। इस मामले में थाना सेक्टर-63 पुलिस से शिकायत की गई थी। पुलिस ने इस मामले में सभी छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जल्द ही आरोपियों से पूछताछ कर उनको गिरफ्तार कर सकती है।

उवाच

भारत के जैविक कृषि और जैविक खाद्य क्षेत्र का सबसे बड़ा आयोजन है, जिसमें देश भर से संपूर्ण जैविक कृषि और खाद्य बिरादरी की उपस्थिति है, जिसे नर्नबर्ग मेस्सी इंडिया और कृषि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।
**सुनील बर्थवाल, केंद्रीय वाणिज्य सचिव**

# कैपिटल ज़ोन

# फार्म हाउस पर सो रहे दो दोस्तों को फावड़े से काटकर उतारा मौत के घाट

**दनकौर, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बालू खेड़ा गांव में बुधवार की रात अज्ञात बदमाशों द्वारा फार्म हाउस पर सो रहे दो दोस्तों को फावड़े से काटकर मौत के घाट उतार दिया गया। मृतकों में एक उत्तर प्रदेश रोडवेज बस का रिटायर्ड ड्राइवर था जबकि दूसरा ठेकेदार वह फिल्म लेखक था। बुधवार की सुबह दोनों की मौत की जानकारी मिलने के बाद गांव में मातम पसर गया।

सूचना के बाद दनकौर समेत चार थानों की पुलिस और डीसीपी साद मियां खां एवं एडीसीपी अशोक कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शाम को जब दोनों के शव गांव में पहुंचे तो मातम पसर गया और गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस का कहना है कि मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। मिली जानकारी अनुसार विक्रमजीत (45) कई वर्षों से ग्रेटर नोएडा में रहकर ठेकेदारी का कार्य कर रहा था। जबकि रामकुमार (62) उत्तर प्रदेश रोडवेज बस का चालक था जो करीब एक महीने पहले ही सेवानिवृत्ति हुआ था। दोनों रिश्ते के चाचा भतीजे थे जबकि अच्छे दोस्त भी थे। रामकुमार के सेवानिवृत होने के बाद विक्रमजीत भी अपने गांव बल्लूखेड़ा में बने फार्म हाउस पर रहने लगा। यहां दोनों दोस्त साथ ही खाना खाते और सोते थे। रोजाना की तरह बुधवार की रात दोनों दोस्त फार्म हाउस पर सो रहे थे तभी अज्ञात बदमाशों द्वारा फावड़े से दोनों की गर्दन पर कई वार किए गए। गुरुवार की सुबह जब विक्रमजीत के एक परिजन फार्म हाउस पर पहुंचे तो दरवाजा नहीं खुल सका।







■ घटना के बाद चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची
■ फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड समेत अन्य टीम कर रही जांच

इसके बाद वह दीवार कूदकर अंदर गए तो दोनों को खून से लथपथ पाया गया। जानकारी मिलने के बाद अन्य परिजन व ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे जहां रामकुमार की मौत हो चुकी थी जबकि अधिक खून बह जाने के कारण विक्रमजीत की हालत काफी गंभीर बनी हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विकृत को इलाज के लिए ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस द्वारा दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया इसके बाद गुरुवार की शाम दोनों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए।

बताया जाता है की विकृत और रामकुमार एक फिल्म बनाने वाले थे जिसको लेकर तैयारियां तेज चल रही थी। फार्म हाउस पर ही फिल्म बनाने के लिए स्टूडियो समेत अन्य उपकरण तैयार किया जा रहे थे। घटना के बाद फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड समेत अन्य टीम में मौके पर पहुंची और घंटा से जांच की गई।

मृतक रामकुमार के बेटे शीशपाल की तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है । जल्द ही हत्यारों का सुराग लगा लिया जाएगा।

## यमुना प्राधिकरण के आगामी बोर्ड बैठक में लिए जाएंगे महत्वपूर्ण निर्णय

**ग्रेटर नोएडा, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** यमुना प्राधिकरण की 12 सितम्बर को होने वाली बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे। डाटा सेंटर पार्क के भूखंडों की आने वाली योजना के नियमों बदलाव करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। इसके अलावा मास्टर प्लान-2041, औद्योगिक, मिक्सलैंड, कामर्शियल एवं संस्थागत आवंटियों को ओटीएस का प्रस्ताव रखा जाएगा। मथुरा-राया में प्रस्तावित हेरीटेज सिटी की संशोधित डीपीआर भी बोर्ड में रखी जाएगी। यमुना प्राधिकरण की 12 सितम्बर को बोर्ड बैठक होगी। डाटा सेंटर पार्क योजना में कंपनियां आगे नहीं आईं। प्राधिकरण ने डाटा सेंटर के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरह नियम बनाने का निर्णय लिया है। नियमों में बदलाव का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बैठक में मथुरा-राया में बनने वाले हेरीटेज सिटी की संशोधित डीपीआर और 2041 का संशोधित मास्टर प्लान रखा जाएगा।

प्राधिकरण संस्थागत, व्यवसायिक, मिश्रित श्रेणी और औद्योगिक भूखंड के आवंटियों को भी ओटीएस का लाभ देगा। इसके लिए ओटीएस का प्रस्ताव रखा जाएगा। औद्योगिक बकायेदार आवंटियों पर 383 करोड़ रुपए और संस्थागत आवंटियों पर 3132 करोड़ रुपए बकाया है। 2500 करोड़ रुपए व्यवसायिक आवंटियों पर भी देनदारी है।

## सेक्टर व गांव की साफ सफाई के लिए ग्रेनो प्राधिकरण करेगा मंथन

**ग्रेटर नोएडा, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आगामी 13 सितम्बर को शहर और गांवों में साफ सफाई को बेहतर बनाने के लिए मंथन करेगा। प्राधिकरण ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, मैकेनिकल सफाई और इससे जुड़ी कंपनियों को चर्चा के लिए बुलाया है। उनसे सुझाव भी लिए जाएंगे। ग्रेटर प्राधिकरण शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रयास कर रहा है। इसको लेकर नये-नये प्रयोग हो रहे हैं। प्राधिकरण ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा पहुंचाने, मैकेनिकल सफाई करने वाली कंपनियों के साथ बैठक करेगा। 13 सितम्बर को होने वाली बैठक में कंपनियों से सुझाव लिए जाएंगे। जीएम स्वास्थ्य रजनीकांत ने बताया कि बैठक में कंपनियों से सुझाव लिए जाएंगे। ताकि व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

## कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर निकाली पद यात्रा



**ग्रेटर नोएडा, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी राहुल गांधी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा जो 7 सितम्बर 2022 को शुरू हुई थी उसी भारत जोड़ो यात्रा की प्रथम वर्ष गांठ पर कांग्रेस ने जिला मुख्यायल दादरी से सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा तक भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली गई, यात्रा का सुभारंभ वन्दे मातरम् एवं राष्ट्र गान से शुरु हुआ और शहीद स्मारक पर शहीदो को नमन करते हुए समापन हुआ। यात्रा के समापन के उपरांत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि नफरत छोड़ो भारत जोड़ो अभियान आगे भी चलता रहेगा और लोगों से इस अभियान में जुड़ने की अपील की। यात्रा में मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी सचिन चौधरी एवं प्रदेश सचिव सुधीर पाराशर उपस्थित रहे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने यात्रा से पहले अपने नेता राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का कांग्रेस पार्टी कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रभारी सुधीर पराशर, वरिष्ट नेता देवेंद्र भाटी, महिला महासचिव उर्मिला चौधरी एससी एसटी महासचिव कृष्ण पाल सिंह एआईसीसी सदस्य पुरुषोत्तम नागर, जितेंद्र चौधरी कुलदीप मालिक मुकेश शर्मा, रमेश तौफीक, मलिक सभासद, महिला अध्यक्ष राधा रानी, कैलाश बंसल, नीरज शर्मा, ब्रह्मपाल भाटी, धर्म सिंह, बाल्मिकी सिंह, उदय नागर, राम भरोसे शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## दनकौर मेले में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**दनकौर, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कस्बे में लगने वाले मेले की शुरुआत गुरुवार से हो चुकी है। यह मेला श्री गुरु द्रोणाचार्य मंदिर परिसर में लगाया गया है। एक तरफ तो मेले में विभिन्न प्रकार के झूले लगे हैं जबकि दूसरी तरफ मनमोहक सामान से दुकानें सजी हुई हैं। आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार से दो दिवसीय कबड्डी का आयोजन शुरू होगा। इसमें भाग लेने के लिए कई राज्यों के खिलाड़ी पहुंचने की संभावना है। फाइनल कबड्डी में 51 हजार रुपए का इनाम रखा गया है। इसके बाद प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी तीन दिवसीय दंगल का भी आयोजन किया जाएगा।



11 सितम्बर को होने वाले फाइनल दंगल पर भी 51 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। गुरुवार को श्री द्रोणाचार्य मंदिर में भव्य दर्शन और श्री कृष्ण भजन एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से मेला ग्राउंड में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जबकि लोगों की सुरक्षा के लिये परिसर में ही दनकौर पुलिस द्वारा अस्थाई चौकी भी बनाई गई है।

## जैविक कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और मानकों में सुधार की आवश्यकता : सुनील बर्थवाल

**ग्रेटर नोएडा, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** इंडिया एक्सपोमार्ट में बायोफैच इंडिया 2023 के तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए केद्रीय वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा भारत के जैविक कृषि और जैविक खाद्य क्षेत्र का सबसे बड़ा आयोजन है, जिसमें देश भर से संपूर्ण जैविक कृषि और खाद्य बिरादरी की उपस्थिति है, जिसे नर्नबर्ग मेस्सी इंडिया और कृषि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इन वस्तुओं के भारतीय मानकों को बढ़ावा देने और दुनिया भर में आयात करने वाले देशों के मानकों का अनुपालन करने की आवश्यकता है। एपीडा के साथ उद्योग को एपीडा के तहत राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) के तहत उत्पादित जैविक उत्पादों के लोगो 'भारत जैविक' को बढ़ावा देना चाहिए, इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में उत्पादों की विश्वसनीयता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में एवोकैडो और पैशन फ्रूट जैसे कई कृषि उत्पाद जैविक रूप से उत्पादित किए जा रहे हैं और इन घरेलू उत्पादित उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। वर्तमान में अज्ञानता के कारण इनका आयात किया जा रहा है। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) को भारत में उपलब्ध इन उत्पादों के बारे में एक अभियान चलाना चाहिए। ई-कॉमर्स माध्यम से जैविक उत्पादों के निर्यात को और बढ़ावा दिया जा सकता है और भारतीय जैविक वस्तुओं की विश्वसनीयता स्थापित करने की आवश्यकता है। वाणिज्य मंत्रालय एपीडा के साथ निर्यात बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चूंकि मंत्रालय इस क्षेत्र के लिए एक मंच बनाने पर काम कर रहा है जहां उद्योग अपने मुद्दों को उठा सकें। वर्तमान में जैविक उत्पादों के लिए 30 प्रमाणन निकाय हैं और मंत्रालय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए संख्या में और वृद्धि कर सकता है। जैविक खाद्य उत्पादों में देश की ताकत और सफलता का प्रदर्शन किया। देश से जैविक कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने की एक बड़ी संभावना है। वैश्विक बाजार लगभग 135 बिलियन अमरीकी डालर का है और भारत का निर्यात शिपमेंट केवल 700 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक है। किसानों सहित जैविक कृषि उद्योग को इन उत्पादों की गुणवत्ता और मानकों में सुधार पर काम करने की जरूरत है क्योंकि जैविक खाद्य खंड निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय देश से जैविक कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस अवसर पर एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने बताया कि जैविक खाद्य पदार्थ 2022-23 में निर्यात लगभग 5,525.18 करोड़ रुपए (708.33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था। जैविक उत्पाद संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ, कनाडा, ग्रेट ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, इक्वाडोर, कोरिया गणराज्य, वियतनाम और जापान को निर्यात किए जाते हैं।



■ बायोफैच इंडिया 2023 के तीन दिवसीय प्रदर्शनी का केंद्रीय वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने किया उद्घाटन

## स्वर्ण नगरी आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** सेक्टर स्वर्णनगरी आरडब्ल्यूए द्विवार्षिक चुनाव को लेकर बैठक हुई, जिसमें चुनाव कार्यक्रम को तय किया गया। चुनाव को लेकर 8 से 13 सितम्बर तक मतदाता बनाएं जाएंगे, 14-15 को मतदाता सूची का सत्यापन, 16 को मतदाता सूची सार्वजनिक की जाएगी। 17 तारीख को नामांकन प्रक्रिया और 18 को नामांकन वापसी की जाएगी। 24 सितम्बर को मतदान सेन्ट्रल पार्क स्वर्ण नगरी में किया जाएगा। बैठक में विरेन्द्र कुमार डाढा, सत्यप्रकाश भड़ाना, गोपाल सिंह, रघुराज भाटी व कमला मावी शामिल हुए।

## सुपरटेक इकोविलेज-2 सोसाइटी में भव्य रूप से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**ग्रेटर नोएडा, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** सुपरटेक इको विलेज 2 में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन हर साल की तरह इस साल भी भव्य कृष्ण जन्माष्टमी का किया गया। पूरी सोसायटी को बेहद खूबसूरती से सजाया गया है। कृष्ण लीला में 300 से ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया। कृष्ण लीला को देखने के लिए हजारों लोग देर रात तक मौजूद रहे। सुपरटेक इको विलेज 2 मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजीव सक्सेना का कहना है कि कृष्ण जी के जीवन को बच्चे जानें ये बहुत जरूरी है और इसके लिए कृष्ण लीला से बेहतर कुछ भी नहीं है। उन्होंने बताया कि बच्चों को एक महीने से ज्यादा की ट्रेनिंग दी गई। बच्चों को प्रशिक्षण देने में निवेदिता सक्सेना, ज्योति जायसवाल सहित सोसायटी में रहने वाली कई महिलाओं ने अहम भूमिका निभाई। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव और आनंद कुमार राय का कहना है कि जनमाष्टमी का भव्य आयोजन हर साल तमाम रेजीडेंट्स के सहयोग से होता है। इस साल भी सभी लोगों में जन्माष्टमी के अवसर पर उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर ट्रस्ट की तरफ से मनोज कुकरेती, राजकुमार राठौड़, नीरज कुमार, नीलेश सिंह, दीपक पारिख, बलराज नागर, लक्ष्मण कुमार, पंकज सिंह के साथ ही रेजीडेंट सोनू राणा, डीके सिन्हा, आशीष श्रीवास्तव, आशीष त्यागी, पुनीत चौहान, विजॉय श्रीवास्तव, जी बी भट्ट सहित कई निवासियों ने भव्य कार्यक्रम के आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरी सोसायटी अब गणपति बप्पा के स्वागत की तैयारियों में जुट गई है।



## इस्कॉन की तरफ से आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मना

**ग्रेटर नोएडा, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** इस्कॉन ग्रेटर नोएडा की तरफ से सेक्टर अल्फा-दो डेल्टा लेबर चौक पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। गुरुवार को भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान का भव्य अभिषेक किया गया, जिसमें सात सौ किलो फूल मंगाया गया। लोक नाथ स्वामी महाराज जो प्रभुपाद के परम शिष्यों में से एक है, उन्होंने अपने आशीष से लोगों को अभिभूत किया। पहले दिन बहुत ही धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हजारो दर्शनर्थियों ने महोत्सव मे भाग लिया, महोत्सव मे बहुत सारे स्टाल लगाए गए है, जिसमें गोविंदा रेस्ट्रॉरेंट भगवान को भोग लगहुआ सात्विक फूड दिया जा रहा है। स्वरूपानंद प्रभु के द्वारा संचालित प्रचार के स्टाल पर सभी नावागातुको ने इस्कॉन संस्था और उसके नियमित कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। बच्चों के लिए बनाया गया किड्स फन जोन आकर्षण का केंद्र रहा, बच्चों ने वहां भगवान की पेंटिंग, श्लोको का उच्चारण इत्यादि सीखा।



कार्यक्रम में पहुंचे हजारों लोगों ने जप-यज्ञ मे भाग लेकर, हरे कृष्ण महामंत्र का 108 बार उच्चारण किया। इस्कॉन ग्रेटर नॉएडा के सहअध्यक्ष अतुल कृष्ण प्रभु ने कृष्णकथा का आश्वदन कराया, इसके पश्चात भंडारा प्रसाद के साथ उत्सव संपन्न हुआ।

## श्री साई अक्षरधाम मंदिर में श्रीकृष्ण रास लीला का हुआ भव्य आयोजन



**ग्रेटर नोएडा, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** श्री साई अक्षरधाम मन्दिर, डेल्टा -3, ग्रेटर नोएडा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण रास लीला, मयूर नृत्य, अनेक प्रकार की झाकियां एवं दीप मंगल एंड पार्टी द्वारा भजन किया गया। इस दौरान आसपास के सेक्टर के लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इसी साथ रात्रि 12 बजे कृष्ण जन्म, स्नान, आरती, प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर ट्रस्टी विपिन अग्रवाल, मीना अग्रवाल एवम साई सेवक रमेश चन्दानी, डॉ. भूषण, सुनील भाटी, गरिमा चन्दानी, पंडित विकास, आलोक सिगंल, लाल सिंह, रोहित उपस्थित रहे।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-डाढा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-डी.ए.012368, भूखण्ड संख्या-86, क्षेत्रफल-230 वर्ग मीटर सर्वश्री दुलीचन्द, दयाचन्द, सतवीर पुत्रगण श्री लिक्खी सिंह, निवासी-ग्राम-डाढा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री दुलीचन्द पुत्र श्री लिक्खी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री कालू, देवेन्द्र, कपिल भाटी पुत्रगण स्व० श्री दुलीचन्द, निवासी-ग्राम-डाढा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री कालू, देवेन्द्र, कपिल भाटी पुत्रगण स्व० श्री दुलीचन्द, निवासी-ग्राम-डाढा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्धनगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-कासना की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-के.ए.एस.01308, भूखण्ड संख्या-35ए, पाकेट-बी, क्षेत्रफल-176 वर्ग मीटर श्री दुलीचन्द पुत्र श्री लिक्खी सिंह, निवासी-ग्राम- डाढा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री दुलीचन्द पुत्र श्री लिक्खी की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री कालू, देवेन्द्र, कपिल भाटी पुत्रगण स्व० श्री दुलीचन्द, निवासी-ग्राम- डाढा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके सर्वश्री कालू, देवेन्द्र, कपिल भाटी पुत्रगण स्व० श्री दुलीचन्द, निवासी-ग्राम-डाढा, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में सहः आवटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# बच्चों के स्वस्थ जीवन के लिए मां को गर्भधारण से पहले पोषण का रखे ख्याल : कंचन खुराना

**ग्रेटर नोएडा, 7 सितम्बर (देशबन्धु)।** शरीर को स्वस्थ रखने के साथ रोगों के प्रति शरीर में प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित करता है सही पोषण। पोषण के महत्व के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 1 से 7 सितम्बर तक मनाया जाता है। हाल ही में विश्व भर में फैली कोविड महामारी के बाद पोषण का महत्व समझना और भी आवश्यक हो गया है। पोषण की अहमियत के प्रति जागरूकता के लिए बहुत सी स्वैच्छिक संस्थाएं, समूह और भारत सरकार लोगों को जागरूक करने के लिए वेबिनार, गोष्ठियां और अभियान आयोजित कर रहे हैं। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह हमें याद दिलाता है कि संतुलित आहार लेने से हमें स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। राष्ट्रीय पोषण मिशन 2023 में, सरकार का लक्ष्य शिशुओं, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरों को पर्याप्त पोषण प्रदान करके भारत को कुपोषण मुक्त बनाना है। इसका उद्देश्य बौनापन, अल्पपोषण, जन्म के समय कम वजन और एनीमिया को कम करना है। पोषण के महत्व को समझाने के लिए डॉक्टरों द्वारा भी उचित और पोषक भोजन की सलाह देते हैं। सही चीजें न खाने से कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं, जैसे उचित शारीरिक विकास न होना, सीखने में परेशानी होना और बार बार बीमार पड़ना। बचपन से ही बच्चों सही आहार बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने, विकास करने, सीखने, खेलने, भाग लेने और समाज में योगदान करने के लिए सामर्थ्य प्रदान करता है। एक मां को गर्भधारण से पहले ही स्वस्थ भोजन की आदतें शुरू कर देनी चाहिए, फोलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम और प्रोटीन की सटीक मात्रा से बच्चे का जन्म के समय स्वस्थ वजन और रक्त पैरामीटर प्राप्त होंगे। एक मां अपने आहार में आयरन और प्रोटीन के समृद्ध स्रोत के रूप में गुड़ और मूंगफली का मिश्रण खा सकती है। उदाहरण के लिए, कुछ सब्जियों की पत्तियां जिन्हें पकाने के दौरान फेंक दिया जाता है, वास्तव में आयरन से भरपूर होती हैं। गाजर और पत्तागोभी के पत्ते, गोभी के डंथल की सब्जी, मूली के पत्तों की भुजिया आदि। कंचन खुराना, सीनियर क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट, फोर्टिस अस्पताल, ग्रेटर नोएडा ने बच्चे के जन्म से पोषण के प्रति जागरूक रहने का महत्व समझते हुए कहती हैं, 'बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिनों में सही और पोषक चीजें खाना बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें गर्भावस्था के 270 दिन और जन्म के बाद पहले 365 दिन, और फिर दूसरे वर्ष के 365 दिन शामिल हैं। बच्चों को पहले 6 महीनों तक केवल उनकी मां का दूध दिया जाना चाहिए और उसके बाद, उन्हें अन्य खाद्य पदार्थ जैसे ठोस आहार, हरी सब्जियां, फल और सब्जियां देना चाहिए। जंक फूड और मीठे पेय से दूरी बनाए रखना जरूरी है। 6 महीने के बाद बच्चे को ठोस आहार देना शुरू करें जिसमें कद्दू का सूप, पालक का सूप और धीरे-धीरे गेहूं और अन्य बाजरा जैसे बाजरा, जौ, रागी आदि शामिल होना चाहिए। इससे बच्चे के पर्याप्त शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिलती है। इससे बच्चे में बेहतर प्रतिरक्षा विकसित होती है और एसपीडी (सेंसरी प्रोसेसिंग डिसऑर्डर) को रोका जा सकता है।



राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 8 सितम्बर 2023
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# धार्मिक मुद्दे को तूल देते पीएम

इसे किसी भी देश के लिये सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण कहा जा सकता है कि वहां की सरकार धार्मिक विवादों को शांत करने की बजाये उसे और भड़काये। इतना ही नहीं, ज्यादा दुखद तो यह होता है कि वह उस विवाद में बाकायदा एक पार्टी बन जाये और ऐसे विवादों का सियासी लाभ लेने की हर घड़ी जुगत बिठाये। भारत के साथ यह होता साफ दिख रहा है और वह भी अभी से नहीं बल्कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र में बनी है, इस प्रकार के मुद्दों का उपयोग वह अपनी सत्ता को बचाये रखने या फिर पाने के लिये करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस खेल में दिन-ब-दिन सिद्धहस्त होते जा रहे हैं। ऐसा करने से उन्हें राजनैतिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु ऐसा करना न देश के लिये उचित है और न ही समग्र लोकतंत्र के भले में है। संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति के लिये मज़हबी मतभेदों को समाप्त करने की पहल करनी चाहिये, न कि उन्हें और भी तूल देने की।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र व मंत्री उदयनिधि का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है जिसमें उन्होंने सनातन धर्म को डेंगू व मलेरिया के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा कि जितनी जल्दी उसका उन्मूलन हो उतना ही अच्छा। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव हारने से बौखलाई भाजपा और स्वयं मोदी मुद्दों की तलाश में हैं। कांग्रेस की अगुवाई में बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' के लगातार मजबूत होने तथा अपने कारोबारी मित्र गौतम अदानी से उनकी कथित सांठ-गांठ के कारण मोदी की छवि काफी दरक चुकी है। ठीक एक साल पहले निकाली गई राहुल गांधी की बेहद सफल 'भारत जोड़ो यात्रा' का सीक्वल आ ही रहा है। इस बार राहुल पश्चिम से पूरब की तरफ देश को अपने कदमों से नापने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इससे रही-सही कसर भी पूरी हो जायेगी और पहले से नाज़ुक स्थिति में चल रही भाजपा की सांसें इसी वर्ष के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पूरी तरह से उखड़ सकती हैं। 2024 के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के लिये उसे मुद्दों की सख़्त दरकार है क्योंकि उसका साम्प्रदायिक चेहरा मणिपुर, नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई घटनाओं से पूर्णत: बेनकाब हो गया है। जनता जान गई है कि देश इसका खामियाजा भुगत रहा है। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी जान गई है कि मोदी और हिन्दुत्व के चेहरे पर अगले चुनाव की वैतरणी पार होने से रही। यह सरकार जन सरोकार के मामले में पहले ही नाकाम हो चुकी है जिसके कारण वह किसी भी मुद्दे को लेकर जनता को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रही। इसलिये उसके सामने ध्रुवीकरण के अलावा कोई चारा दिखाई नहीं देता।

अदानी का मुद्दा देश-विदेश दोनों जगहों पर छाया हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद हाल ही में वही कहानी दुनिया के दो प्रतिष्ठित अखबारों 'गार्डियन' एवं 'दी फाइनेंशियल टाइम्स' ने आगे बढ़ा दी है। इनमें छपी रपटें बताती हैं कि अदानी ने अनेक तरह की वित्तीय अनियमितताएं कीं और मोदी सरकार उन्हें प्रश्रय देती रही, बचाती भी रही। इसके साथ ही राहुल गांधी सच साबित होते चले गये जिन्होंने अदानी-मोदी रिश्तों की बात उठाई, जिसके कारण अपनी सांसदी खोई। यह अलग बात है कि उनकी लोकसभा सदस्यता छीनने का बहाना एक टुच्चा सा अवमानना का अदालती मामला था जिसके आधार पर उन्हें अधिकतम (दो साल) सजा सुनाई गई ताकि वे सदन से रुख़सत किये जा सकें। सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द की जिससे राहुल को सदस्यता व शासकीय आवास लौटाया गया। अब राहुल फिर से अनेक यूरोपीय देश जा रहे हैं जहां वे कई जगहों पर भाषण देंगे। पहले की तरह मोदी की मुश्किलें बढ़नी तय हैं।

बहरहाल, विपक्षी गठबन्धन के नाम से परेशान मोदी सरकार ने देश का 'इंडिया' नाम ही हटा दिया और अब वह सरकारी दस्तावेजों से 'इंडिया' शब्द हटाकर 'भारत' लिख रही है। इसे राष्ट्रवाद का नया काढ़ा कहा जा सकता है जो उनके समर्थकों को अपने खेमे में बनाये रखने के लिये तैयार किया गया है क्योंकि भाजपा के चिर-परिचित फार्मूले बेकार साबित हो गये हैं। इनमें चीन को लाल आंखें दिखलाना, पाकिस्तान को घर में घुसकर मारना, 56 इंच आदि शामिल हैं। वैसे इंडिया बनाम भारत का मसला भी पार्टी में पर्याप्त ऊर्जा नहीं भर पा रहा है क्योंकि इसके पहले कि भाजपा के आईटी सेल की रचनात्मकता जोर मारती, केन्द्र के एक मंत्री ने ही कह दिया है कि 'इंडिया' भी रहेगा और 'भारत' भी।

ऐसे में उदयनिधि का बयान भाजपा के लिये अंधे को मिलने वाली दो आंखें साबित हुआ है। बुधवार को हुई केबिनेट की बैठक में मोदी ने अपने मंत्रियों को निर्देश दिये कि इंडिया-भारत के मुद्दे पर चुप रहें लेकिन सनातन वाले मुद्दे पर कसकर जवाब दे। यह इस बात की बानगी है कि मोदी राज में सरकार व भाजपा किस प्रकार से गड्डु-मड्डु हो चुके हैं। मोदी भूल गये कि वे पार्टी बैठक या चुनावी रैली में नहीं बल्कि शासकीय बैठक में बोल रहे हैं। वहां बैठकर उन्हें देश को इस गर्मा-गर्मी से बाहर निकालना चाहिये था जिससे देश में साम्प्रदायिक तनाव न बढ़े। संवैधानिक पद पर बैठे पीएम को मंत्रियों को निर्देशित करना चाहिये था कि इस मामले को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सुलटाया जाये। वैसे मोदी से ऐसी उम्मीद करना बेकार है क्योंकि वे स्वयं ही चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन कर आम सभाओं में गौमाता, राममंदिर, बजरंग बली आदि के नाम पर वोट मांगते हैं।

# हिंदुत्व की जगह सनातन का बाना धारण करने की जुगत

■ बादल सरोज

तमिलनाडु में साहित्यकारों और कलाकारों की एक वैचारिक सभा में डीएमके के युवा नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के उन्मूलन वाले बयान के बाद भाजपा और संघ बवाल मचाने में भिड़ा है। सनातन उन्मूलन सम्मेलन में भाग लेते हुए पहले उदयनिधि स्टालिन ने भारतीय मुक्ति संग्राम में आरएसएस का योगदान शीर्षक से व्यंग्य चित्रों वाली एक पुस्तक का विमोचन किया था ; भक्त इसके बारे में एक भी शब्द नहीं बोल रहे, वे इसके बाद दिए गए भाषण में उन्होंने सनातन धर्म को लेकर जो टिप्पणियां की थी उन्हें लेकर भनभनाये हुए हैं। उदयनिधि स्टालिन ने अपने संबोधन में सम्मेलन के शीर्षक को बहुत अच्छा बताया और इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि 'सनातन विरोधी सम्मेलन' के बजाय 'सनातन उन्मूलन सम्मेलन' रखा जाना इसलिए ठीक है क्योंकि हमें कुछ चीज़ों को ख़त्म करना होगा। सिर्फ उनका विरोध करने से काम नहीं चल सकता। जैसे मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना वायरस इत्यादि का विरोध करना काफी नहीं होता, उन्हें खत्म करना होता है ठीक उसी तरह सनातन धर्म भी ऐसा ही है जिसका हमें विरोध नहीं करना है बल्कि इसका उन्मूलन करना है। उन्होंने कहा कि सनातन समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ़ है। 'सनातन सिद्धांत और लोकतांत्रिक सिद्धांत के बीच दो हज़ार साल पुराना संघर्ष है. वे वर्षों पहले मौजूद सनातन सिद्धांत को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। फासीवादी ताक़तें हमारे बच्चों को पढ़ने से रोकने के लिए कई योजनाएं लेकर आ रही हैं। सनातन की नीति यही है कि सबको नहीं पढ़ना चाहिए। एनईईटी परीक्षा इसका एक उदाहरण है।' उन्होंने चेतावनी दी कि 'अगर सनातन सत्ता में वापस आते हैं, तो वर्णाश्रम और जातिगत भेदभाव फिर से अपना सिर उठाएगा।' इसलिए 'हमारा पहला काम सनातन को हटाना है न कि केवल उसका विरोध करना। सनातन समानता और सामाजिक न्याय का विरोध करता है. इसका मतलब है वो चीज़ जो स्थायी हो यानी ऐसी चीज़ जो कभी न बदली जा सके, जिस पर कोई सवाल न उठाए. यही सनातन का अर्थ है।'

जिस सनातन को लेकर इतना हल्ला मचाया जा रहा है वह सनातन क्या है इस पर आने से पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि पिछले कुछ महीनों- अधिकतम एक साल- से आरएसएस और उसके कुनबे की भाषा में अचानक सनातन के इतनी प्रमुखता हासिल करने के पीछे मकसद क्या है? गोलवलकर की 1939 में लिखी किताब 'हम और हमारी राष्ट्रीयता', जिसे आरएसएस ने अभी तक आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया, फिलहाल उससे अपनी असंबद्धता ही जाहिर की है, उसमें हिन्दू राष्ट्र में रहने की 5 योग्यतायें गिनाते समय एक धर्म-सनातन धर्म- का उल्लेख छोड़कर अभी तक संघ के प्रचार साहित्य में भी सनातन का उस तरह जिक्र नहीं मिलता जिस तरह हाल के कुछ महीनो में शुरू हुआ है। हर जगह हिन्दू पहचान, हिन्दू धर्म, हिंदुत्व और उस पर आधारित हिन्दू राष्ट्र की बात मिलती है। हिंदुत्व भी वह वाला जिसे उन सावरकर ने परिभाषित किया था जो खुद किसी धर्म में विश्वास नहीं करते थे और घोषित रूप से स्वयं को नास्तिक बताते थे। संघ द्वारा अचानक से हिन्दू धर्म और हिंदुत्व को कब और क्यों गंगा में सिरा दिया गया और बंद अंधेरी गुफा में पड़े सनातन की प्राणप्रतिष्ठा कर दी गई? यह अचानक नहीं हुआ। इसकी भी एक क्रोनोलॉजी है। मुख्य वजह यह है कि हिंदुत्ववादी साम्प्रदायिकता के उभार के बाद से देशभर में चले विमर्श में हिंदुत्व के वर्णाश्रम, जाति श्रेणी क्रम के अमानवीय आधार, लोकतंत्र और समता के निषेध के आपराधिक रूप जनता के सामने आये हैं-नतीजे में इसकी अमानुषिकता उजागर हुई है। इनके कथित सामाजिक समरसता के अभियानों के बावजूद दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़े समुदायों और महिलाओं के एक बड़े हिस्से में हिंदुत्व के असली चेहरे की भयावहता सामने आई है-उनकी इसके प्रति अरुचि बढ़ी है, अविश्वास बढ़ते-बढ़ते तिरस्कार भाव तक पहुंचने लगा है। इसी के साथ, इसी बीच, हिन्दू शब्द के उद्गम को लेकर आई जानकारियों ने भी इस गिरोह को असुविधा में डाला है। लिहाजा बहुत ही सोचे-समझे तरीके से पिछले कुछ महीनों से इस कुनबे ने सनातन का नया बाना धारण करना शुरू कर दिया है।

> जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई।

हालांकि जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई। बंगाल के नवजागरण सहित ब्रह्मोसमाज आन्दोलन, दक्षिण के जाति और वर्णाश्रम विरोधी मैदानी और वैचारिक संघर्षों, महाराष्ट्र के सामाजिक सुधारकों की मुहिमों और खासकर उत्तर भारत में मूर्तिपूजा, अंधविश्वास और एक हद तक जाति-विरोधी आन्दोलन आर्य समाज के बरक्स असमानता, ऊंच-नीच और भेदभाव का धुर पक्षधर पुराणपंथ सनातन के नाम पर गिरोहबंद हुआ। 18वीं और 19वीं सदी में सनातनियों का सबसे बड़ा युद्ध जिस आर्य समाज के साथ हुआ था उस आर्य समाज का तो नारा ही वेदों की ओर वापस लौटने का था इसलिए सनातन धर्म का वैदिक धर्म के साथ कोई रिश्ता होने का सवाल ही नहीं उठता। यूं भी चारों वेदों में कहीं सनातन नहीं है, 14 ब्राह्मण ग्रंथों, 7 अरण्यकों, 108 उपनिषदों – जिनमें से ज्यादातर एक दूसरे के खिलाफ भी राय देते हैं –, में इसका कोई महात्म्य नहीं समझाया गया है। एक भागवत को छोड़कर, जो तुलनात्मक रूप से आधुनिक है, 18 पुराणों में भी सनातन का कहीं जिक्र नहीं मिलता।

श्री कृष्ण – जिनके उपदेश वाले ग्रंथ गीता को संघ भाजपा भारत का राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करता रहा है- उन्होंने तो धर्म की जो परिभाषा दी है वह सनातन को अधर्म करार देती है। वे कहते हैं कि 'जो समय के साथ नहीं बदलता, जो अपरिवर्तित और सनातन रहता है वह धर्म नहीं अधर्म है।' प्रश्न यह था कि जब द्रौपदी का चीरहरण किया गया तब द्यूत सभा में मौजूद सभी ज्ञानियों के चुप रहने पर कृष्ण ने अपनी आपत्ति दर्ज की और इसे अधर्म बताया। भीष्म और विदुर ने अपनी-अपनी प्रतिज्ञाओं के पालन का धर्म निबाहने का हवाला देते हुए खुद कृष्ण को कठघरे में खड़ा किया और कहा कि उन्होंने शस्त्र न उठाने का वचन तोड़कर खुद अधर्म किया है। इसके जवाब में कृष्ण धर्म को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि 'जिस धर्म का पालन करने की बात आप कर रहे है वह धर्म नहीं है। धर्म किसी वचन से बंधा नहीं होता, वह लगातार बदलता है, जो समय के साथ नहीं बदलता वह अधर्म है।' उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ युद्ध जैसा छेड़े आरएसएस और भाजपा यदि सनातन की सनातनता पर सचमुच में गंभीर हैं तो उन्हें पहले कृष्ण के खिलाफ मोर्चा खोलना चाहिये।

रही सनातन के शाब्दिक अर्थ के हिसाब से अनादिकाल से चले आने की बात है तो पाली भाषा में लिखे ग्रंथों में उन बुद्ध और उनके बौद्ध धर्म को भी सनातन कहा गया है जिन गौतम बुद्ध का खुद का यह कहना था कि 'दुनिया में कुछ भी स्थिर नहीं है। कुछ भी शाश्वत नहीं है। कुछ भी सनातन नहीं है। व्यक्ति और समाज के लिये परिवर्तन ही जीवन का नियम है। वेदों को प्रमाण मानने से इनकार करने वाले, ईश्वर के अस्तित्व को भी न मानने वाले पृथ्वी के इस हिस्से के पहले नास्तिक धर्म में भी 'है भी नहीं भी है' का संशयवाद है- हालांकि इसके बाद भी जैन धर्मावलंबियों का दावा है कि वह भी अनादिकाल से अस्तित्वमान है।

ठीक यही वजह है कि सनातन धर्म में सनातन क्या है यह बात कोई सनातनी भी न खुद समझ पाया है ना ही किसी को समझा पाया है। ताजा विवाद के बाद अचानक धर्मवेत्ता बन गए राजनाथ सिंह का राजस्थान में दिया गया भाषण इसी गफलत का एक और नमूना है। वे सनातन की ठीक उलटी परिभाषा देते हुए वह सब बातें बखानने लगते हैं सनातन जिनके पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि 'जो जड़ में हैं वही चेतन में है, जो पिंड में है वही ब्रह्माण्ड में है, जो छोटे में है वही बड़े में है, जो मेरे में है वही तेरे में है।' अरक्षनीय का रक्षण करते-करते वे यहां तक बोल गए कि 'जो जात पात और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता, न जिसका आदि है न अंत है वही सनातन धर्म है।' जाहिर सी बात है कि वे बता कम रहे थे छुपा ज्यादा रहे थे।

यह कुनबा जिस सनातन धर्म की बात कर रहा है वह वर्णाश्रम पर आधारित, जाति प्रथा और उसके आधार पर ऊंच-नीच यहां तक कि छुआछूत तक में यकीन करने, महिलाओं को शूद्रातिशूद्र मानने को धर्मसम्मत बताने वाली व्याधि है। यह वही जकड़न है जिससे निजात पाने के लिए कबीर से लेकर रैदास, गुरु घासीदास से होते हुए राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने अपने तरीकों से जद्दोजहद की। जोतिबा फुले से पेरियार होते हुए अम्बेडकर तक ने निर्णायक चोटें की। ईएमएस नम्बूदिरिपाद और एके गोपालन से होते हुए वाम आन्दोलन ने इसे सुधार से आगे बढ़ाया और सामाजिक बदलाव की लड़ाई से जोड़ा। इन्हीं संघर्षों का असर था जिसने भारत के संविधान के रूप में मूर्त आकार ग्रहण किया। जिसने भारत को मध्ययुगीन यातना गृह से बाहर निकाल एक सभ्य समाज बनाने की पृष्ठभूमि तैयार की। यही बाद में 70 के दशक में देश की राजनीति में सामाजिक प्रतिनिधित्व में गुणात्मक परिवर्तन के रूप में दिखा।

इस तरह यह जहां एक ओर कुख्यात हो गए हिंदुत्व की नई पैकेजिंग है वहीं दूसरी ओर इन ढाई-तीन हजार वर्षों के वैचारिक संघर्षों की उपलब्धियों का नकार भी है। संविधान और उसमें दी गई समता, समानता, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता का धिक्कार भी है। उनकी ताजा भड़भड़ाहट की वजह यह है कि हिंदुत्व और हिन्दू की जगह सनातन का जाप कर उसी पुराने और त्याज्य पर नया मुलम्मा चढ़ाने की इस कोशिश को लोग समझने लगे हैं। भट्टी सुलगने के पहले ही समता, सामाजिक सुधार, लोकतंत्र और संविधान की हिमायती ताकतें उसे बुझाने के लिए खुद जाग चुकी हैं औरों को भी जगा रही हैं। तमिलनाडु के साहित्यकारों, कलाकारों, बुद्धिजीवियों की वह सभा इसी जागरण अभियान का हिस्सा थी। कहने की आवश्यकता नहीं कि संघ और भाजपा जितना शोर मचाएंगे उतना ही इसके खिलाफ प्रतिरोध भी तेज से तेजतर होगा।

**( लेखक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा )**

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकतंत्र और संघवाद पर हमला

■ पी.सुधीर

नरेंद्र मोदी राज 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के नारे को लागू करके संसदीय लोकतंत्र और संघवाद पर दोहरा हमला शुरू करना चाहता है। सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। संदर्भ की शर्तें यह स्पष्ट करती हैं कि समिति का काम सिर्फ यह सिफारिश करना है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव को कैसे लागू किया जाये, और कानूनी और संवैधानिक कदम कैसे उठाये जायें। समिति से वही करने की उम्मीद की जा सकती है जो सरकार चाहती है क्योंकि इसे इस उद्देश्य के लिए चुना गया है और इसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हैं।

जब से भाजपा 2014 में सत्ता में आई है उसके बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते रहे हैं। उन्होंने 2020 में कहा था कि यह 'बहस का विषय नहीं बल्कि भारत के लिए एक आवश्यकता है'। भाजपा नेता एक साथ चुनाव की आवश्यकता पर घिसे-पिटे तर्क दे रहे हैं कि- इससे बार-बार चुनावों के कारण होने वाले बहुत सारे खर्च बच जाएंगे; बार-बार चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं इत्यादि।

> एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा।

मोदी के सत्ता में आने के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर तीन समितियां बनी हैं। 2015 में, कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने इस मामले पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। 2017 में, नीति आयोग ने 'एक साथ चुनाव का विश्लेषण' पर अपने चर्चा पत्र में प्रस्तावों का एक सेट बनाया और अगस्त 2018 में, विधि आयोग ने एक साथ चुनावों पर अपनी मसौदा रिपोर्ट प्रकाशित की। उन सभी ने मौजूदा राज्य विधानसभाओं में से कुछ का कार्यकाल छोटा करने या कुछ का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, ताकि उनका लोकसभा चुनावों के साथ तालमेल बिठाया जा सके।

कुछ लोगों ने पांच साल की अवधि में केवल दो बार चुनाव कराने का सुझाव दिया है – एक सेट लोकसभा और आधी राज्य विधानसभाओं के साथ और दूसरा मध्यावधि में बाकी विधानसभाओं के साथ। यदि राज्य विधानसभा चुनावों को लोकसभा चुनावों के अनुरूप लाने के लिए प्रस्तावित कदम अलोकतांत्रिक हैं और प्रतिनिधित्व और जवाबदेही के संवैधानिक आधार की जड़ पर हमला करते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये जायें कि एक साथ चुनावों से कोई विचलन न हो।

सिंक्रोनाइज़ेशन के अर्थात एक साथ चुनाव लागू करने के बाद की अवधि बदतर है। विधायिका या सरकार के कार्यकाल को कम करना या बढ़ाना, दोनों ही पार्टी-आधारित संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांत और विधायिका के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही के खिलाफ हैं। इसके अलावा, एक साथ चुनाव कराने और इसे बनाये रखने के लिए विधायिका के प्रति सरकार की जवाबदेही की संवैधानिक योजना में छेड़छाड़ की आवश्यकता होगी।

संविधान के तहत, यदि कोई सरकार अविश्वास प्रस्ताव पर वोट से बाहर हो जाती है, या धन विधेयक पर वोट हार जाती है, तो वह इस्तीफा देने के लिए बाध्य होती है और यदि कोई वैकल्पिक सरकार नहीं बन पाती है, तो सदन भंग कर दिया जाता है और मध्यावधि चुनाव आयोजित किया जाता है। संविधान में लोकसभा या राज्य विधानसभाओं के लिए कार्यकाल की कोई निश्चितता नहीं होगी। कार्यकाल की निश्चितता का मतलब यह होगा कि एक सत्तारूढ़ दल, जिसके पास सदन में स्थिर बहुमत है, वह सदन को भंग कर समय से पहले चुनाव कराने की सिफारिश नहीं कर सकता है। विधि आयोग की रिपोर्ट में यह भी प्रस्तावित है कि यदि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है, तो उसके साथ वैकल्पिक सरकार चलाने के लिए नये नेता के नाम का प्रस्ताव भी होना चाहिए। इसे 'रचनात्मक अविश्वास मत' कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि भले ही किसी सरकार को सदन के बहुमत वोट से बाहर कर दिया जाये, उसके बदले कोई वैकल्पिक सरकार होनी चाहिए, जो वास्तव में विपक्ष ही होगा जो लोगों की पसंद का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। कार्यकाल की निश्चितता के माध्यम से स्थिरता को प्रधानता दी जायेगी और चुनावी विकल्प अप्रासंगिक हो जायेगा। यह सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम करेगा।

एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा। एक साथ चुनाव होने के बाद, राज्य विधानसभाओं के प्रति जवाबदेह सरकारों का सिद्धांत और लोगों को अपनी पसंद की सरकार बनाने का अधिकार प्रतिबंधित हो जायेगा।

हम देख रहे हैं कि विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपाल राज्य सरकारों और राज्य विधानसभाओं के अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कैसा व्यवहार कर रहे हैं। एक साथ चुनाव के नाम पर लाये गये बदलावों के साथ, केंद्रीकृत नियंत्रण का मतलब होगा कि राज्यपाल केंद्र के लिए वायसराय के रूप में कार्य करेंगे।

भारत में व्यापक रूप से भिन्न राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों वाले 28 राज्य हैं (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर, जिसे विघटित कर दिया गया है)। अलोकतांत्रिक एकरूपता लागू करने का प्रयास आरएसएस/भाजपा गठबंधन का आदर्श है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा उनके 'एक राष्ट्र, एक भाषा, एक संस्कृति' के नारे के समान है।

संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक बड़ा संवैधानिक बदलाव करना होगा। संविधान में अनुच्छेद 83 (सदन की अवधि), अनुच्छेद 85 (लोकसभा का विघटन), अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि), अनुच्छेद 174 (राज्य विधानमंडलों का विघटन), अनुच्छेद 356 (राज्यों में संवैधानिक मशीनरी का फेल हो जाना) में संशोधन करना होगा। इसके अतिरिक्त लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और अन्य नियमों में संशोधन भी आवश्यक होगा।

यह स्पष्ट है कि रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली समिति चाहे जो भी सिफारिश करे, इन संवैधानिक और कानूनी कदमों के कार्यान्वयन में समय लगेगा और इन्हें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए समय पर लागू नहीं किया जा सकेगा। लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि सरकार इसकी प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। 18 से 22 सितंबर तक बुलाये गये संसद के विशेष सत्र में इस संबंध में कुछ घोषणा हो सकती है। विपक्षी दलों को सतर्क रहना चाहिए और मोदी सरकार के अगले कदम के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें तुरंत एक बड़े अभियान के साथ लोगों के पास जाना चाहिए और बताना चाहिए कि एक राष्ट्र एक चुनाव लोकतंत्र और संघवाद के लिए कितना खतरनाक है।

## पावन प्रसंग

# अपनी स्मरणशक्ति बढ़ाएं

याददाश्त बढ़ाने के अचूक नुस्खे की तलाश भी तो सभी को है, लेकिन विद्यार्थीगण इसकी कुछ ज्यादा जरूरत महसूस करते हैं। कैसे जल्दी से याद हो जाए? किस तरह याद किया हुआ फिर से न भूलें? ऐसे अनेक सवाल छात्र-छात्राओं के मन में उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। इनके जवाब के तलाश में वे कभी किन्हीं दवाओं का सहारा लेते हैं कभी कुछ करने बैठ जाते हैं। इन दिनों कई दवा कंपनियां भी विद्यार्थियों की इन परेशानियों का फायदा उठाने में लगी हैं। आकर्षक विज्ञापन, चमत्कारी वायदों के द्वारा छात्र-छात्राओं की इस जरूरत का व्यावसायिक फायदा उठाया जाता है। इतना जरूर है कि याददाश्त बढ़ाने का नुस्खा एक मृग-मरीचिका बना रहता है। इस बारे में एक बात हम सभी को अपनी गहराइयों में आत्मसात कर लेनी चाहिए कि सृष्टि में कहीं भी ऐसे चमत्कार नहीं होते। हर क्रिया, प्रत्येक घटना किसी न किसी नियम-व्यवस्था से ही परिभाषित एवं संचालित होती है, भले ही यह भौतिक नियमों के अंतर्गत हो या फिर आध्यात्मिक नियमों के अनुरूप। याददाश्त बढ़ाने के संबंध में भी ऐसा ही है। याद करने का भी एक विज्ञान है, इसकी भी कुछ तकनीकें हैं जो इसको जानते हैं, समझते हैं, वे आसानी से लाभान्वित होते हैं जो इनसे अपरिचित हैं, वे इधर-उधर भटकते रहते हैं और अनेक कोशिशों के बाद उन्हें सही समय पर मायूस होना पड़ता है। इसलिए बेहतर यही है कि उचित तकनीकों को याद करने की प्रणाली को ठीक तरह से जान लिया जाए और इसका सही सदुपयोग किया जाए। जिनके पास याददाश्त की गड़बड़ी का पिटारा है, उनकी ज्यादातर शिकायतें कुछ यों होती हैं- क्या करे याद ही नहीं होता है, याद तो किया था, पर भूल गए, न जाने क्यों अच्छी तरह से याद ही नहीं होता। याद तो रहा, पर आधा-अधूरा न जाने क्या हुआ सब कुछ याद किया कराया एकदम से भूल गए? ऐसी और इन जैसे अनेक कथनों की लंबी सूची उनके पास रहती है, जो इन परेशानी से पीड़ित हैं। स्थितियां इसके विपरीत भी देखने को मिलती हैं- एक ही बार में याद हो जाता है अथवा जितना भी पढ़ा गया सबका सब याद रहा। न जाने कितने गुजरे हुए जमाने की बात सबकी सब हूबहू याद है।

याद करने के संबंध में इन विरोधाभासी कथनों को समझने के लिए एक बड़ी मार्मिक घटना है। यह प्रसंग स्वामी विवेकानंद के जीवन का है। उन दिनों स्वामी विवेकानंद जी भारत देश में ही प्रव्रज्या कर रहे थे साथ में उनके एक गुरुभाई भी थे। स्वाध्याय, सत्संग एवं कठोर तप का अविराम सिलसिला चल रहा था। जहां कहीं कोई अच्छे ग्रंथ मिलते, वे उनको पढ़ना नहीं भूलते थे। किसी नई जगह जाने पर उनकी सबसे पहली तलाश किसी अच्छे पुस्तकालय की रहती। जिस किसी स्थान पर यह सुयोग मिलता, वे उसका लाभ जरूर उठाते। अपनी इस प्रव्रज्या में एक स्थान पर एक पुस्तकालय ने उन्हें बहुत आकर्षित किया। उन्होंने सोचा-क्यों न यहां थोड़े दिनों तक डेरा जमाया जाए। उनके गुरुभाई ने उन्हें पुस्तकालय से संस्कृत, अंग्रेजी की नई-नई किताबें लाकर देते थे। स्वामीजी उन्हें पढ़कर अगले दिन वापस कर देते। रोज नई किताबें, वह भी पर्याप्त पृष्ठों वाली, इस तरह से देते एवं वापस लेते हुए पुस्तकालय का अधीक्षक बड़ा हैरान हो गया। उसने स्वामी जी के गुरुभाई से कहा- क्या आप इतनी सारी नई-नई किताबें केवल देखने के लिए ले जाते हैं। यदि इन्हें इस तरह देखना ही है तो मैं यों ही दिखा देता हूं। इस पर गुरु भाई ने कहा- ऐसा नहीं है मेरे गुरुभाई हैं जो एक दिन में ही पढ़ लेते हैं। तब लाइब्रेरियन ने कहा- मैं उनसे मिलना चाहता हूं। अगले ही दिन गुरुभाई उन्हें मिलाने ले गए। विवेकानंद जी ने उन्हें आश्वस्त किया कहा-मैंने उन पुस्तकों को अच्छी तरह पढ़ा है तथा अक्षरश: ज्यों का त्यों उन्हें वापस की गई पुस्तक से कुछ अंशों सुना दिए। तब लाइब्रेरियन ने पूछा- यह कैसे संभव है? उन्होंने कहा- इसमें न कोई चमत्कार है न कोई रहस्य। यह तो मात्र एक मानवीय तकनीक भर है। इस तकनीक का पहला चरण है-जो कुछ पढ़ा जाए, या सुना जाए उसे शांत मन से स्थिर होकर सुना जाए। इंद्रियां तो मन को संदेश भेजने का द्वार भर हैं। असली चीज तो मन होता है। मन की धारणा शक्ति या मेधा जितनी होती हैं उतना ही मन पर अंकित हो जाता है। याद करना एवं वापस याद आना तो बस एक प्रक्रिया भर है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# भारत बनाम इंडिया : नाम में क्या रखा है?

महान नाटककार शेक्सपियर ने कहा है कि 'नाम में क्या रखा है?' अगर गुलाब को किसी अन्य नाम से पुकारें तो क्या वह खुशबु देना बंद कर देगा, नहीं न! ठीक ऐसे ही हम अपने देश को भारत कहें या फिर इंडिया, क्या फ़र्क पड़ता है? फर्क तो इस बात से पड़ेगा कि भारत की जीडीपी कितनी तेजी से बढ़ कर दुनिया के कितने देशों को पीछे छोड़ दिया या फिर भारत का एचडीआई रैंकिंग अब कितनी अच्छी है? या भारत से कितनी गरीबी दूर हो चुकी है? या भारत में महिलाएं अब कितनी सुरक्षित हैं? ये सरकारें भी न बड़ी अजीब होती है! जब उनके पास देश की समस्याओं पर लोगों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का जवाब नहीं होता तो फिर वे कुछ ऐसे ही निर्रथक मुद्दों को उठा कर लोगों की झोली में डाल देती है, जिसके बाद देश की जनता के विमर्श का मुद्दा देश की समस्या न हो कर नाम हो जाता है।

वर्तमान भारत में सबसे बड़ा विमर्श का विषय देश के नाम को लेकर है। इस पूरे बहस की शुरुआत राष्ट्रपति भवन से आए निमंत्रण पत्र से हुई, जिसमें प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा था, जिसके बाद से विपक्ष ने हाय-तौबा मचा दिया है। हालांकि यह विमर्श संविधान सभा के बहस में भी हुआ था। 18 सितंबर, 1949 को डॉ. आंबेडकर ने जब संविधान के ड्राफ्ट को पेश किया, जिसके अनुच्छेद-1 में कहा गया कि इंडिया, जो कि भारत है राज्यों का एक संघ होगा। संविधान की इस पहली पंक्ति पर ही विवाद हो गया। संविधान सभा के सदस्य एचवी कामथ ने इसका खुल कर विरोध किया। उन्होंने सलाह भी दी थी कि भारत या फिर अंग्रेजी में लिखा जाए कि इंडिया राज्यों का एक संघ होगा। इस वाक्य के लिए उन्होंने आयरलैंड के संविधान का तर्क भी दिया था।

काफी बहस के बाद मतदान करवाना पड़ा और उसके बाद यह तय हुआ कि भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाओं में लिखित ऐतिहासिक साहित्य, धार्मिक ग्रंथों, लोगों की आस्थाओं, उनके जुड़ाव और भावनाओं का मान रखते हुए भारत शब्द को उसका सम्मान दिया जाएगा। इन सब पहलुओं पर विचार के बाद ही भारत के संविधान की शुरुआत में लिखा गया, इंडिया दैट इज 'भारत'। यानी कि भारत के संविधान के अनुसार हमारे देश का नाम भारत और इंडिया दोनों को ही समान नजर से देखा गया।

हमारे देश का नाम भारत रखे जाने का इतिहास प्राचीन काल और पौराणिक कथाओं से जुड़ता है। हिन्दू ग्रन्थ स्कन्द पुराण के अध्याय-37 के अनुसार भारत के नाम की कहानी तो सीधे ऋषभदेव के पुत्र भरत से जुड़ती है, जिसके नाम पर भारत नाम पड़ा है। वहीं दूसरी तरफ इंडिया नामकरण को सिंधु नदी से जोड़ा जाता है। सिंधु नदी का दूसरा नाम इंडस भी था जबकि सिंधु सभ्यता के चलते भारत की सिंधु घाटी की सभ्यता को एक और पुरानी सभ्यता युनान जो आज का ग्रीक है वे लोग इंडो या इंडस घाटी की सभ्यता कहा करते थे। ऐसे में इंडस शब्द लैटिन भाषा में पहुंचा तो यह इंडिया हो गया।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर दोनों ही नाम भारत की संस्कृति से संबंधित है और इस बात पर बहस कि सांस्कृतिक विरासत के लिए भारत नाम ही उपयोगी है, यह बात कहना पूर्ण न्यायोचित नहीं है बल्कि राजनीति साधने के लिए देश के समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए यह नामकरण का मुद्दा उठाया गया है। इन सबके बावजूद अगर केंद्र सरकार इंडिया की जगह केवल 'भारत' को आधिकारिक नाम बनाने का निर्णय लेती है, तो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 1 में संशोधन करने के लिए एक विधेयक पेश करना होगा। इसके लिए कानून संविधान के अनुच्छेद 368 को साधारण बहुमत संशोधन या विशेष बहुमत संशोधन के माध्यम से संशोधित करने की अनुमति देता है। लेकिन अनुच्छेद 1 में कोई भी बदलाव करने के लिए उस सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले कम से कम दो-तिहाई सदस्यों के विशेष बहुमत (66 प्रतिशत) की आवश्यकता होगी, जिसके लिए सरकार को मशक्कत करनी पड़ सकती है।

**– नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## तिमोर लेस्ते में भारत का दूतावास खुलेगा

**जकार्ता।** भारत ने प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तिमोर लेस्ते की राजधानी डिलि में भारतीय दूतावास स्थापित करने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में 20वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में यह घोषणा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह निर्णय आसियान को भारत द्वारा दिए जाने वाले महत्व और तिमोर लेस्ते के साथ उसके प्रगाढ़ होते संबंधों का प्रतिबिंब है। शिखर सम्मेलन में तिमोर लेस्ते के प्रधानमंत्री सेनाना गुज़माओ भी मौजूद थे।



# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाषण नहीं देंगे पुतिन : पेसकोव


■ जी-20 में रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री लावरोव करेंगे



**मॉस्को,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की राजधानी नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में रूस के व्लादिमीर पुतिन के वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किये जाने की कोई योजना नहीं है तथा विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए वहां मौजूद होंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। यह पूछे जाने पर कि क्या रूसी राष्ट्रपति जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रतिभागियों के लिए एक अलग वीडियो संदेश भेजने की योजना बना रहे हैं, उन्होंने कहा , नहीं, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संबोधन की कोई योजना नहीं है। यह सुनियोजित नहीं है। जी-20 में रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री लावरोव करेंगे। इससे पहले श्री पेसकोव ने कहा था कि श्री पुतिन अपने व्यस्त एवं पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के मद्देनजर नौ और 10 सितम्बर को भारत में होने वाले जी20 सम्मेलन शामिल नहीं होंगे और उनका मुख्य फोकस यूक्रेन में एक 'विशेष सैन्य अभियान' पर है। दक्षिण अफ्रीका में हुए जी20 सम्मेलन में भी श्री पुतिन शामिल नहीं हुए थे हालांकि इस मौके पर उन्होंने अपना वर्चुअल संबोधन दिया था। इससे पहले

जी-20

## जी-20 के भारत दौरे को लेकर 'बेहद उत्साहित' हैं बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन जी20 नेताओं की बैठक के लिए भारत आने को लेकर उत्साहित हैं। रणनीतिक संचार के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने जेक सुलिवन ने बुधवार को यात्रा का पूर्वावलोकन करते हुए संवाददाताओं से कहा, बाइडेन गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे और शुक्रवार शाम को अपने मेजबान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

## जी-20 में सकारात्मक भूमिका अदा कर रहा है चीन

**बीजिंग।** जी20 नेताओं का 18वां शिखर सम्मेलन 9 से 10 सितंबर को भारत में आयोजित होगा। हाल ही में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के चीन और दक्षिण पूर्व एशिया अध्ययन केंद्र के निदेशक बीआर. दीपक ने दिल्ली में सीएमजी के संवाददाता को इंटरव्यू देते हुए कहा कि विश्व में सबसे बड़े विकासशील देश के रूप में चीन लगातार जी20 का एक अहम सदस्य है और महत्वपूर्ण व सकारात्मक भूमिका अदा करता है। चाहे वह वैश्विक विकास और सहयोग को बढ़ावा देना हो, या विश्व शासन को बदलना और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करना हो, चीन का प्रदर्शन उल्लेखनीय है।

# इमरान के वकील ने अटक जेल के बारे में आईएचसी को जानकारी दी

■ अटक जेल की भयावह स्थिति के बारे में शिकायत की



**इस्लामाबाद,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कानूनी सलाहकार शेर अफजल मारवत ने बुधवार को अटक जेल की भयावह स्थिति के बारे में शिकायत की। इस जेल में पूर्व प्रधानमंत्री को रखा जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। श्री मारवत ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में अडियाला जेल में स्थानांतरण से संबंधित अपने मुवक्किल की याचिका की सुनवाई के दौरान सुविधा की निम्न स्थितियों पर आपत्ति जताते हुए दावा किया कि जहां पीटीआई अध्यक्ष को रखा गया है, वहां कीड़ों का संक्रमण है। जियो न्यूज के अनुसार, उन्होंने यह भी साझा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री सो नहीं पा रहे हैं क्योंकि जिस जगह पर इमरान खान को रखा गया है, वहां कोई छत नहीं है। वकील ने यह भी साझा किया कि अटक जेल में बी-श्रेणी की सुविधा का पूरी तरह अभाव है। श्री मारवत ने सुरक्षा चिंताओं के कारण इमरान खान को अटक जेल में रखे जाने के अधिकारियों के कथन का खंडन करते हुए कहा कि हर कोई जानता है कि अडियाला अटक जेल से अधिक सुरक्षित है।

उन्होंने अदालत से पूर्व प्रधानमंत्री को रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का आग्रह करते हुए कहा, %उनके लिए बी-श्रेणी की सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें अडियाला में स्थानांतरित करना हमारा अधिकार है। पूर्व प्रधानमंत्री को पिछले महीने तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पांच साल जेल की सजा सुनाई गई थी। आईएचसी के 02 सितंबर को पीटीआई अध्यक्ष की सजा को निलंबित करने के फैसले के बावजूद, पूर्व प्रधानमंत्री अभी भी सलाखों के पीछे हैं।

## सुडोकू 6310

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 1 | | 2 | |
| | 5 | | 3 | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | | | 4 |
| | | 1 | | 8 | 4 | | 3 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 6 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 8 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 9

### राशिफल

मेष - आपके विचार स्थिर नहीं होने से आप उलझन में रह सकते हैं। बिजनेस या नौकरी में प्रतियोगिता का माहौल रहेगा। आप सफलतापूर्वक उसमें से बाहर आ सकेंगे। नए काम शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी।

वृषभ - आपका मन उलझन में होने के कारण किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाएंगे। आप प्राप्त अवसर को खो देंगे। आपकी जिद के कारण किसी के साथ विवाद हो सकता है।

मिथुन - आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे।

कर्क - आपको शारीरिक और मानसिक भय का अनुभव होगा। मन में उलझन के कारण निर्णय लेना बहुत कठिन हो जाएगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से उदासी बढ़ेगी। माता के स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता हो सकती है।

सिंह - आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा। नौकरी या बिजनेस में पदोन्नति तथा आय में वृद्धि हो सकती है।

कन्या - नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है। नौकरी करने वाले लोगों की पदोन्नति का योग है।

तुला - आज आप प्रवास या किसी देव स्थान पर जा सकते हैं। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, उनके लिए अनुकूल योग बनेंगे। बच्चों की चिंता परेशान करेगी। नौकरी करने वालों को उनके उच्च अधिकारियों का सहयोग नहीं प्राप्त होगा।

वृश्चिक - आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। कड़े नियम आपको कठिनाई में डाल देंगे। खर्च बढ़ सकता है।

धनु - आज खुशी, आनंद और शांति प्राप्त कर सकेंगे। अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना- फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे। सार्वजनिक जीवन में आप प्रतिष्ठा और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आपकी तंदुरुस्ती आज अच्छी रहेगी। आप मान- सम्मान तथा आनंद प्राप्त कर सकेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मौज-मस्ती में समय बिताएंगे। आज व्यापार धंधे में अच्छा लाभ हो सकेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

कुंभ - आपका दिन मिश्र फलदायक साबित होगा। विचारों के उथल-पुथल के कारण कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना अधिक अच्छा है। प्रवास या यात्रा में विघ्न आ सकता है। इच्छित कार्य पूरा न होने पर आप हताशा और बेचैनी अनुभव करेंगे।

मीन - आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का आभाव रहेगा। माता की तबीयत खराब हो सकती है। परिजनों के साथ नाराजगी और अन्य कठिनाइयां आपके मन को भयभीत कर देंगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# उत्तर कोरिया का दौरा करेगा चीनी प्रतिनिधिमंडल

■ देश की 75वीं वर्षगांठ बना रहा कोरिया

**प्योंगयांग,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के उप प्रधानमंत्री लियू गुओझोंग के नेतृत्व में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल उत्तर कोरिया के स्थापना दिवस की 75वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल होने के लिए यहां का दौरा करेगा। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को यह जानकारी दी । रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति और उत्तर कोरिया सरकार के निमंत्रण पर चीनी प्रतिनिधिमंडल देश का दौरा करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने उप प्रधानमंत्री की यात्रा की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा, वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया और डीपीआरके सरकार के निमंत्रण पर, आठ सितंबर से सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और राज्य परिषद के उप प्रधान मंत्री लियू गुओझोंग डीपीआरके में एक पार्टी और सरकारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। प्योंगयांग नौ सितंबर को देश के स्थापना दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा।

सूडान में वकीलों के समूह ने कहा

# ओमडुरमैन में तोपखाने के हमले में 32 नागरिक मारे गए




**खार्तूम,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। सूडान में आपातकालीन वकीलों के कानूनी समूह ने बुधवार को कहा है कि राजधानी के ओमडुरमन शहर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) द्वारा तोपखाने से शुरु की गोलाबारी में 32 नागरिक मारे गए। गैर-सरकारी सिंडिकेट ने बताया कि मंगलवार को ओमडुरमैन के ओमबाडा इलाके में एसएएफ तोपखाने से किये हमलों में बच्चों सहित नागरिक मारे गए हैं। समूह ने एक बयान में कहा कि हमलों में दर्जनों लोग घायल हो गए और कई घर ध्वस्त हो गए। बयान कहा गया है कि नागरिक आबादी वाले क्षेत्रों में भारी और हल्के तोपखाने का उपयोग एक युद्ध अपराध है और यह दोनों संघर्षरत पक्षों द्वारा नागरिकों के जीवन के प्रति उपेक्षा को दर्शाता है। एसएएफ ने अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार को एसएएफ और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच मुख्य रूप से पश्चिम ओमडुरमन में ओमबाडा पड़ोस और शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंजीनियर्स कोर बेस के आसपास हिंसक झड़पें हुईं।

## सूडान सेना प्रमुख का अर्धसैनिक समूह को भंग करने का आदेश

**खार्तूम।** सूडान के सेना के प्रमुख और सूडान की परिवर्ती संप्रभुता परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अब्देल फतह बुरहान ने एक संवैधानिक आदेश जारी कर रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) अर्धसैनिक समूह की स्थापना करने वाले कानून को निप्रभावी कर दिया। अप्रैल में सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच संघर्ष की शुरुआत में बुरहान ने अर्धसैनिक समूह को भंग करने का फरमान जारी किया था। सूडानी सेना और आरएसएफ अर्धसैनिक बल के बीच अप्रैल में हिंसक झड़प हुई।

# चीन में भारी बारिश के मद्देनजर येलो अलर्ट जारी



**बीजिंग,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त करते हुए गुरुवार सुबह येलो अलर्ट जारी किया हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार गुरुवार सुबह आठ बजे से शुक्रवार सुबह आठ बजे तक जियांग्शी, फुज़ियान, गुआंग्डोंग, हुनान, गुआंग्शी, हैनान और ताइवान द्वीप के कुछ हिस्सों में तूफान और भारी बारिश होने के आसार है। केंद्र ने स्थानीय सरकारों को भारी बारिश से प्रभावित सड़क पर उचित यातायात नियंत्रण लागू करने और जलजमाव वाले खंडों पर यातायात का मार्गदर्शन करने के लिए भारी बारिश और यातायात प्रबंधन अधिकारियों को तैयार करने की सलाह दी है। मौसम के मद्देनज़र जोखिम वाले अंदर और बाहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को बंद करने और खतरनाक क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का सुझाव दिया गया है। केंद्र के अनुसार, शहरों, खेत और मछली तालाबों की जल निकासी व्यवस्था की जांच करने और जल निकासी उपाय करना भी जरूरी है।

## ब्राजील में चक्रवात से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हुई

ब्रासीलिया। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में आए चक्रवात से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। ब्राजील के समाचार पोर्टल जी1 ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रांत में चक्रवात सोमवार रात को आया। इस दौरान तूफानी हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। जिससे शहर के कई क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ गए। बाढ़ के कारण लगभग तीन हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करना पड़ा। चक्रवात से ब्राजील के 66 शहर और कस्बे प्रभावित हुए हैं।

## मेक्सिको में अब गर्भपात अपराध नहीं

**मेक्सिको सिटी,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने मौजूदा प्रतिबंध को असंवैधानिक बताते हुए संघीय स्तर पर गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का फैसला सुनाया है। मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने सोशल प्लेटफॉर्म'एक्स' पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, संघीय आपराधिक संहिता में गर्भपात को दंडित करने वाली कानूनी प्रणाली असंवैधानिक है क्योंकि यह महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2021 में गर्भपात का अपराधीकरण, जिसने गर्भपात की मांग करने वाली महिलाओं पर तीन साल तक की जेल और जुर्माना लगाया वह असंवैधानिक है। गौरतलब है कि मेक्सिको के 12 राज्यों ने पहले ही गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। सबसे हालिया फैसला 30 अगस्त को अगुआस्कालिएंटेस राज्य में आया था।

## आज का इतिहास

1320- गाजी मलिक दिल्ली का सुलतान बना।
1900- टेक्सास के गैलवेस्टोन में चक्रवाती तूफान से छह हजार लोगों की मौत।
1926- महान संगीतकार एवं गायक भूपेन हज़ारिका का जन्म।
1933- हिन्दी फ़िल्मों की मशहूर पार्श्वगायिका आशा भोंसले का जन्म।
1933- गाजी बिन फैसल इराक का राजा बना।
1942- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (अब मुंबई) सत्र में %भारत छोड़ो प्रस्ताव% पारित किया।
1943- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान इटली ने मित्र सेना के साथ बिना शर्त युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
1960- भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी का निधन।
1962- चीन ने भारत की पूर्वी सीमा में घुसपैठ की।
1966- लोगों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए यूनेस्को ने 'साक्षरता दिवस' मनाने की शुरुआत की।
1967- दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के समूह की स्थापना के लिए 1967 में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड की बैठक आयोजित की गई।
1991- मैसेडोनिया गणराज्य को आजादी मिली।
2002- नेपाल में माओवादियों ने 119 पुलिसकर्मियों को मार डाला।
2006- महाराष्ट्र के नासिक जिले में मालेगांव बम धमाके हुये।
2008- अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स ने भारतीय अरब पति लक्ष्मी मित्तल को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित करने की घोषणा की।
2016- नासा ने ओएसआईआरआईएस-आरईएक्स लॉन्च किया।

**मौसम** उच्च तापमान के कारण जंगल की आग जैसी घटनाएं हो रही

# पिछले 123 वर्षों में जुलाई 2023 पृथ्वी का सबसे गर्म महीना रहा

■ सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव पड़ा

**जालंधर,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। जुलाई 2023 विश्व स्तर पर सबसे गर्म महीनों में से एक रहा और उच्च तापमान के कारण गर्मी की लहरें, भारी वर्षा, सूखा और जंगल की आग जैसी चरम मौसम की घटनाएं हो रही हैं। ये तापमान उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के बड़े हिस्से में गर्मी की लहरों से जुड़े हैं, जिससे कनाडा और यूनान सहित देशों में जंगल की आग लग गई है, साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।पृथ्वी अभी-अभी रिकॉर्ड की गई सबसे गर्म जुलाई महीने में रही।

नासा द्वारा जुलाई 2023 को 1880 के बाद से वैश्विक तापमान रिकॉर्ड में सबसे गर्म महीना माना जाता है। जुलाई में औसत वैश्विक सतह का तापमान औसत से 2.02 डिग्री फ़ारेनहाइट (1.12 डिग्री सेल्सियस) अधिक था, क्योंकि जुलाई मौसमी रूप से वर्ष का सबसे गर्म महीना होता है। प्राचीन तलछटों और बर्फ की चादरों के साथ-साथ अन्य पुराजलवायु रिकॉर्डों में पाए गए पिछले तापमान के सबूतों के आधार पर, संपूर्ण पृथ्वी जुलाई 2023 को रिकॉर्ड रखे जाने के बाद से पृथ्वी पर सबसे गर्म महीना बनाती है। और संभवत: 120 वर्षों में सबसे गर्म महीना जुलाई 2023 पहली बार था जब जुलाई का औसत तापमान दीर्घकालिक औसत से 1.8 डिग्री फ़ारेनहाइट (1.0 डिग्री सेल्सियस) अधिक हो गया। जुलाई 2023 का महीना 2021 में जुलाई के रिकॉर्ड की तुलना में 0.36 डिग्री फ़ारेनहाइट (0.20 डिग्री सेल्सियस) अधिक गर्म था। जुलाई 2023 लगातार 47वां जुलाई और 533वां महीना था , जब तापमान 20वीं सदी के औसत से ऊपर रहा। गुरु अर्जन देव इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज के महानिदेशक डॉ गुरशरण सिंह कैंथ ने बताया कि लीपज़िग विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक कार्स्टन हॉस्टीन के अनुसार, मई में विकसित अल नीनो भी वैश्विक तापमान बढ़ाता है, और जलवायु परिवर्तन के साथ इस जलवायु पैटर्न के संयोजन से यह संभावना बनती है कि इस वर्ष अधिक महीने रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। समग्र रूप से यह वर्ष निश्चित रूप से रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष के रूप में शुमार किया जाएगा। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, 2016 के बाद जून तक, यह रिकॉर्ड पर तीसरा सबसे गर्म वर्ष था। वैज्ञानिक तौर पर सामान्य नहीं है। चिंताजनक ग्लोबल वार्मिंग मुख्य रूप से मानव-जनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से प्रेरित है और औसत तापमान में यह वृद्धि खतरनाक अत्यधिक गर्मी को बढ़ावा दे रही है जिसका लोग यहां घर और दुनिया भर में अनुभव कर रहे हैं।



## वर्ग पहेली 6310

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. कूटनीतिज्ञ
४. जंगल की पैदावार
६. घर
७. दौड़ने वाला, धोबी, दूत
८. वेश्या
१०. जोड़ने वाला, संधि, मेल
११. गुत्थी, फंसाव, सोच,चिंता, कठिनाई
१२. लड्डू
१४. घूस, रिश्वत
१५. नुकसान के बदले दी जाने वाली रकम, क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१७. दृष्टि, निगाह (उर्दू)
१९. दूर तक फैली हुई ऊंची और चौरस जमीन
२१. कमल
२२. अनुभवी, कुशल, विद्वान
२४. सूर्यपुत्री

**ऊपर से नीचे:-**
१. शासन केंद्र
२. मनुष्य की खोपड़ी
३. ब्रह्मा, पद्मासन
४. जंगलों में रहना
५. बांस की तिलियों और कागल से बना एक खिलौना, जिसे तागे के द्वारा आकाश में उड़ाया जाता है
९. नाटक करने या लिखने वाला
११. कर्ज, ऋण
१२. पहाड़ आदि से गिरने वाली जलधारा, निर्झर
१३. बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना
१४. विलंब न सह सकने वाली इच्छी, प्रिय से मिलने की इच्छा
१५. सहयात्री (उर्दू)
१६. पशु,प्राणी (उर्दू)
१८. असह्य (उर्दू)
१९. पढ़ा हुआ
२०. चलन, तौर, तरीका
२३. निपुण, कुशल


### वर्ग पहेली-6309

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | स्त | २ मि | ला | 3 प | ■ | ४ बे | गु | ५ ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | ६ रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| ७ प्र | स | व | ■ | ण | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| भ | ■ | च | ■ | १० ग | र्ज | न | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ११ ज | न | १२ ही | न | ■ | ■ | १३ शौ | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | १४ शि | थि | ल | ■ | द्ध |
| १५ स | ज | १६ ग | ता | ■ | क | ■ | १७ जा | १८ त | क |
| रे | ■ | ज | ■ | १९ आ | वा | २० ज | ■ | र्द्ध | ■ |
| २१ अ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | २२ ग | जा | न | २३ न |
| म | ■ | २४ ज | हा | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

# जापान ने अपने पहले चंद्र मिशन को किया लॉन्च



**टोक्यो,** 7 सितम्बर (एजेंसियां) जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने अपना पहले चंद्र मिशन को एच-2ए वाहक रॉकेट 47 से एक्स-रे इमेजिंग तथा स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक उपग्रहों के साथ तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से गुरुवार को प्रक्षेपित किया। जाक्सा ने इससे पहले इस प्रक्षेपण को 26 अगस्त के लिए निर्धारित किया गया था लेकिन खराब मौसम के कारण इसे दो बार स्थगित करना पड़ा था। जापान के लैंडर के तीन-चार महीने में चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने और चार-छह महीने में उसकी स्तर पर उतरने की संभावना है। मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज चंद्र मॉड्यूल विकसित करने के लिए जॉक्सा के साथ काम कर रही है ताकि लैंडिंग कराने की योजना सफल रहे। यदि लैंडिंग सफल रही, तो इस अभियान के डेटा का उपयोग चंद्रमा और मंगल मिशन की अमेरिका के आर्टेमिस के लिए तैयारियों में किया जाएगा।

# प्रादेशिकी

## प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने के लिए कार्य करें : मिश्र

जयपुर, 7 सितम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों से अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया है। श्री मिश्र ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता, सतत शिक्षा, जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल सहित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समन्वित और समग्र प्रयास किए जाने पर बल दिया है।

## मिशन-2030 से राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाना हमारा लक्ष्य : गहलोत

**भीलवाड़ा,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि वर्ष 2030 तक राजस्थान को हर क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार महत्वाकांक्षी 'राजस्थान मिशन-2030' पर काम कर रही है और प्रदेश की प्रगति को दस गुना गति देने में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

श्री गहलोत बुधवार को भीलवाड़ा के टाउन हॉल में आयोजित राजस्थान मिशन-2030 कार्यक्रम में उद्योग, व्यापार, डेयरी, खनन, वाणिज्यक कर, पर्यावरण, चिकित्सा एवं कला क्षेत्र के हितधारकों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एक करोड़ लोगों से उनके सपनों के राजस्थान के लिए सलाह और सुझाव ले रही है। इन्हीं के आधार पर राजस्थान का 'विजन-2030 डॉक्यूमेंट' तैयार कर जारी किया जाएगा। श्री गहलोत ने कहा कि उद्योगों के लिए राज्य में बेहतरीन माहौल है। राज्य सरकार उद्योगपतियों को विभिन्न सुविधाएं और पैकेज दे रही है। इससे राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों में विश्वास बढ़ा है और वे राज्य में इकाइयां स्थापित करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाड़मेर में रिफाइनरी, पेट्रोकैमिकल्स कॉम्प्लेक्स की स्थापना से बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा और राज्य के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अगस्त गत में बारिश कम होने तथा बिजली की मांग अधिक होने के कारण बिजली की कमी की अल्पकालीन समस्या उत्पन्न हुई, जिसे दूर करने के लिए सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं और उद्योगों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन के क्षेत्र में भी हमने बहुत तरक्की की है। राज्य में करीब साढ़े चार हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। जोधपुर के भडला में एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट स्थापित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी ने मिलकर पिछले पांच साल में राजस्थान की प्रगति को चार गुना बढ़ाया है। अब इसे वर्ष 2030 तक 10 गुना तक ले जाना है। इसके लिए आम आवाम से आह्वान है कि वे विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए बहुमूल्य सुझाव-विचार साझा करें। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में भीलवाड़ा मॉडल ने देश में एक नई मिसाल पेश की। यहां के व्यापारियों, धर्मगुरूओं, पुलिसकर्मियों, चिकित्सकीय समूहों और आमजन ने जिस तरह मिलकर राजस्थान में देश का सर्वश्रेष्ठ कोविड प्रबंधन किया। अब उसी एकजुटता से मिशन-2030 के लिए प्रदेश की प्रगति को गति देनी होगी।

श्री गहलोत ने कहा कि विजन-2030 डॉक्यूमेंट प्रदेशवासियों की प्रगति का संकल्प बनेगा। मिशन-2030 को ध्यान में रखकर ही राज्य में जिलों की संख्या 33 से बढ़ाकर 50 की गई है। इससे प्रगति की रफ्तार तेज होगी और आमजन के कार्य सुगमता से होंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान अब पहले जैसा नहीं रहा। सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, आर्थिक विकास, आधारभूत सरंचना विकास, सोलर ऊर्जा सहित हर क्षेत्र में हम काफी आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच), राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी कानून लाए गए, जो कि देश में अन्य किसी राज्य में नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। प्रदेश में बड़ी संख्या में सब-सेंटर, पीएचसी, सीएचसी, चिकित्सा महाविद्यालय, विश्वविद्यालय खोले गए हैं। देश का सबसे बड़ा आईपीडी टावर सवाई मानसिंह अस्पताल में बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईआईटी, एम्स, लॉ, आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थानों की स्थापना से क्षेत्र के शैक्षिक विकास को गति मिली है। इससे युवाओं को अब उच्च अध्ययन के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा है।

## देश के लोगों को जागृत करने के लिए राहुल गांधी की आवाज को बुलंद करना होगा : प्रतिभा सिंह

**शिमला,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के आह्वान पर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला मुख्यालयों में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने इस सम्मेलन में शामिल हुए।



सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने श्री गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए देश में पार्टी को विघटनकारी ताकतों के खिलाफ उनकी इस आवाज को बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज जिस प्रकार संविधान से छेड़छाड़ कर देश का नाम बदलने तक का प्रयास कर रही है उसके विरुद्ध देश के लोगों को जागृत करने के लिए श्री गांधी की आवाज को बुलंद करना होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, आपसी भाईचारे को बढ़वा देने, विभाजनकारी राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर पिछले वर्ष इसी दिन (07 सितंबर 2022) देश में भारत जोड़ो यात्रा को शुरू किया था। उन्होंने इस दौरान 4080 किलोमीटर, 12 राज्यों, दो केंद्र शासित राज्यों, देश के 75 जिलों एवं 76 लोकसभा क्षेत्रों से होकर 130 दिनों तक यह पदयात्रा की थी। सुश्री सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि देश आज गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है। लोकतंत्र की हत्या की जा रही हैं। संवैधानिक संस्थाओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा हैं। उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं को एकजुट होकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने का आग्रह करते हुए कहा कि देश को कांग्रेस से बड़ी उम्मीदें है,जिन्हें उन्हें हर हाल में पूरा करना है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ धनी राम शांडिल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का अपना इतिहास है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने राष्ट्र की एकता व अखंडता को कायम रखने के लिए कुर्बानियां दी है। उन्होने कहा कि आज देश में लोकतंत्र खतरे में है। धर्म, जाती, क्षेत्रवाद के नाम पर लोगों को आपस मे लड़ाया जा रहा है। ऐसे समय मे भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय कदम रहा है। हम सब को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर आगे आना चाहिए।

### सार संक्षेप

#### आप सरकार बिजली कटौती कर किसानों की परेशानी बढ़ा रही : सुखबीर

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने गुरुवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी(आप) सरकार के बाढ़ से तबाह फसलों का मुआवजा जारी करने और किसानों की मदद से कथित तौर पर इन्कार के बाद अब उसने भारी बिजली कटौती करनी शुरू कर दी है जिससे धान और सब्जियों की खड़ी फसलों को नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। श्री बादल ने यहां बयान जारी कर कहा कि राज्य के किसानों की बाढ़ के बाद दुर्दशा के प्रति मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उदासीनता सभी हदें पार कर दी हैं जिनकी हजारों ने एकड़ धान की फसल तबाह हो गई और डेढ़ माह बाद भी सरकार ने कथित तौर पर उचित मुआवजा नहीं दिया है ऊपर से वह अब बड़े पैमाने पर बिजली कटौती पर उतारु है जिससे राज्य में हालात सूखे जैसे हो गये हैं। श्री बादल ने कहा कि श्री भगवंत मान ने किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति का वादा किया था, लेकिन इसके विपरीत मुक्तसर, फाजिल्का, और फिरोजपुर जिलों में किसान 18 से 20 घंटे की बिजली कटौती की बात कर रहे हैं जिससे उनकी धान, सब्जियां और बागवानी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। किसानों को 700 से अधिक लिफ्ट सिंचाई पम्प चलाने के लिए मजबूर किया जा रहा है या उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की धमकी दी जा रही है। जिन किसानों को नहरी पानी का हिस्सा आवंटित किया गया है उन्हें पुलिस लिफ्ट पम्प नहीं चलाने दे रही है।

#### मोबाइल, लैपटाप आदि की उम्र तय करने का निर्णय जनविरोधी : प्रो चावला

**अमृतसर।** पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रो लक्ष्मीकांता चावला ने गुरुवार को कहा कि केन्द्र सरकार ने ई-वेस्ट से निपटने के लिए जो नए नियम तैयार किए हैं, जो नए आदेश देश की जनता को देने के लिए सरकार तैयार है वे भारत की जनता के लिए एकदम तकलीफ देने वाले हैं। प्रो चावला ने कहा कि केन्द्र सरकार ने यह नहीं सोचा कि वह यह आदेश अमेरिका, जापान की जनता के लिए नहीं, भारत की जनता के लिए दे रही है, जहां किसी भी परिवार में एक फ्रिज या एक वाशिंग मशीन तीन चार दशकों तक काम करती है। हैरानगी है कि मोबाइल और लैपटाप की औसत आयु सिर्फ पांच साल तय की गई और फ्रिज की 10 वर्ष तथा वाशिंग मशीन की नौ वर्ष। क्या सरकार जानती है कि हमारे घरों में जो पंखे लगे हैं वे 10 वर्ष नहीं तीस वर्ष से भी ज्यादा काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की जनता क्या इतनी अमीर हो गई है कि उनके घर में रखे उपकरण इंग्लैंड-अमेरिका की तरह कुछ समय बाद रद्दी की टोकरी में फेंक दिए जाएं और नए खरीद लिए जाएं। उन्होंने कहा कि यहां तो यह हालत है कि हमारी कोई भी मशीन, उपकरण वर्षों तक उपयोग में रहता है। चाहे उसके लिए कभी-कभी मरम्मत करवानी पड़े।

#### सुडोकू 6310 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 6 |

## विशेष रूप से सक्षम बच्चों के संस्थान ढली को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता: शुक्ल



**शिमला,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में आज राजभवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल भी बैठक में विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में शिमला के निकट ढली में विशेष रूप से सक्षम बच्चों के संस्थान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सुंदरनगर स्थित विशेष रूप से सक्षम बच्चों के संस्थान (कन्या) की तर्ज पर ढली स्थित विशेष रूप से सक्षम बच्चों के संस्थान को सरकारी अधिग्रहण में लिए जाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए ताकि यहां के शिक्षकों और अन्य स्टॉफ को भी उचित सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि गत दिवस उन्होंने इस संस्थान का दौरा किया और उन्हें यहां की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि यहां अध्ययनरत बच्चों के लिए पर्याप्त स्टॉफ की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विशेष रूप से सक्षम बच्चों का यह एकमात्र संस्थान है और यहां की विशेष आवश्यकताएं हैं। उन्होंने कहा कि अन्य आश्रमों में अपनाई जा रही पद्धति की तुलना इस संस्थान से नहीं की जा सकती। इनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिग्रहण में आने से यह संस्थान और सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर डॉ. शांडिल ने कहा कि बाल विकास परिषद द्वारा बच्चों को हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं और विभाग के अधिकारियों द्वारा यहां नियमित रूप से निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया जाता है। उन्होंने कहा कि सुंदरनगर और ढली संस्थान की समस्याओं को दूर करने के दृढ़ प्रयास किए जाएंगे।

## केंद्र सरकार ने हिमाचल, उत्तराखंड के लिए 1164.53 करोड़ की राशि को मंजूरी : बिंदल

**शिमला,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए औद्योगिक विकास योजना के लिए 1164.53 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी है।

इस योजना के अंतर्गत कुल वित्तीय परिव्यय 131.90 करोड़ रुपये था। यह आवंटित निधि वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान समाप्त हो गई है। इसके अलावा, 2028-2029 तक प्रतिबद्ध देनदारियों को पूरा करने के लिए 1164.53 करोड़ रुपये की अतिरिक्त निधि की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त वित्तीय परिव्यय के आवंटन के लिए औद्योगिक विकास योजना, 2017 के अंतर्गत मंत्रिमंडल की स्वीकृति मांगी गई थी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए औद्योगिक विकास योजना-2017 के वास्ते 1,164.53 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आबंटन को बुधवार को मंजूरी दी। इस घोषणा के लिए हम केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा



एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का धन्यवाद करना चाहते हैं। इस बड़ी घोषणा से हिमाचल प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।


उन्होंने कहा कि हम स्मरण करवाना चाहेंगे कि इससे पूर्व में जब अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री थे तो 2002 में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर के लिए औद्योगिक पैकेज की घोषणा सोलन की एक रैली से की गई थी। उसके उपरांत सोलन औद्योगिक क्षेत्र के नक्शे पर उभरा। उन्होंने कहा उसके बाद जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आई तो हिमाचल प्रदेश को स्पेशल कैटिगरी स्टेट का दर्जा दिया गया, जिससे हिमाचल प्रदेश को 90:10 की सहायता मिलनी शुरू हुई। इससे हिमाचल प्रदेश को बहुत बड़ा फायदा हुआ।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट केंद्र सरकार द्वारा दिए गए, जिसमें बल्क ड्रग पार्क, एम्स जैसे अनेकों प्रोजेक्ट है इन सभी प्रोजेक्ट से हिमाचल प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। श्री बिंदल ने कहा कि औद्योगिक विकास योजना के तहत 774 इकाइयां पंजीकृत की गई और अतिरिक्त धनराशि उन्हें मिलेगी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कहीं भी स्थित विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में उनके पर्याप्त विस्तार पर सभी पात्र नई और मौजूदा औद्योगिक इकाइयों को संयंत्र में निवेश के 30 प्रतिशत की दर से ऋण (सीसीआईआईएसी) तक पहुंच के लिए केंद्रीय पूंजी निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा और 5 करोड़ रुपये की ऊपरी सीमा वाली मशीनरी भी दी जाएगी। इकाइयां व्यावसायिक उत्पादन, संचालन शुरू होने की तारीख से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए भवन और संयंत्र और मशीनरी के बीमा पर 100 प्रतिशत बीमा प्रीमियम की प्रतिपूर्ति के लिए भी पात्र हैं।

## जी-20 देशों की चार दिवसीय चौथी शेरपा बैठक नूंह में सम्पन्न

**नूंह,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह जिले के ताबडू स्थित आईटीसी ग्रैंड भारत रिसोर्ट में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन की चौथी शेरपा बैठक बुधवार शाम सम्पन्न हुई।

चार दिन चली इस बैठक में दिल्ली में राष्ट्राध्यक्षों के होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के मसौदे को अंतिम रूप दिया गया। भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत के नेतृत्व में तीन दिनों तक लगातार 12 सत्रों में विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन के जरिए विश्व में पर्यटन, विविध सांस्कृतिक समझ और परम्पराओं को जी-20 सीमाओं से आगे ले जाने की वकालत की गई। इसमें संघीय, सामाजिक, कूटनीतिक, वैश्विक तथा आर्थिक मामलों जैसे प्राथमिकता वाले मुद्दों को लेकर वसुधैव कुटुंबकम एक




पृथ्वी-एक परिवार तथा एक भविष्य की संकल्पना को मूर्त रूप देने का कार्य किया गया है।

इस सम्मेलन में औपचारिक बैठकों के अलावा सभी देशों के शेरपाओं ने कूटनीतिक, आपसी सहयोग, समझ और विश्वास को बढ़ावा देने के साथ साथ व्यक्तिगत सम्बंधों को भी प्रगाढ़ किया। बैठक में भाग लेने पहुँचे विदेशी मेहमानों को हरियाणा की समृद्ध परमपरा और संस्कृति से रू ब रू होने का मौका मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की अनेकता में एकता की तस्वीर प्रस्तुत की गई। बुधवार शाम आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आखिरी दिन मेहमानों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत वाद्ययंत्र ऑर्केस्ट्रा के माध्यम से संगीत की विविधता देखी । विदेशी मेहमानों को मिला भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप को देखने का मौका मिला।

हरियाणा पर विदेशी मेहमानों को पवित्र गीता के दिव्य संदेश के साथ भगवान श्री कृष्ण का विराट स्वरूप भी देखने का अवसर मिला तथा वे गीता के पवित्र संदेशों को भी ध्यानपूर्वक तरीके से समझते दिखाई दिए। विदेशी मेहमान हरियाणवी पगड़ी को लेकर काफ़ी उत्साहित दिखाई दिये था इसके साथ सेल्फी लेते नजर आए।

## भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाएं ईमानदारी और समर्पण का देती हैं संदेश: पठानियां

**चंबा,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया गुरुवार को कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री राधा-कृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी से आयोजित शोभायात्रा में शामिल हुए।

इस दौरान सदर विधायक नीरज नैय्यर भी उनके साथ मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने राधा-कृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी में शीश नवाया और प्रदेश और जिला वासियों के उज्जवल भविष्य और सुख समृद्धि की कामना की और विशेष कर उन्होंने हाल ही में पूरे प्रदेश में भारी बरसात से कारण हुए नुकसान से उबरने के लिए भी भगवान श्री कृष्ण से प्रार्थना की।

शोभायात्रा श्री राधा कृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी से शुरू होकर चंबा शहर से वापस जुलाहकड़ी में समाप्त हुई। बाजार के चौक पर गवालों ने मटकी



फोड़ने की भव्य रस्म भी अदा की।

श्री पठानिया ने लोगों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाएं हमें सत्य निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से कार्य करते रहने का संदेश देती हैं भगवान श्री कृष्ण का जीवन संपूर्ण मानव जाति को अधर्म, अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भक्ति, ज्ञान, योग व कर्म का जो संदेश दिया है वह आज भी प्रासंगिक है।


उन्होंने जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित की गई शोभायात्रा के आयोजकों को भव्य आयोजन की भी बधाई दी। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने देवी-देवताओं की भूमिका में सबका मन मोह लिया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी बढ़ चढ़कर इस शोभा यात्रा में भाग लिया जो की भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का महिमा गुणगान करते भक्ति रस में थिरकते नजर आए।

भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला को देखने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। गवाले बने युवाओं ने अपने कंधे पर नन्हें कान्हा को उठाया और दही से भरी हांडी को नन्हे कान्हा ने डंडे के प्रहार से फोड़ने की भी मनमोहक रस्म को अदा किया।

## विपक्ष को रास नहीं आ रहा जनता को जल्द सुविधाएं मिलना : खट्टर

**हिसार,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा है कि राज्य सरकार का प्रदेश की जनता को त्वरित और पारदर्शी तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उसके नेताओं को रास नहीं आ रहा है।

श्री खट्टर ने हिसार जिले के बरवाला विधानसभा क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में जन संवाद के दौरान ग्रामीणों से सीधी बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं ने तो यह कहना शुरू कर दिया है कि अगर उनकी सरकार बनती है तो वे फैमिली आईडी और पोर्टल व्यवस्था समाप्त कर देंगे। इससे यह प्रतीत होता है कि वे न तो प्रदेश का विकास चाहते हैं और न ही जनता की भलाई। उन्होंने कहा कि सरकार मुफ्त में बांटने के बजाये लोगों को स्वाबलम्बी बनाने पर जोर दे रही है ताकि नागरिक स्वाभिमान से अपना जीवनयापन कर सकें। उन्होंने आम आदमी पार्टी(आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सतलुज यमुना लिंक नहर के मुद्दे पर



> 10 साल पहले की सरकारों द्वारा सरकारी नौकरियों के लिए शुरू की गई पर्ची और खर्ची व्यवस्था को मौजूदा राज्य सरकार ने समाप्त कर दिया है। हमारी सरकार ने मिशन मैरिट पर चलते हुए युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी है:
> मनोहर लाल खट्टर

राजनीतिक रोटियां सेकना चाहती है, लेकिन प्रदेश के लोग उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे। आप के नेता लोगों को मुफ्त की सुविधाएं देने की बात करते हैं, लेकिन जनता बहुत समझदार है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले की सरकारों द्वारा सरकारी नौकरियों के लिए शुरू की गई पर्ची और खर्ची व्यवस्था को मौजूदा राज्य सरकार ने समाप्त कर दिया है। हमारी सरकार ने मिशन मैरिट पर चलते हुए युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं। मिर्जापुर गांव का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि यहां मेरिट के आधार पर 56 नौकरियां लगी हैं। इनमें से 15 नौकरियां केंद्र सरकार की हैं। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों के लिए रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। गांव मिर्जापुर के 211 पात्र परिवारों ने इन मेलों में रोजगार के लिए आवेदन किया था, जिन में से 63 लोगों के लोन मंजूर किए जा चुके हैं, शेष पर कार्रवाई की जा रही है। श्री खट्टर ने कहा कि सेल्फ हेल्प ग्रुप महिलाओं के लिए स्वरोजगार का एक बेहतर जरिया है। एसएचजी द्वारा बनाये उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर काउंटर की सुविधा प्रदान की जाएगी ताकि एसएचजी सप्ताह में एक या दो दिन आकर अपने उत्पाद बेच सके। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी के चलते ही गत 6 माह में गांव मिर्जापुर के 44 लोगों की घर बैठे पेंशन बन गई है। आयुष्मान योजना का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष में गांव मिर्जापुर के 251 लोगों को इस योजना का लाभ मिला है और सरकार ने इन लोगों के उपचार पर एक करोड़ 10 लाख रुपए की राशि खर्च की है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान छह लोगों की मौके पर ही वृद्धावस्था पेंशन बनवाई और इन सभी को पेंशन कार्ड भेंट किए। उन्होंने मिर्जापुर में आसपास के गांव के सरपंचों की विभिन्न मांगों को भी मंजूर किया। उन्होंने रायपुर गांव में ग्राम सचिवालय, ढाणी रायपुर गांव में बारहवीं तक स्कूल तथा शिकारपुर, मय्यड़, धांसू, न्याणा और खरकड़ी गांवों में सामुदायिक केंद्र और मिर्जापुर गांव में सामुदायिक केंद्र और रजभाये की मांग को पूरा करने की घोषणा की। तलवंडी राणा गांव की मांग को लेकर उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर ग्रामीणों को रास्ता मिल जायेगा।

## हिमाचल में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक की अवैध फैक्टरी का पर्दाफाश, साईं इंडस्ट्री को सील

**शिमला,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। जिले के राजगढ़ में सोलन रोड़ पर अवैध फैक्टरी साईं इंडस्ट्री लगाकर प्रतिबंधित कैरी बैगस का उत्पादन किया जा रहा था। जिले में करीब एक महीने पहले ही फैक्टरी में उत्पादन शुरू किया गया था। दरअसल, राजगढ़ में अचानक ही प्रतिबंधित नॉन वोवन थैलियों की बाढ़ आ गई। इसकी भनक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लगी। बोर्ड की टीम ने फैक्टरी में दबिश दी। इस दौरान खुलासा हुआ कि उद्योग में 80 जीएसएम से कम मोटाई के नॉन वोवन बैग बनाए जा रहे थे। गौरतलब है कि राज्य में 80 जीएसएम से अधिक के नॉन वोवन बैग इस्तेमाल हो सकते हैं। जैसे-जैसे जीएसएम बढ़ता है, वैसे-वैसे प्लास्टिक की मात्रा भी कम होती रहती है। जांच के दौरान ये भी पता चला कि फैक्टरी को उद्योग विभाग से भी पंजीकृत नहीं करवाया गया था। उधर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उद्योग की बिजली एवं पानी के कनेक्शन काटने का अनुमोदन भी किया है। साथ ही राजगढ़ के एसडीएम और डीएसपी को प्लास्टिक के इस्तेमाल को लेकर एडवाइजरी जारी करने का भी आग्रह किया है।

बोर्ड की टीम ने फैक्टरी को सील कर दिया है। साथ ही उत्पादित खेप को भी फैक्टरी में ही रहने दिया गया है, लेकिन इसकी बाकायदा फोटो एवं वीडियोग्राफी की गई है। राजगढ़ नगर पंचायत को भी बाजार में प्लास्टिक के इस्तेमाल को लेकर निगरानी बरतने के आदेश दिए गए हैं।

# प्रादेशिकी

## जिलाधिकारी ने जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर निराश्रित गौ माता का किया पूजन

**फर्रुखाबाद,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारीसंजय कुमार सिंह ने शासन के निर्देशानुसार जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गौ माता का पूजन किया गया जिला अधिकारी संजय कुमार सिंहग्राम बसेली स्थित निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल पर जाकर गो.माता का विधिवत् पूजन किया। इस अवसर पर वहां मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# गोवंश के लिए घरों में पहली रोटी बनाएंगे शहरवासी



- मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गौ-ग्रास सेवा योजना के तहत अभियान शुरू
- पहली रोटी गाय, आटे का चोकर गाय को, चलेगी मुहिम
- गाय को गोद लेकर करना होगा 600-7200 रुपए दान

**लखनऊ/बरेली,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशों के अनुरूप गोवंशों के भरण पोषण के लिए अभिनव कदम उठाया गया है। बरेली शहर से इसकी शुरुआत हो रही है। शहर के हर नागरिकों को उनके भरण पोषण करने की जिम्मेदारी होगी। गौ–ग्रास सेवा योजना के तहत शासन ने नई गाइड लाइन तय कर अभियान चलाया जाएगा। हर घर में बनने वाली पहली रोटी, पहला आटे का चोकर गाय के नाम से निकाला जाएगा। गोवंश को गोद लिया जाएगा। इसके लिए गो प्रेमियों को मासिक और सालाना शुल्क देना होगा। इस पैसे से गुड़, सेंधा, नमक, चोकर, हरा चारा खरीदा जाएगा।

शहरी इलाकों से लेकर देहात क्षेत्र में अब गोवंशों के भरण पोषण, स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार और गौशाला की आय सृजन के लिए गोमय उत्पादों, बायो गैस कम्पोस्ट खाद, गोमूत्र आदि उत्पादन, बिक्री करने की कार्ययोजना बनी है। नगर निगम अधिकारी इस कार्ययोजना के तहत अभियान चलाने और लोगों को जागरूक करने की तयारी शुरू हो गई है। बरेली केपशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी आदित्य तिवारी ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में सड़कों, सार्वजनिक स्थलों निराश्रित, बेसहारा गोवंश के विचरण से निकाय की अवस्थापना सुविधाओं को होने वाले नुकसान और जनसामान्य को होने वाली असुविधा, गोवंशों के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए कान्हा गौशाला का संचालन किया जा रहा है। इन गौशालाओं का संचालन नगर निगम खुद संसाधनों से करता है कुछ शासन से अनुदान धनराशि से जरिए किया जाता है। इसलिए अब शासन ने गोवंश के भरण पोषण में शहर के हर नागरिक के योगदान को शामिल किया है।

गौशालाओं के संचालन का बोझ नगर निकायों पर न पड़े और गोवंश का भरण पोषण में किसी तरह की कोई दिक्कत न आए इसके लिए शहर से लेकर देहात तक गोवंश को गोद लिए जाने के लिए नगर निगम अभियान चलाएगा। इस मुहिम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में अभियान शुरू किया जा रहा है। शासनादेश पर पहली रोटी गाय को और आटे का चोकर गाय को अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के 80 वार्डों में अभियान की रूपरेखा तय होगी। पार्षदों से लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों को इसकी जिम्मेदारी सौपी जाएगी। अभियान के तहत शहरवासियों से रोटी, चोकर को इक्ठ्ठा किया जाएगा।

गौ ग्रास सेवा योजना के तहत गो प्रेमियों को गोवंश को गोद देने का अभियान चलेगा। जो भी गोद लेगा उन्हें मासिक या वार्षिक शुल्क देना होगा। 600 रूपये मासिक और 7200 प्रतिवर्ष का शुल्क निर्धारित किया है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 17 विभागों के लगेंगे स्टॉल

- विभिन्न विभागों के उत्पादों एवं उनकी योजनाओं व नीतियों का प्रचार प्रसार करेगी योगी सरकार
- ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर 2 पर लगेंगे सभी स्टॉल
- 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी उत्तर प्रदेश के पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद अब ग्रेटर नोएडा में पहला इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित करने जा रही योगी सरकार इसके माध्यम से विभिन्न विभागों के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास करेगी। इसके तहत कुल 17 विभागों को आगामी 21 से 25 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्टॉल लगाने की मंजूरी दे दी गई है। ये सभी स्टॉल सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर 2 में लगाए जाएंगे, जहां आने वाले नेशनल और इंटरनेशनल बायर्स के लिए तमाम तरह की पब्लिक एमिनिटीज का भी ख्याल रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए दुनिया भर के 400 से ज्यादा बायर्स ने हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। ये बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी।

इंटरनेशनल ट्रेड शो कुल 2088 स्क्वायर मीटर एरिया में आयोजित किया जा रहा है। इसके ले–आउट प्लान के अनुसार कुल 17 विभागों के स्टॉल को यहां इंस्टाल किया जाएगा। इसमें सबसे बड़ा स्टॉल (300 स्क्वायर मीटर) ओडीओपी और सूचना जनसम्पर्क का होगा।

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जीत का प्रचम लहराया




- एमपीएस मेन विंग की टीम को मिला प्रथम स्थान
- फाइनल में सेंट थॉमस की टीम को पराजित किया

**मेरठ,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल की बास्केटबॉल टीम को प्रतियोगिता के फाईनल मैच में जीत दर्ज की है। जीत के बाद स्कूल के शिक्षक व पबंध समिति के सभी सदस्य गद हैं। उन्होंने स्कूल की टीम को बेहतर प्रदर्शन करने पर बधाईयां दी। विगत 18 व 19 अगस्त को मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी में अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन किया गया था। जिसमें 9 स्कूलों ने प्रतिभागिता की थी।

इस प्रतियोगिता में मेरठ पब्लिक स्कूल की टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और फाइनल में पहुंच कर सेंट थॉमस स्कूल की टीम को पराजित किया। जिसमें मेरठ पब्लिक स्कूल की टीम को प्रथम स्थान मिला। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव गौड़ ने प्रबंधन समिति की ओर से छात्रों की इस जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण प्रकटोत्सव



**मेरठ।** मेरठ पब्लिक स्कूल समूह में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व को धूमधाम से मनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने दही हांडी का मंचन, राधा–कृष्ण नंदराज, यशोदा मैया आदि की वेशभूषा धारण करके मनमोहक नृत्य, कृष्ण भक्ति से ओत–प्रोत कन्हैया जी की जीवंत झांकियां, आकर्षक रंग– बिरंगी मटकियों व बांसुरियों को सजाकर रंगारंग व मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करके वातावरण को कृष्णमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति व समस्त प्रधानाचार्यों ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार हमें प्रेम पूर्वक रहने व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

## सार संक्षेप

### ट्रांसपोर्ट संचालकों के खिलाफ प्रदर्शन

**मेरठ।** बृहस्पतिवार को हाइवे पर बेस्ट प्राईज पर ट्रांसपोर्ट संचालकों के खिलाफपिकअप और ट्रक ऑनर्स ने प्रदर्शन किया। सुबह सुबह ट्रक ऑनर्स कंकरखेड़ा पर बेस्ट प्राइस के बाहर इकट्ध्ठा हुए। मिलकर नारेबाजी विरोध प्रदर्शन किया। पिकअप संचालकों का कहना था कि ट्रांसपोर्ट मालिकों पर 5 लाख रुपयों से ज्यादा की बकाया है। जन्माष्टमी का त्योहार है, लेकिन पैसे न मिलने से हमारा पर्व भी सुना जा रहा है। काफी देर तक वाहन मालिकों ने वहां प्रदर्शन किया। इसके बाद कंकरखेड़ा थाने में तहरीर भी दी है।

### रेलवे कर्मचारी के बंद मकान में लाखों की चोरी

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र जनकपुरी में बंद मकान के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। चोरों ने फ्रिज में रखे सेब खाने के बाद चाय के साथ दावत उड़ाई और मकान में रखी नकदी व लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पड़ोसी द्वारा घटना की जानकारी मिलने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी। निकट के मकान में लगे सीसीटीवी टीवी कैमरों की डीवीआर कब्जे में ले ली।

### मधुमक्खियों के हमले से एक की मौत, 18 घायल

**मेरठ।** परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में मधुमक्खियों ने जनता पर हमला बोल दिया। नाराज मधुमक्खियों का हमला इतना तेज था कि एक महिला की मौत हो गई। वहीं 18 लोग घायल हो गए। घटना पूजा समारोह में प्रसाद वितरण के दौरान हुई। जब प्रसाद वितरण के समय अचानक पेड़ पर बना मधुमक्खियों का छत्ता टच हो गया और मधुमक्खियों ने जनता पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले से जनता में भगदड़ मच गई। भगदड़ में महिला बुरी तरह घायल हुई। जिसे अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं लोगों ने खुद को बचाने के लिए वहीं सड़क पर ही लेट गए।

### जी-20 सम्मेलन के चलते दिल्ली रूट डायवर्जन

**मेरठ।** नई दिल्ली प्रगति मैदान में होने वाले 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। सात सितंबर की शाम सात बजे से 10 सितंबर को सम्मेलन समाप्ति तक रूट डायवर्ट रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार के वाहन दिल्ली की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से होकर आगे जा सकेंगे। एसपी यातायात जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आवश्यक वस्तु सेवा के लिए आवागमन करने वाले वाहनो के लिए छूट रहेगी। दूध, सब्जी, फल, चिकित्सा आपूर्ति के वाहन दिल्ली जा सकेंगे। डायवर्जन व्यवस्था में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। अगर आप मेरठ से दिल्ली बस या ट्रेन से जाते हैं तो रूट डायवर्जन देखकर निकलें। ट्रेन से जा रहे हैं तो रेलवे पूछताछ केंद्र से ट्रेन की पुष्टि करके ही जाएं। नौ और 10 सितंबर को लंबी दूरी की 37, 170 लोकल व मैमू का संचालन रद्द रहेगा। मेरठ से चलने वाली ट्रेनें रद्द रहेंगी।

# युवाओं को ऑटोमोटिव टेक्नीशियन की भी ट्रेनिंग दे रहा परिवहन निगम

- मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट में आटोमोटिव सेक्टर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे यूपी के युवा
- संस्थान द्वारा पहली बार संचालित किया जा रहा है इस तरह का आवासीय कोर्स

**लखनऊ,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। युवाओं को कौशल के माध्यम से रोजगार के योग्य बनाने की अपनी मुहिम के तहत योगी सरकार विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुनिश्चित रोजगार योजना के अर्न्तगत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी), उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के माध्यम से प्रशिक्षण संस्थान कानपुर में ऑटोमोटिव सेक्टर में फोर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन कोर्स संचालित कर रहा है। इसमें 24 युवा आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

इस कोर्स के तहत अभ्यर्थियों के आवासीय प्रशिक्षण के लिए परिवहन निगम के विभिन्न क्षेत्रों से उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार 27 अभ्यर्थियों को रजिस्टर्ड कर लिया गया है, जिसमें से 24 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 01 सितंबर से प्रारम्भ हो चुका है। एक अभ्यर्थी एक्सीडेंट और 2 अन्य पारिवारिक कारणों से कोर्स में सम्मिलित नहीं हो सके। संस्थान द्वारा इस तरह का आवासीय कोर्स पहली बार संचालित किया जा रहा है।

सभी अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान के हास्टल में रहने की व्यवस्था की गई है। इन अभ्यर्थियों को एएसडीसी दिल्ली से प्रशिक्षित एवं टीओटी पास प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक अटेण्डेंस हास्टल में प्रात: 08:00 बजे एवं रात्रि में 8:00 बजे तथा क्लास ट्रेनिंग के समय प्रात: 09:30 बजे एवं सायं 04:00 बजे होगा। सभी अभ्यर्थियों को प्रैक्टिकल एवं थ्यौरी क्लास का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा इन्हें दो सेट यूनीफार्म एवं स्टडी मैटेरियल भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित सेक्टर स्किल काउंसिल से एसेसमेन्ट (परीक्षा) कराया जाएगा। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परिवहन निगम की कार्यशालाओं में सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत पीस मिल वर्क पर रखा जाएगा।

**इन जिलों के प्रशिक्षुओं को मिल रहा प्रशिक्षण**

| क्षेत्र | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|
| आगरा | 13 |
| बरेली | 3 |
| हरदोई | 6 |
| कानपुर | 2 |
| इटावा | 3 |
| कुल | 27 |

## नार्जो 5जी और बड्स लॉन्च की घोषणा

**मेरठ,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। रियलमी ने अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी नार्जो 60 एक्स 5जी और रियलमी बड्स टी300 पेश किए हैं। ये दोनों रियलमी में इनोवेशन की विरासत के अनुरूप यूजर्स को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। 5जी स्पीड के साथ रियलमी नार्जो 60 एक्स 5जी भारतीय युवाओं की मांग और इच्छाओं को पूरा करने और नैक्स्ट–जेन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को मजबूत करने के लिए पेश किया गया है। जबकि रियलमी बड्स टी300 में अत्याधुनिक डिजाइन और शानदार साउंड क्वालिटी के साथ यूजर्स को सबसे शानदार ऑडियो अनुभव मिलता है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, 'रियलमी में हम अपनी सीमाओं का विस्तार करने और यूजर्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपनी 'डेयर टू लीप' की भावना के साथ, हम दो शानदार उत्पाद–रियलमी नार्जो 60एक्स 5जी और रियलमी बड्स टी300 लेकर आये हैं, जो हमारे इस उद्देश्य के अनुरूप हैं।

## इंडिया और भारत जुड़वा बच्चे की तरह : सलमान खुर्शीद



**फर्रुखाबाद,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद का मानना है कि इंडिया और भारत जुड़वा बच्चे की तरह है। यह बात श्री खुर्शीद ने उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के शहर स्थित लालगेट फव्वारा तिराहे से आज गुरुवार करीव 12:45 बजे, राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3.5 हजार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर एकरीब 3 किलोमीटर लंबी, फतेहगढ़ जिला कांग्रेस कार्यालय तक आयोजित पदयात्रा में भाग लेने से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में लोग सदैव भारतवासी कहे जाते हैं इंडिया वासी नहीं कह जाते और ऐसे में हम कभी इंडिया तो कभी भारत का प्रयोग करते हैं, जैसे डिजिटल इंडिया, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आदि कहते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे हिंदी संविधान में भारत शब्द पहले आया तो वहीं अंग्रेजी संविधान में इंडिया शब्द पहले आया। हमारे संविधान में भारत और इंडिया को जोड़कर देखा गयाए जिस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं। देश में हमें भारतवासी कहते हैं जबकि यूनाइटेड नेशन मेंए हमें इंडिया के नाम से जाना जाता हैए ऐसे में इंडिया और भारत जुड़वा बच्चे की तरह हैं। खुर्शीद ने दावा किया कि ऐसे में इंडिया पर डिबेट की कोई गुंजाइश नहीं हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के मजबूत संकल्प के साथ ही एबड़ी संख्या में विपक्षी दलों नेए सभी भेदभाव को भुलाकर नई भावनाओं के लिए इंडिया नाम दिया है।

# रूद्रा में चल रहे राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का समापन



- 1 से 7 सितम्बर तक किया गया आयोजन
- पोषण के बारे में जागरूक करना रहा उद्देश्य
- स्टॉल लगाकर मुख्य पोषक तत्वों के महत्व बताए

**मेरठ,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरूवार को मवाना खुर्द स्थित रूद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ उर्मिला मोरल, उप प्राचार्या डॉ. पूनम नागर, गृह विज्ञान विभाग की डीन निधि शर्मा, डीन ऑफ मैनेजमेंट संजीत सिंह, डीन ऑफ लॉ सोनू यादव, एडमिशन इंचार्ज सुमित काकरान, चीफ प्रॉक्टर राहुल पोसवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। यह कायक्रम प्राचार्या डॉ उर्मिला मोरल के नेतृत्व में 1 सितंबर से शुरू होकर 7 सितंबर तक चला। लोगों और छात्रों को पोषण के बारे में जागरूक करने उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मिलेट्स संबंधित स्टॉल्स लगाए। जिसमे उन्होंने मुख्य पोषक तत्वों के महत्व पर जोर दिया। अंत में सभी छात्राओ को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रोफेसर वर्सिया, ज्योति नागर, पायल काकरान और पायल मेहरा आदि का सहयोग रहा।

# ठेकेदार की दबंगई, विद्युत विभाग को लगाया लाखों का चुना

- विद्युत विभाग की टीम ने प्रदर्शनी में की छापेमारी

**मवाना,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर में शहीदों के नाम पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में मेला ठेकेदार की दबंगई लगातार देखने को मिल रही है। गुरुवार को दिन दहाड़े मेले में लगी सभी दुकानों में चोरी से बिजली चलाई जा रही थी। शिकायत पर बिजली विभाग के जेई मौके पर पहुंचे और बिजली का तार जब्त कर लिया। मेले की शुरूआत से अब तक लाखों की बिजली चोरी की जा चुकी है। अब मेला ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। बता दें कि नगर की वीआईपी रोड स्थित तहसील ग्राउंड में प्रतिवर्ष शहीदों के नाम प्रदर्शनी मेला आयोजित किया जा रहा है। 16 अगस्त से मेला शुरू हुआ था, जो 15 सितंबर तक चलेगा। गुरूवार को बिजली विभाग को शिकायत मिली कि मेले में ठेकेदार द्वारा दुकानदारों को चोरी से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। जेई अमित त्रिपाठी अपने साथ कर्मचारियों को लेकर पहुंचे तो उन्होंने खंभे से केबल डालकर हो रही चोरी को रंगे हाथ पकड़ लिया। उन्होंने ने बिजली चोरी की वीडियो बनाते हुए केबल जब्त कर लिया। जेई ने बताया कि आरोपी ठेकेदार को बख्शा नहीं जाएगा और रिपोर्ट दर्ज कराकर वसूली की कार्रवाई की जाएगी। उधर, बताते चलें कि मेले में बड़ी संख्या में दुकानें व झूले लगे हैं और दिन में सभी दुकानों में बिजली उपयोग की जाती है। कुछ झूले दिन में चलते हैं। इस तरह से मेला ठेकेदार अब तक लाखों की चोरी कर चुका है। इस बाबत पूछे जाने पर पूछे जाने मेले के पंजीकृत ठेकेदार सौरभ शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी की उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने तो जेनरेटर चलाने वाले सूरजपाल को बिजली व्यवस्था करने की जिम्मेदारी लिखित रूप से दी है। एक्सईएन अजित कुमार ने कहा कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मसायब बयान सुनकर सोगवार फूट-फूट कर रोये

**मवाना,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। मजलिस चौहलूमे इमाम हुसैन इमाम बारगाह पंजेतनी



गुरुवार को शाहपुर गढ़ी में हुई, जिसमें मरसिया ख्वानी जनाब फूल मियां जैदी, सरूर इकबाल उर्फ कल्लन ने की और निजामत कम्बर जैदी ने की। मौलाना इब्ने हसन ने मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने बताया कि इमाम हुसैन ने अमनो अमान इंसानियत की बका और दीने इस्लाम को बचाने के लिए यजीद के खिलाफ अपनी औलाद अपने दोस्तों और अपनी अजीम कुर्बानी कर्बला के मैदान में खुदा की राह में पेश की। मौलाना ने शोहदाए कर्बला, असीराने कर्बला के मसायब बयान किया जिन्हें सुनकर सोगवार फूट–फूट कर रोने लगे।

# शिक्षक दिवस व मां आदर्श विजेंद्र का जन्म दिवस मनाया




- शोभित विवि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन
- मां आदर्श विजेंद्र जी के जीवन की यात्रा को प्रस्तुत किया
- राष्ट्रीय कल्चरल फेस्ट के ब्रोशर का लोकार्पण
- शिक्षकों द्वारा भी दी गई विभिन्न प्रस्तुति

**मेरठ,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में 5 सितंबर का दिन बहुत ही खास होता है। इस दिन शिक्षक दिवस एवं मां आदर्श विजेंद्र के जन्मदिन को एक साथ मिलकर बड़े हर्षउल्लास के साथ मनाते हैं। इसी के मद्देनजर विवि के प्रांगण में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा मां आदर्श विजेंद्र जी को पुष्पांजलि भेंट कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात मां आदर्श विजेंद्र जी के जीवन की यात्रा को भजन एवं वीडियो के माध्यम से छात्रों के सामने प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को संदेश देते हुए कहा कि इस आदर्श शिक्षक दिवस पर, जो आपके शिक्षा और हमारे राष्ट्र के प्रति आपके अद्भुत योगदानों को मनाने का दिन है, मैं आपके शिक्षा के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूँ। आपके ज्ञान प्रदान और छात्रों के मार्गदर्शन में आपके प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय हैं। हमें अपनी प्रतिष्ठित विरासत से प्रेरणा लेने का काम करते हुए हमारे छात्रों के लिए ज्ञान और ज्ञान के मार्ग को प्रकाशित करने के लिए उत्सुकता से प्रयास करने की आवश्यकता है। विवि द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय कल्चरल फेस्ट (संगीतम 2023, ऊर्जा का उत्सव) के ब्रोशर का लोकार्पण भी किया गया।

इस अवसर पर सेंटर फॉर साइकोलॉजी एवं हुमन बिहेवियर की निदेशक डॉ पूनम देवदत्त द्वारा विवि द्वारा महिला के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान विवि के कार्यवाहक कुलपति प्रो डॉ जयानंद द्वारा सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों द्वारा गानों पर नृत्य, विवि मे छात्रों के जीवन पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने स्पीच अपने शिक्षकों को समर्पित की। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शिक्षकों के लिए कई एक्टिविटी का आयोजन किया। जिसमें शिक्षकों द्वारा भी प्रस्तुति दी गई। जिसने सभी छात्रों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ दिव्या प्रकाश द्वारा छात्रों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ नेहा वशिष्ठ द्वारा किया गया। अंत में कुलसचिव डॉ गणेश भारद्वाज द्वारा सभी को धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने किया गोवंश पूजन

**मवाना,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। हस्तिनापुर रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला में गुरुवार को नगर पालिका के अध्यक्ष अखिल कौशिक और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने गोवंश पूजन किया और उन्हें गुड़ व चारा खिलाया। पिंजरापोल गौशाला पहुंचे पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने सबसे पहले गोवंशों को फूल मालाएं पहनाई और गंगाजल से उनके मुंह साफ किया।



इसके बाद उन्होंने गौशाला में कई गोवंशों को गुड़ व चारा खिलाया। गौशाला कमेटी के उपसभापति मुकेश गुप्ता से वहां रह रहे गोवंशों के स्वास्थ्य व चारे की व्यवस्था पर चर्चा की। चेयरमैन के साथ अधिशासी अधिकारी राजीव जैन, लिपिक लाखन सिंह, सभासद विश्वजीत सिंह समेत अनेक पालिका कर्मी थे। इससे पहले मवाना ब्लाक के एडीओ, पंचायत सचिव और उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने भी गोवंश का पूजन कर चारा व गुड़ खिलाया। गोवंशों को फूलमालाएं पहनाई। 2 दिन पहले मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने आदेश दिए थे कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी को मेरठ जिले की सभी गौशालाओ में संबंधित अधिकारी गो पूजन करें। मंडल आयुक्त के आदेश के बाद ही गुरुवार को पिंजरापोल गौशाला में गोपूजन किया गया।


देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 8 सितम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## मैं हमेशा अपने काम से पंजाब को गौरवान्वित करना चाहता था : आयुष्मान

मुंबई। बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने कहा मैं पंजाबी हूं, और इस नाते मैं हमेशा अपने काम से पंजाब को गौरवान्वित करना चाहता हूं। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ने कहा कि एक पंजाबी होने के नाते, मैं हमेशा अपने काम से पंजाब को गौरवान्वित करना चाहता हूं और पंजाब के लोगों ने मुझे जो प्यार दिया है, उसके लिए मैं उनका आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा कि मेरी पहली फिल्म से, पंजाब ने मेरा हौसला बढ़ाया, हर मुश्किल वक्त में मेरा साथ दिया। चाहे कुछ भी हो, पंजाब ने हमेशा मेरा समर्थन किया है। मुझे उनसे बिना शर्त प्यार मिला है। 38 वर्षीय अभिनेता का कहना है कि उन्हें अपनी फिल्मों और गीतों के माध्यम से पंजाबी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है।

# भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं कंगना रनौत : ज्योतिका

**मुंबई,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण भारत की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों में से एक ज्योतिका ने कंगना रनौत को भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक बताया है। उन्होंने 'चंद्रमुखी 2' को लेकर कहा कि वह कंगना के काम की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। कंगना ने 'चंद्रमुखी 2' में वही भूमिका दोहराई है, जो मूल फिल्म में ज्योतिका ने निभाई थी। इससे पहले कंगना ने 'चंद्रमुखी' में ज्योतिका के अभिनय की प्रशंसा करते हुए कहा था कि वह अपनी भूमिका की तैयारी के लिए लगभग रोजाना ज्योतिका का प्रतिष्ठित किरदार देखती हैं। दिल छू लेने वाली प्रतिक्रिया में ज्योतिका ने कंगना को चंद्रमुखी की भूमिका निभाते हुए देखकर बेहद गर्व और उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कंगना की उपस्थिति की प्रशंसा की और खुद को कंगना के काम का बहुत बड़ा प्रशंसक बताया।



उन्होंने पोस्ट किया, 'भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक को 'चंद्रमुखी' की भूमिका निभाते देखकर बेहद गर्व महसूस हो रहा है, कंगना आप आकर्षक लग रही हैं। मैं आपके काम की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैं विशेष रूप से इस फिल्म को देखने का इंतजार कर रही हूं। 'चंद्रमुखी 2' एक आगामी तमिल भाषा की कॉमेडी हॉरर फिल्म है। यह फिल्म पी. वासु द्वारा लिखित और निर्देशित है। यह चंद्रमुखी (2005) की अगली कड़ी है। फिल्म में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही राघव लॉरेंस, महिमा नांबियार, लक्ष्मी मेनन, वडिवेलु (अपनी भूमिका को दोहराते हुए), सृष्टि डांगे, राधिका सरथकुमार, वाई जी महेंद्रन, रवि मारिया और अन्य सहायक भूमिकाएं निभा रहे हैं।

## वैज्ञानिकों ने अध्ययन में किया खुलासा

# हर चार मिनट में एक महिला को स्तन कैंसर

**लखनऊ,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत में हर चार मिनट में एक महिला को स्तन कैंसर का पता चलता है, जबकि कैंसर से पीड़ित महिलाओं की औसत आयु उनके पश्चिमी समकक्षों की तुलना में लगभग एक दशक कम है।

- कैंसर से पीड़ित महिलाओं की औसत आयु उनके पश्चिमी समकक्षों की तुलना में एक दशक कम
- ऑन्कोप्लास्टिक स्तन सर्जरी में नई सर्जिकल तकनीकें शामिल

किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग के एचओडी प्रोफेसर आनंद मिश्रा ने ग्लोबोकैन 2020 अध्ययन का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

प्रोफेसर मिश्रा ने कहा कि भारत में स्तन कैंसर की घटनाओं में वृद्धि ने रोगियों के इलाज के लिए योग्य स्तन सर्जनों की आवश्यकता में नाटकीय रूप से वृद्धि की है। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष प्रोफेसर मिश्रा ने कहा कि केजीएमयू ब्रेस्ट अपडेट 2023, शुक्रवार से शुरू होने वाला दो दिवसीय सम्मेलन 'आओ ऑन्कोप्लास्टी करें' थीम के तहत प्रारंभिक स्तन कैंसर निदान और ऑन्कोप्लास्टिक सर्जरी तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. कुल रंजन सिंह ने कहा कि नई प्रौद्योगिकियों ने स्तन कैंसर की शीघ्र पहचान करने के तरीके को बदल दिया है, और उपचार



सर्जरी से स्तन-संरक्षण सर्जरी तक बदल गया है। ऑन्कोप्लास्टिक स्तन सर्जरी में नई सर्जिकल तकनीकें शामिल हैं जो स्तन के आकार और समरूपता को बनाए रखते हुए कैंसर के इलाज को अनुकूलित करने के लिए प्लास्टिक सर्जरी के साथ कैंसर सर्जरी के सिद्धांतों को जोड़ती हैं।एससी त्रिवेदी मेमोरियल ट्रस्ट अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिता शुक्ला ने कहा कि भारत में महिलाएं आमतौर पर बीमारी से संबंधित लक्षणों को नजरअंदाज कर देती हैं। देरी से निदान का एक कारण यह है और दूसरा, वे तब तक इलाज से बचते हैं जब तक कि इससे उन्हें परेशानी न हो।

# इजराइली वैज्ञानिकों ने स्टेम सेल से बिल्कुल इंसानी भ्रूण जैसा मॉडल किया तैयार

- प्रयोगशाला में संवर्धन के बाद 14 दिन तक गर्भ के बाहर मॉडल विकसित करने में कामयाब

**यरुशलम,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। इजरायली वैज्ञानिकों की एक टीम ने स्टेम सेल का उपयोग करके एक संपूर्ण मानव भ्रूण मॉडल बनाया है जो वास्तविक भ्रूण जैसा ही है, लेकिन इसमें शुक्राणु या अंडाणु नहीं हैं। इजराइल के रेहोवोट में वीज़मैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की टीम के अनुसार, मानव जैसा मॉडल शुरुआती महीने के रहस्यों को उजागर करेगा जो वैज्ञानिकों के लिए 'अभी भी काफी हद तक एक ब्लैक बॉक्स' है। प्रोफ़ेसर जैकब हन्ना की अध्यक्षता वाली टीम प्रयोगशाला में संवर्धन के बाद 14 दिन तक गर्भ के बाहर मॉडल विकसित करने में कामयाब रही। पिछले अध्ययनों में मानव स्टेम सेल से प्राप्त सेलुलर समुच्चय को वास्तव में सटीक मानव भ्रूण मॉडल नहीं माना जा सकता था, क्योंकि उनमें प्रत्यारोपण के बाद के भ्रूण के लगभग सभी परिभाषित लक्षणों का अभाव था। नेचर जर्नल में रिपोर्ट किये गये नए सिंथेटिक भ्रूण मॉडल में इस चरण की सभी संरचनाएं और कंपार्टमेंट थे, जिनमें प्लेसेंटा, योक सैक, क्रायोनिक सैक और अन्य बाहरी ऊतक शामिल हैं जो मॉडल की गतिशील और पर्याप्त वृद्धि सुनिश्चित करते हैं।प्रत्येक कम्पार्टमेंट और सहायक संरचना न केवल मौजूद थी, बल्कि सही जगह, आकार और आकृति में भी थी। यहां तक कि गर्भावस्था परीक्षण में उपयोग किए जाने वाले हार्मोन बनाने वाली कोशिकाएं भी सक्रिय थीं। जब वैज्ञानिकों ने इन कोशिकाओं से स्राव को एक आम तौर पर मेडिकल स्टोर में मिलने वाले गर्भावस्था परीक्षण किट पर डाला तो पॉजिटिव रिजल्ट दिखा। हन्ना ने कहा कि मुख्य घटनाएं पहले महीने में होती हैं, गर्भावस्था के शेष आठ महीनों में मुख्य रूप से तेज विकास होता है।



लेकिन वह पहला महीना अभी भी काफी हद तक एक ब्लैक बॉक्स है। हमारा स्टेम सेल-व्युत्पन्न मानव भ्रूण मॉडल इस बॉक्स में झांकने का एक नैतिक और सुलभ तरीका प्रदान करता है। यह एक वास्तविक मानव भ्रूण के विकास का बारीकी से नकल करता है, विशेष रूप से इसके उत्कृष्ट रूप के उद्भव के आर्किटेक्चर का।

प्रारंभिक भ्रूण के बारे में बहुत कम जानकारी है क्योंकि नैतिक और तकनीकी दोनों कारणों से इसका अध्ययन करना बहुत कठिन है, फिर भी इसके प्रारंभिक चरण इसके भविष्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन चरणों के दौरान, कोशिकाओं का समूह जो अपने अस्तित्व के सातवें दिन गर्भ में खुद को प्रत्यारोपित करता है, तीन से चार सप्ताह के भीतर, एक अच्छी तरह से संरचित भ्रूण बन जाता है जिसमें पहले से ही शरीर के सभी अंग शामिल होते हैं। हन्ना ने कहा कि गर्भावस्था की कई विफलताएं पहले कुछ सप्ताहों में होती हैं, अक्सर इससे पहले कि महिला को पता भी चले कि वह गर्भवती है। कई जन्म-दोष भी इसी समय में उत्पन्न होते हैं, भले ही उन्हें बहुत बाद में खोजा जाता है।

# राशिद खान ने निभाई सोलर व लूनर मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। राशिद खान ने इसरो के पहले सोलर मिशन आदित्य-एल 1 लॉन्च में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राशिद जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पूर्व छात्र हैं। फिलहाल वह बतौर वैज्ञानिक इसरो में कार्यरत हैं। वह इसरो के प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स, तमिलनाडु में वैज्ञानिक एसडी के रूप में कार्य कर रहे हैं। राशिद बिहार के एक छोटे से शहर छपरा से ताल्लुक रखते हैं। उनके माता-पिता, नूर आलम खान और नूर आयशा दोनों ही पेशे से शिक्षक हैं। परिजनों के मुताबिक राशिद को इसरो में वैज्ञानिक के रूप में काम करते देखना उनका सपना था जिसे उनके बेटे ने सफलतापूर्वक पूरा किया। जामिया विश्वविद्यालय ने राशिद के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राशिद रॉकेट पीएसएलवी-सी57 के लिए उपयोग किए जाने वाले पीएस2 और पीएस4 चरण के एक्सेप्टेंस टेस्ट में सक्रिय रूप से शामिल थे। जामिया विश्वविद्यालय का कहना है कि उनके पूर्व-छात्र राशिद ने इसरो के चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 में भी अहम भूमिका निभाई है। उनकी जिम्मेदारी 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च के लिए उपयोग किए जाने वाले एलवीएम3-एम 4 रॉकेट के लिए एल 110 चरण (लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम ) और सी 25 चरण (क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम) प्रणोदक टैंकों का एक्सेप्टेंस टेस्ट करना था। उनकी भविष्य की जिम्मेदारियां इसरो के भविष्य के मिशन जैसे मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम आदि के लिए रॉकेट के विभिन्न चरणों को डिजाइन करना भी है। राशिद ने वर्ष 2017 में जामिया से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक पूरा किया। उन्होंने एआईआर-11वीं रैंक हासिल की और 2017 में ही इसरो में वैज्ञानिक के रूप में चयनित हुए। वह मार्च, 2018 से अंतरिक्ष संगठन के साथ काम कर रहे हैं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पूर्व छात्र मोहम्मद अदनान ने भी अंतरिक्ष एजेंसी के ऐतिहासिक मिशन



चंद्रयान-3 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मोहम्मद अदनान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में 2008 से काम कर रहे हैं। अदनान वर्तमान में इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क में वैज्ञानिक 'एफ' के पद पर कार्यरत हैं। अदनान पिछले 15 साल से इसरो से जुड़े हैं और चंद्रयान-2 और मिशन मार्स की टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। बिहार के दरभंगा से ताल्लुक रखने वाले अदनान ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से वर्ष 2007 में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग और वर्ष 2003 में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया था।

# मुझे मेरे बचपन में ले जाता है दही हांडी उत्सव : विक्की कौशल

**मुंबई,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल इस साल दही हांडी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। स्टार जन्माष्टमी समारोह के दौरान अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' का प्रचार कर करेंगे। विक्की मुंबई के सबसे बड़े दही हांडी कार्यक्रमों में से एक में भाग लेंगे और 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' के अपने नवीनतम गीत 'कन्हैया ट्विटर पे आजा' पर हजारों लोगों को नाचने पर मजबूर कर देंगे। अभिनेता ने कहा कि मुंबई में दही हांडी एक उत्सव से कहीं अधिक है। यह सब लोगों की भावना, एकता और अटूट बंधन के बारे में है। मुझे हमेशा लगता था कि 'हांडी' तोड़ने के लिए बनाया गया। लेकिन, यह त्यौहार भारत की भावना को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि इस साल मैं उत्साही बच्चों के साथ इसे मनाऊंगा। यह निश्चित रूप से मुझे मेरे बचपन की यादों में ले जाएगा जब मैं अपने परिवार के साथ स्थानीय दही हांडी उत्सव के लिए जाता था। विजय कृष्ण आचार्य द्वारा निर्देशित पारिवारिक मनोरंजन फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' 22 सितंबर को रिलीज होने के लिए तैयार है।



# जी 20 में आने वाले मेहमानों को महोबा का बना स्मृति चिन्ह दिया जाएगा

**महोबा,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में होने जा रहे जी -20 शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से आने वाले राष्ट्राध्यक्षों को

- महोबा जिले के कुलपहाड़ के मेटल आर्टिस्ट मनमोहन सोनी ने किया तैयार

स्मृति चिंह के रूप में जो पीतल की कमलाकृतियां 'कमलम' भेंट की जाएंगी, उन्हें बुंदेलखंड के महोबा जिले के कुलपहाड़ के मेटल आर्टिस्ट मनमोहन सोनी ने तैयार किया है। उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम ने मनमोहन की बनाई 'कमलम' को 8 माह पूर्व चयनित कर लिया था। मनमोहन को यूपीएचएमडीसी ने 50 कमलकृतियों को तैयार करने का आर्डर दिया था ताकि जी 20 शिखर सम्मेलन शुरु होने के पहले कलाकृतियों 'कमलम' को समय



से दिल्ली भेजा सके। वर्ष 1998 में राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार, 1997 में नेशनल मेरिट अवार्ड व 2012 में नेशनल अवार्ड जीतने वाले मनमोहन सोनी पीतल की कलाकृतियां गढ़ने के उस्ताद हैं। मनमोहन 2012 में अपनी कलाकृतियों की मॉस्को में प्रदर्शनी लगा चुके हैं। देश के सभी प्रमुख शहरों ए महानगरों व हस्तशिल्प मेलों में अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित कर चुके मनमोहन सोनी की बनाई कमलकृति 'कमलम' को उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने 2016 में महोबा में आयोजित परिवर्तन रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट में दी थी। तब पीएम मोदी ने इसे बेहद पसंद किया था। कारीगर मनमोहन सोनी द्वारा तैयार की गई पीतल की कमलकृति 'कमलम' पांच इंच की है। इसमें 8 बड़ी व 8 छोटी पंखुडियों समेत 16 पंखुड़ियां हैं। इस 'कमलम' को यदि आप खोलते हैं तो सभी पंखुड़ियां खिली हुई अवस्था में नजर आती हैं। इसे बंद करने पर सभी पंखुड़ी अंदर बंद हो जाती हैं एवं कमल की केवल कली नजर आती है। मनमोहन सोनी को 50 सेट कमलकृति तैयार करने में एक माह का समय लगा है।

मनमोहन सोनी का पूरा परिवार पीतल की नयनाभिराम कलाकृतियां गढ़ने के लिए जाना जाता है। मनमोहन के बड़े भाई कल्याणदास भी नेशनल अवार्ड जीत चुके हैं। उनके छोटे भाई आजाद व शिवकुमार भी स्टेट अवार्ड जीत चुके हैं। और तो और मनमोहन के काम में घर की महिलाएं भी जरूरत पड़ने पर सहयोग करती हैं। मनमोहन की कमलकृति को दुनिया भर के दिग्गज राष्ट्राध्यक्षों को स्मृतिचिन्ह के रूप में भेंट किया जाना कुलपहाड़ व बुंदेलखंड के लिए लिए गौरव की बात है।

# एओआई ने 79 वर्षीय महिला को एग्रेसिव टी-सेल लिंफोमा-दुर्लभ बीमारी से बचाया

- अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट एओआई गुरुग्राम की उपलब्धि
- मरीज को बुखार, गर्दन व बगल में दर्दनाक गांठों की थी समस्या

**गुरुग्राम,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (एओआई) गुरुग्राम ने महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल शहर की रहने वाली 79 वर्षीय महिला की सफलतापूर्वक जान बचाई है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि में टी-सेल लिंफोमा के एक एडवांस्ड मामले का सफल उपचार शामिल है, जो नॉन-हॉजकिन के लिंफोमा का एक विशेष रूप से एग्रेसिव रूप है। एउओआई की यह उपलब्धि शानदार और गहन रिसर्च और पर्सनलाइज्ड मरीज-केंद्रित मेडिकल केयर के प्रति एओआई की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

मरीज को पिछले तीन महीनों से लगातार बुखार और गर्दन और बगल में दर्दनाक गांठों की समस्या पेश आ रही थी। हर बीतते दिन के साथ उसकी हालत खराब होती गई और आखिर में उन्होंने एओआई गुरुग्राम में मेडिकल मदद मांगी। काफी गहराई से जांच के बाद, जिसमें लिम्फ नोड बायोप्सी और पीईटी स्कैन शामिल था, मरीज को एक एडवांस्ड स्टेज (बियोंड स्टेज 3) में टी-सेल लिंफोमा की पहचान की गई। एओआई, गुरुग्राम में डॉ. (ब्रिगेडियर)



